श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 122, पृष्ठ 20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य 19

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है सोनम 20

दरबार हॉल नहीं, अब गणतंत्र मंडप

नई दिल्ली, एजेंसी

बदला नाम

- राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अब कहलाएगा अशोक मंडप

राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित दरबार हॉल और अशोक हॉल के नाम गुरुवार को बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिए गए। पिछले साल राष्ट्रपति भवन परिसर में प्रसिद्ध मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया गया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास राष्ट्रपति भवन, राष्ट्र का प्रतीक और देश की एक अमूल्य धरोहर है। लोगों के लिए इसे और अधिक सुलभ बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दरबार हॉल राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और कार्यक्रम के आयोजन का स्थान है। बयान में कहा गया कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार की प्रासंगिकता खत्म गई। गणतंत्र मंडप आयोजन स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। अशोक शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो सभी कष्टों से मुक्त है। भारत गणराज्य का एक राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ है। जिसके अनुसार अशोक हॉल का नाम बदलकर अशोक मंडप रखा गया है। इस हॉल का उपयोग दूसरे देशों के प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने के स्थल के रूप में किया जाता है।

सरकार के लिए दरबार नहीं, शहंशाह का सिद्धांत

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदले जाने के बाद केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार के लिए दरबार का नहीं, बल्कि शहंशाह का सिद्धांत है। दोनों हॉलों के नाम बदले जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि सरकार के पास दरबार का नहीं, शहंशाह का सिद्धांत है।

सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा

- अगस्त में 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा
- 60,244 सिपाहियों की भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने से फरवरी में हुई थी स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन अगस्त माह की 23, 24, 25, 30 व 31 तारीख को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि परीक्षा फरवरी माह में निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश दिया गया था कि यह परीक्षा छह महीने के अंदर पुनः आयोजित होगी। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं यथा, परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश शासन द्वारा 19 जून को जारी किए गए हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।



परीक्षा संबंधी अपराध में उम्रकैद व एक करोड़ का जुर्माना :

प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उप्र सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 पहली जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना अथवा कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना अथवा षड्यंत्र करना आदि अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाए जाने पर उम्रकैद अथवा एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परिवहन विभाग निशुल्क बस सेवा की सुविधा देगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां रखनी होगी। एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा और दूसरी प्रति परीक्षा उपरांत अपने जनपद तक की यात्रा के लिए कंडक्टर को देना है।

एक नजर

अब्बास की बेल पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत (बेल) याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया। अंसारी की पत्नी चित्रकूट जिला जेल में बंद अपने पति अंसारी से मुलाकात के लिए जाती थी। मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के एक मई के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

गूगल मैप्स ने भारत में कई नई सुविधाएं पेश कीं

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने गूगल मैप्स पर कई नई सुविधाएं की पेशकश की है। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सूचना, फ्लाईओवर कॉलआउट और चार-पहिया वाहन चालकों के लिए संकरी सड़क के उपयोग को कम करने के लिए एआई-संचालित रूटिंग क्षमता शामिल है। गूगल मैप्स ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जबकि उसे घरेलू कंपनी ओला मैप्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गूगल मैप्स ने गुरुवार को नई विशेषताओं की घोषणा करते हुए कहा कि यह मैपिंग के लिए एक रोमांचक समय है।

सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

बजट पर चर्चा हंगामे के चलते दो बार स्थगित हुई लोकसभा की कार्यवाही ▸ कांग्रेस सांसद चन्नी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच चले शब्द बाण ▸ किसानों को एमएसपी की गारंटी के बयान पर बिफरे केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में गुरुवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। सबसे पहले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बीच तीखी नोकझोंक हुई, बाद में सत्तापक्ष एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच कहासुनी देखने को मिली।

सदन में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान जालंधर से कांग्रेस के सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ये देश के हवाई अड्डे समेत सबकुछ बेच रहे हैं। चन्नी ने कहा कि आप (सरकार) देश की संपत्तियों के संरक्षक हैं, मालिक नहीं हैं। इन्हें बेचने की और देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए आरोप लगाया कि इनमें (सत्तापक्ष) और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ रंग का फर्क है। पहले ये सत्ता में काबिज हुए और फिर सत्ता के रास्ते ये देश के उद्योगों पर अपने लोगों का कब्जा करा रहे हैं। इस पर रेल राज्य मंत्री और पूर्व कांग्रेस सदस्य बिट्टू ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में चन्नी ने उनका नाम लेते हुए कहा कि आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन वह उस दिन मरे, जिस दिन आपने कांग्रेस को छोड़ा। इस पर पीठासीन सभापति संध्या राय ने कांग्रेस सदस्य से व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करने को कहा। बिट्टू ने कहा कि इन्होंने (चन्नी ने) मेरा नाम लिया। मेरे दादा सरदार बेअंत सिंह ने कुर्बानी देश के लिए दी थी, कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि चन्नी गरीबी की बात कर रहे हैं, लेकिन सारे पंजाब में अगर ये सबसे अमीर और सबसे भ्रष्ट आदमी नहीं हुए तो मैं अपना नाम बदल दूंगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक होने लगी। हंगामे के कारण कार्यवाही दोपहर 1:25 बजे दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा आरंभ हुई तो रक्षा मंत्री और सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों तरफ के सदस्यों के भाषणों को देखा जाए और जो भी असंसदीय है उसे कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद चन्नी ने अपना अधूरा भाषण आगे बढ़ाया और कहा कि सरकार ने किसानों को (एमएसपी की) कानूनी गारंटी देने का लिखित वादा किया था। इस पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य अपनी बात प्रमाणित करें या माफी मांगें। सदन में एक बार फिर से नोकझोंक शुरू हो गई। बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य को अपनी बात प्रमाणित करनी होगी। चन्नी के बाद जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य सुनील तटकरे ने बोलना शुरू किया तो तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने बैठने के स्थान को लेकर कुछ आपत्ति जताई। इसके बाद फिर दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदन की कार्यवाही दो बजकर करीब 25 मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

रवनीत सिंह बिट्टू — चरण जीत सिंह चन्नी

मर्यादा रखें, आसन को चुनौती नहीं दें : बिरला

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में सदस्यों से कहा कि वे सदन की मर्यादा रखें तथा आसन को चुनौती नहीं दें। बुधवार को गंगोपाध्याय के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गोडसे को लेकर टिप्पणी की जिस पर गंगोपाध्याय ने आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष कर रहा राजनीति

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद में केंद्रीय बजट पर बहस के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर बोलने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देना शुरू कर दिया। रीजीजू ने कहा कि जिस तरह से कुछ विपक्षी नेताओं ने अपने भाषण दिए, वह सदन का अपमान करने और बजट सत्र की गरिमा को कम करने जैसा है।

जौहर विवि में शत्रु संपत्ति पर गृह मंत्रालय ने लिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नौ अप्रैल को दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई
- 13.8 हेक्टेयर रकबे पर चारों ओर खंभे लगे, कराई तारबंदी

अमृत विचार : पूर्व मंत्री आजम खां के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में लखनऊ से आई टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में ले लिया। गुरुवार को शत्रु संपत्ति को चिन्हित कर खंभे लगवाने के बाद तारबंदी करवा दी गई। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। जौहर विवि में करीब 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। नौ अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय की टीम ने शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है।

सपा सरकार में मंत्री रहे आजम खां ने 2006 में तहसील सदर स्थित आलियागंज में जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना का काम शुरू किया था, लेकिन सपा सरकार के बाद भाजपा की सरकार ने आजम खां की घेराबंदी शुरू कर दी थी। निर्माण के दौरान जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति को भी मिला लिया था। यह संपत्ति करीब 13.8 हेक्टेयर है। इसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा जांच कराने पर मामला सही पाया गया था। तभी से इसकी जांच चल रही है। कुछ दिनों पहले लखनऊ से आई टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ जमीन को चिह्नित करके खंभे लगवाकर तारबंदी करा दी थी। हालांकि बाद में आजम खां के अधिवक्ताओं ने इस जमीन पर कुछ समय के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया था। इसके बाद खंभे हटा दिए गए थे। स्टे का समय पूरा होने के बाद गुरुवार को फिर गृह मंत्रालय से आए शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक प्रशांत सैनी, नायब तहसीलदार गौरव विश्वनोई राजस्व टीम के साथ जौहर विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने शत्रु संपत्ति को चिह्नित करने के बाद खंभे लगवाए और तारबंदी कराई।

सीयूईटी-यूजी की अंतिम कुंजी जारी, नतीजे जल्द

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने 7 जुलाई को सीईयूटी-यूजी की वैकल्पिक कुंजी जारी की थी जबकि करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई। एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ाई

- सिसोदिया और के कविता की हिरासत भी बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 8 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई। केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में आप के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स वसूलने का कानूनी अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने दिया निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है और संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपये के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी।

अनपरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा

लखनऊ। भारी उमस के बीच प्रदेश में बिजली उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को अनपरा की दो इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे बिजली संकट गहरा गया, जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादतर इलाके बिजली संकट की चपेट में रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार दोपहर में अनपरा की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। अपरान्ह करीब तीन बजे 210 मेगावाट क्षमता की दूसरी इकाई भी ठप हो गई। सूत्रों का कहना है कि सिंगरौली की दो सौ मेगावाट की इकाई 20 जुलाई से बंद चल रही है। सूत्रों का कहना है कि गर्मी व उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। बिजली आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सारिणी के तहत गांवों में छह घंटे, नगर पंचायतों-तहसील मुख्यालयों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती जारी रही। इस दौरान लोग परेशान रहे।

आगरा व मेरठ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करें सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र का प्रस्ताव इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजा पत्र

केंद्र ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजे) को पत्र लिखकर कुछ मामलों की मेरठ और आगरा से वीडियो कांफ्रेंस के जरिये सुनवाई करने का प्रस्ताव भेजा है तथा उसे उम्मीद है कि कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।

कानून एवं विधि राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पीठ मेरठ और आगरा में स्थापित हो, यह विषय लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 'ई-कोर्ट प्रोजेक्ट-तृतीय' के माध्यम से ऐसा प्रयास कर रही है। मेघवाल ने कहा कि हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ सुनवाई मेरठ और आगरा से की जा सकती है। जवाब अभी आया नहीं है। सकारात्मक उत्तर आने की संभावना है। मेघवाल ने हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने के प्रश्न पर कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव अभी सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

बारिश और भूस्खलन से बदरीनाथ, केदारनाथ व गंगोत्री हाईवे बंद

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जारी बारिश व भूस्खलन के चलते चमोली व रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ, केदारनाथ हाईवे समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। उत्तरकाशी में भटवाड़ी-गंगनानी के बीच बोल्डर गिरने से गंगोत्री हाईवे बंद हो गया है। चमोली जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ हाईवे पर फाटा के निकट डोलिया देवी में मलबा आने से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। केदारघाटी में लगातार बारिश से केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है।

पानी से भरे ड्रम में डूबकर तीन साल के बच्चे की मौत

संवाददाता, संभल/असमोली

- घर के आंगन में खेलते समय हादसे का शिकार हुआ प्रतीक

अमृत विचार: घर के आंगन में खेलते समय तीन वर्षीय बच्चे की पानी से भरे ड्रम में डूबने से मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया। बच्चा काफी देर तक ड्रम के पानी में पड़ा रहा। पिता ने बेटे को ड्रम में डूबा देखा तो चीख निकल गई।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत निवासी जितेंद्र का तीन वर्षीय बेटा प्रतीक कुमार गुरुवार की सुबह 11 बजे घर के आंगन में खेल रहा था। पास में ही बच्चे की मां रुमा घर का काम कर रही थी। खेलते समय बच्चा पानी से भरे प्लास्टिक के ड्रम में गिर गया। मां ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, वह काम में लगी रही। काफी देर बाद जितेंद्र घर लौटा तो उसे बेटा दिखाई नहीं दिया जिस पर उसने पत्नी रुमा से पूछा तब उसे बच्चे का होश आया। सभी बच्चे को खोजने लगे। आसपास देखने के बाद जितेंद्र अचानक ड्रम के पास पहुंचा तो देखा कि बेटा प्रतीक पानी में डूबा हुआ था। आनन-फानन जितेंद्र ने बच्चे को ड्रम से निकाला और पास के डॉक्टर के यहां ले गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने बच्चे को रेफर कर दिया। परिजन बच्चे को लेकर संभल के निजी अस्पताल गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उत्तराखंड आने वाले पर्यटक वाहनों में लगाने होंगे डस्टबिन

राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखने को फैसला

ब्यूरो, देहरादून

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी

- पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों को पालन कराने के निर्देश
- उत्तराखंड परिवहन विभाग ने उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के परिवहन आयुक्तों को लिखा पत्र

अमृत विचार : उत्तराखंड की प्राकृतिक स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटक वाहनों में अब डस्टबिन/कचरा बैग रखना अनिवार्य होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसियों व टैक्सी चालकों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। पर्यटकों से भी वाहन में कचरा बैग रखने की अपील की है।

मुख्य सचिव ने इस संबंध में नियमित रूप से चेकिंग एव चालान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नही फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन / कचरा बैग लगाना अनिवार्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रिप कार्ड जारी करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रत्येक वाहन में डस्टबिन/कचरा बैग हो। आमजन को व्यापक स्तर पर इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंसी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखंड वासियों के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है।

कठुआ आतंकी हमला: आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर हुए आतंकी हमले में संलिप्तता के लिए आतंकवादियों के दो कथित मददगारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के दूरस्थ मछेड़ी इलाके में आतंकवादियों द्वारा 8 जुलाई को घात लगाकर किए गए हमले में एक जूनियर कमीशन अधिकारी सहित सेना के पांच जवान शहीद हुए थे और पांच अन्य लोग घायल हुए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिलावर के कलना धानू परोल के रहने वाले लायाकत अली उर्फ पावू और मल्हार के बौली मोहल्ला के मूल राज उर्फ जेनजू के रूप में हुई है। मल्हार थाने में अली और राज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा और इग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

छत्तीसगढ़ में 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में पांच नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

Resonance Moradabad
MORADABAD STUDY CENTRE
Enroll now
For JEE/NEET preparation
सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आओ झुककर सलाम करें उनको
जिनके हिस्से मे ये मुकाम आता है,
खुशनसीब हैं वो जिनका
खून देश के काम आता है
On The Way to Kargil
PRADEEP VARSHNEY
DIRECTOR MORADABAD STUDY CENTER
CALL US TO KNOW MORE
9634290001
S Pride Tower, Wave Green, Opp. Wave Mall, Ramganga Vihar, Moradabad, U.P. 244001

सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. मन्जेश राठी
MD, DM (Neuro)
Fellow Child Neurology (CDC)
Senior Consultant in Neurology
Neurophysiology & Sleep Medicine
दिमाग, रीढ़, मांस पेशियां एवं नसों के रोगों के विशेषज्ञ
डी.एम.आर. हॉस्पिटल एंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
निकट पी.एम.एस. स्कूल, पीलीकोठी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद
फोन पर नम्बर लगाने के लिए सम्पर्क करें:-
0591-2411334, 9760304534, 7520435375, 9068814535
E-mail: drmanjeshrathi@gmail.com Website: www.dmrhospitals.com

अमर जवान
सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
VA
COLLECTION
SANDLIPUR
A Complete Mens Wear
Mr. vaibhav chaudhary
Mob. 9410611061
Add:- Basti Road, Sherua Choraha, Agwanpur

सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
अर्चना शर्मा
पूर्व पार्षद व पूर्व कार्यकारणी
उपाध्यक्ष नगर निगम
अमर जवान
डॉ हर्ष वर्धन शर्मा
क्षेत्रीय सह-संयोजक भाजपा
सोशल मीडिया विभाग (प.उ.प्र.)

सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
KARGIL VIJAY DIWAS
फाजिल मलिक
नि0 प्रदेश सचिव छात्रसभा
मो0- 8445150712,
9719713888

सभी क्षेत्रवासियों को
कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
मनोज चौधरी
मो. 9412246596
जिलाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद
अमर जवान
हिमाचल सिंह तेवतिया
जिला उपाध्यक्ष रालोद मुरादाबाद

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact:
7500223290
7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

32.0°	28.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:32	सूर्यास्त 07:10

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ.अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कार्डियोलाजिस्ट, कॉसमास हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रात: 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॉर्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कोठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी
एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

एक नजर

चक बेगमपुर गांव में देव प्रतिमाओं को किया खंडित

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम चक बेगमपुर में चामुंडा देवी मंदिर है। गुरुवार को इस स्थान पर असामाजिक तत्वों ने देव प्रतिमाओं को खंडित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही ठाकुरद्वारा सीओ भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस शरारती तत्वों की जांच में जुटी है।

पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ हत्यारोपी दोषी

कोर्ट सभी दोषियों को आज सुना सकती है आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददात, मुरादाबाद

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौ साल पहले हुए पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में कोर्ट ने महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ हत्यारोपियों को दोषी ठहराया है। दोषियों को सजा के प्रश्न पर अदालत में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

थाना कटघर क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी पुष्पेंद्र यादव महिला कल्याण विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर थे। हत्या से लगभग एक साल पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी। वह विभाग के दो बाबुओं चुन्नीलाल और मुकुट लाल कई कारनामों को जान गया था। पुष्पेंद्र आरटीआई डालकर इन दोनों बाबुओं को परेशान कर रहा था। क्योंकि विभाग में हुए लगभग 20 करोड़ रुपये के गबन के बारे में उसे ठोस जानकारियां मिल गई थीं। इसी राज के खुलने के डर से दोनों बाबुओं ने तीन लाख रुपये की सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या करा दी थी। वारदात को दो शॉर्प शूटरों ने अंजाम दिया था। बताया गया कि पुष्पेंद्र हत्या के वक्त सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। घटना के दिन जब पुष्पेंद्र कोचिंग से निकला तो काली पल्सर से शूटर शहजाद ने उसका पीछा किया। फिरासत बाइक चला रहा था। जबकि शहजाद व शादाब बाइक पर पीछे बैठे थे। फव्वारा चौराहा पार करने के बाद बिजलीघर के सामने मौका पाते ही शहजाद व शादाब ने फायर कर दिया। गोली लगने से पुष्पेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

कोर्ट से बाहर आते पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड के दोषी। • अमृत विचार

इस वारदात को शूटर्स ने फव्वारा चौक और रेलवे स्टेशन के बीच व्यस्त रहने वाले इलाके में दिनदहाड़े अंजाम दिया था। बाद में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था।

वहीं समाज कल्याण विभाग के बाबू चुन्नी लाल को पकड़ने में पुलिस को एक महीने का वक्त लगा था। इससे पहले उसकी गिरफ्तारी पर तत्कालीन एसएसपी नितिन तिवारी ने पांच हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया था।

- वर्ष 2015 में आरोपियों ने तीन लाख की सुपारी देकर शूटरों से कराई थी हत्या

पुलिस पूछताछ में चुन्नी लाल ने बताया था कि उसने विभाग के साथी बाबू मुकुटलाल के साथ मिलकर पुष्पेंद्र की हत्या की साजिश रची थी। दोनों ने तीन लाख रुपये की सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या कराई थी। पुष्पेंद्र के पिता आनंदपाल ने महिला कल्याण विभाग के बाबू चुन्नीलाल और मुकुट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजीसी मनीष भटनागर ने बताया कि सुनवाई पूरी करने के बाद एडीजे तीन सरोज कुमार यादव की अदालत ने आरोपियों चुन्नीलाल, मुकुटलाल उर्फ मुकुट सिंह, शादाब उर्फ शहजाद उर्फ भूरा, जौहर अली, फिरासत, शहजाद, जलील उर्फ खलील, सलमान और आसिफ को पुष्पेंद्र की हत्या का दोषी करार दिया है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।

सऊदी अरब में नौकरी के नाम पर ठगे 1.90 लाख

मुरादाबाद, अमृत विचार: नागफनी थाना क्षेत्र के ठग ने कटघर के युवक से सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के सिंहमन हजारी निवासी मोहम्मद मोहसिन ने थाना नागफनी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बेरोजगार है। कुछ दिन पहले उसकी मुलाकात नागफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला डहरिया निवासी सलमान से हुई थी। सलमान ने उसे सऊदी अरब में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इस बीच आरोपी ने उसे विश्वास में लेकर उससे एक लाख 90 हजार रुपये ले लिए और उसे 21 जनवरी से 11 अप्रैल 2024 तक का वीजा व टिकट दिखाकर जल्द ही सऊदी भेजने का आश्वासन दिया। बाद में पीड़ित ने जानकारी की तो सलमान द्वारा दिया गया वीजा व टिकट नकली निकला। जिसके बाद पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसने लिखकर दिया कि वह कुछ दिन बाद उसे सऊदी अरब भेज देगा। लेकिन, उसने बाद में भी नहीं भेजा। जिस पर पीड़ित ने उससे अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने देने से इनकार कर दिया।

अमरोहा के युवक ने नशीला दूध पिलाकर किया नाबालिग से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमरोहा के युवक ने नाबालिग को दूध में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना कटघर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि 22 जुलाई को उसकी नाबालिग बहन घर में अकेली थी। इस दौरान अमरोहा के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव वशी मुस्तकम निवासी 40 वर्षीय अफसर अली उनके घर में घुस आया। उसका उनके घर में अक्सर आना जाना रहता था।

आरोपी ने उसकी बहन को घर में अकेला देखकर डरा धमकाकर अपने कब्जे में ले लिया। पीड़िता के भाई का आरोप है कि आरोपी ने उसकी बहन को जान से मारने की धमकी देकर उसे नशीला पदार्थ मिलाकर दूध पिला दिया। दूध पीने के बाद उसकी बहन बेहोश हो गई। जिसके बाद आरोपी ने

- सीओ कटघर के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

बेहोशी का लाभ उठाकर उसकी बहन से दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में उसकी बहन को छोड़कर आरोपी फरार हो गया। होश में आने पर बहन को दुष्कर्म होने का एहसास हुआ। उसने परिजनों को पूरी बात बताई। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इसके बाद वह परिजनों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी कटघर से मिली। सीओ कटघर के आदेश पर पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने, गाली-गलौज करने आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रभारी निरीक्षक कटघर संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अफसर अली के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने, पाक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अफसरी अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

खुद को पुलिस बताकर घर में घुसे हमलावर, हलवाई को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी

अमृत विचार: जनपद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते बुधवार की देर रात खुद को पुलिस बताकर घर में घुसे पांच हमलावरों ने एक युवक को गोली मार दी। हमलावरों ने युवक पर दो फायर किए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना कुंदरकी क्षेत्र के वार्ड नंबर चार निवासी उवैस हलवाई का काम करता है। उवैस ने बताया कि बुधवार रात वह अपने घर में सोया था। देर रात लगभग एक बजे दरवाजे पर किसी ने आवाज दी और गेट खोलने को कहा। पूछा तो उन्होंने अपने आपको पुलिस वाला बताया। उवैस ने बताया कि उसने जैसे ही गेट खोला तो पांच युवक घर में घुस आए। जिसमें दो ने बारी-बारी से उस पर गोली चला दी। एक गोली उसके हाथ में लगी है जबकि दूसरी गोली उसके कान के पास से गुजर गई।

जिला अस्पताल में भर्ती घायल उवैस।

> पुलिस टीम को बुधवार रात एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम से जांच कराई। उवैस नाम के युवक को गोली लगी है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।
> – **संदीप मीणा**, एसपी देहात

हमला करने वाले कुंदरकी के ही रहने वाले हैं। उनसे उसके परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। उवैस ने बताया कि हमलावरों ने कुछ दिन पहले उसके भाई जुबैर और सुहैल पर भी हमला किया था।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला के परिवार को पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेड़छाड़ का विरोध करने पर सटोरिये ने साथियों के साथ मिलकर महिला व उसके परिवार के साथ मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयाल नगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बूढ़ी सास, ससुर व देवर के साथ रहती है, जबकि उसका पति प्राइवेट नौकरी करता है। महिला ने बताया कि कालोनी में रहने वाला लकी अरोड़ा सट्टे का काम करता है। महिला का आरोप है कि 19 जुलाई की रात लकी अरोड़ा, राजीव अरोड़ा, विनय अरोड़ा व इनके दो साथी उसके घर में जबरदस्ती घुस और छेड़छाड़ करने लगे। महिला के पति, देवर व सास ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस बीच महिला के देवर ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। सैकड़ों शिक्षकों ने मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और सरकार की शिक्षकों के प्रति उपेक्षात्मक नीतियों का विरोध किया।

वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. सुनीत गिरी ने कहा कि 2005 से पूर्व जारी विज्ञापन के आधार पर 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया गया है। तदर्थ शिक्षक जो 2016 में भी अधिनियमित व्यवस्था के अंतर्गत विनियमित किए गए थे और उनकी नियुक्ति 2000 से पहले की है तथा वर्ष 1999, 2000, 2001 तथा 2002 के विज्ञापन के आधार पर विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई थी। उन्हें भी इसी के साथ समायोजित करके पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। शिक्षक महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को एकजुट रहकर ही आंदोलन करने से

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के धरने को संबोधित करते वक्ता।

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना

अपनी मांगों को सरकार से मनवाने में सफलता मिलेगी। आज शिक्षक और कर्मचारियों के सामने सबसे बड़ी समस्या मिल रही सुविधाओं को बचाकर रखने की है। पुरानी पेंशन तथा चिकित्सा सुविधा जैसी मांगें सरकार को स्वीकार कर लेनी चाहिए। जिला मंत्री और जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से डीआईओएस और वित्त एवं लेखाधिकारी के समक्ष समस्याओं को रखा। इस पर उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव कुमार पाठक और संचालन जिला मंत्री पुष्पेश मिश्रा ने किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के धरने को शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने भी समर्थन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 23 सूत्रीय मांग पत्र डीआईओएस के माध्यम से भेजा। धरने में सलिल मोहन, अनिल चौहान, डॉ. राखी रस्तोगी, पवन तिवारी, कुलदीप यादव, राजीव कुमार, जितेंद्र सिंह, डॉ. मधुबाला त्यागी, डॉ. वंदना सक्सेना, राजीव शर्मा, डॉ. रईस अहमद, विमलेश, अफजाल अली, शशि आर्य, हेमलता, अनिल कुमार, गजेंद्र यादव, पूनम त्यागी, राकेश वर्मा, मयंक त्यागी, डॉ. सुरेंद्र वर्मा, पूनम भटनागर शामिल रहे। उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

समारोह | कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भाजयुमो की ओर से निकाला गया मशाल जुलूस

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला और महानगर द्वारा कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद विशाल मशाल जुलूस निकाला गया।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्य धवल दीक्षित ने जिले के लोगों का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीदों को नमन कर शहीद स्मारक पर दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजयुमो

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकालते भाजयुमो कार्यकर्ता।

जिलाध्यक्ष अरुण पंडित ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे ने कारगिल विजय दिवस में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

देश की सरहद पर खड़े वीर जवानों को नमन किया। कार्यक्रम में आए समस्त युवाओं का कार्यक्रम सफल बनाने हेतु आभार जताया गया। इसके बाद गांधी मूर्ति निकट कंपनी बाग से होकर महानगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों से होते हुए मशाल जुलूस का वापस इसी जगह समापन हुआ। इस दौरान सुमित शर्मा, रविंद्र नाथ, कत्याल पंकज शर्मा, नीरज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, पूनम चौहान, भारत भूषण आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार के सदस्यों के अलावा जिला महामंत्री राजन विश्नोई, महानगर महामंत्री भाजपा श्याम बिहारी शर्मा, भाजयुमो महामंत्री अर्पित चौहान, अमित गुड्डू सैनी, अभिषेक राठौर, उपाध्यक्ष दीक्षांत चौधरी, लक्की चौधरी, मीडिया प्रभारी युद्धवीर सिंह, अर्चित गुप्ता, अभिषेक ठाकुर, सुभाष अग्रवाल, आशुतोष सिंह, उदित शर्मा, गौरव द्रविड़, सिद्धांत भारती, सुमित दिवाकर, अमन ठाकुर, उज्जवल सैनी, कशिश चौहान सहित युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को लोगों ने पकड़ लिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी हसनैन अली पुत्र अब्दुल कादिर व ताहिर पुत्र शकूर बाइक से ही उत्तराखंड स्थित काशीपुर में गुरुवार की सुबह मजदूरी करने जा रहे थे। ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को आसपास के लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुकान किराये पर न देने पर दबंगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में दुकान किराये पर न देने पर दबंगों ने दुकान मालिक के साथ मारपीट की। अब दबंग उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार चिड़िया टोला निवासी गौरव शर्मा ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शंकर नगर में उसकी एक दुकान है। जिस पर मोहल्ले के दबंग रोजाना शराब पीकर हंगामा करते हैं और कहते हैं कि यह दुकान हमें किराये पर चाहिए। पीड़ित ने उनसे कई बार मना कर दिया। आरोप है कि 19 जुलाई को पीड़ित रात को खाना खाने के बाद टहलने निकला था। रास्ते में उसे शिवम ठाकुर, आकाश

- दबंग दुकान मालिक को दे रहे थे जान से मारने की धमकी, पीड़ित ने एसएसपी से लगाई गुहार

मिश्रा, मोनू सैनी, शंकर शर्मा ने अपने साथियों के साथ उसे रोक लिया और कहा कि दुकान की चाबी लाकर दे। जिस पर गौरव ने मना कर दिया। जिससे गुस्साए सभी आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसे मारना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने तमंचे की बट उसके सिर में मार दी, जिससे वह बेहोश हो गया। सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का भाई उसे चौकी ले गया, जहां से थाने भेज दिया। जिसके बाद पुलिस ने जिला अस्पताल में उपचार कराया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद एक आरोपी शंकर पीड़ित के घर आया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी।

डिवाइडर से टकरा कर पलटी बस, चार घायल

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात रोडवेज की बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में चार यात्री घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बुधवार रात गढ़मुक्तेश्वर डिपो की रोडवेज बस बरेली से दिल्ली जा रही थी। जिसमें 40 यात्री सवार थे। बस कटघर क्षेत्र में गुलाबबाड़ी चुंगी के पास पीतल बस्ती पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में चार यात्री घायल हो गए। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि घायलों में पीलीभीत के बिलसंडा निवासी शाहिद अली (30), बरेली के लिछोला लियाकतउल्लाह निवासी इरशाद (32), अफरोज अहमद (34), और शाहिद अंसारी (35) हैं। घायलों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

उत्तर प्रदेश सम्भागीय परिवहन विभाग (मुरादाबाद मंडल)

कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं शहीदो को नमन

राजेश सिंह
आर.टी.ओ. मुरादाबाद मंडल

आन्जनेय कुमार सिंह
ए.आर.टी.ओ. (प्रशासन) मुरादाबाद

ट्रैफिक सिगनल का सदैव पालन करें। | ओवर स्पीड से वाहन न चलायें। | शराब पीकर वाहन न चलायें। | वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। | दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठायें।

सड़क सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश:-

1. दो पहिया वाहन चलाते समय हेलगेट का प्रयोग करें।
2. चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करें।
3. शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलायें।
4. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहे।
3. लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें।
6. गलत दिशा में वाहन न चलायें।

शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेलें
वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।

पंचायत राज विभाग, मुरादाबाद

कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुमित यादव
मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद

वाचस्पति झा
जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद

हमारा उद्देश्य सरकार द्वारा आवंटित किए गए बजट का उपयोग करके ग्रामीण विकास को सुनिश्चित करना

नरेश चौहान
वरिष्ठ लेखाकार

सुशील कुमार
ग्राम पंचायत सचिव

दिल से निकलेगी न मर कर भी वतन की उल्फत
मेरी मिट्टी से भी खुशबू-ए-वफा आएगी।

पंचायत राज विभाग, मुरादाबाद

कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुमित यादव
मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद

वाचस्पति झा
जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद

नरेश चौहान
वरिष्ठ लेखाकार

सूरज नायक
ग्राम पंचायत सचिव

भारत के माटी की शान, है तुम्हें नमन
कारगिल के वीर जवानों, है तुम्हें नमन

कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कारगिल विजय दिवस

PEDIATRIC SURGEON & PEDIATRIC UROLOGIST

बच्चों के सर्जन

DR. RAGHU
CHILD CARE CENTRE

सम्पूर्ण बाल रोग सर्जरी अस्पताल

OPD: 9 AM to 1 PM & 6 PM to 8 PM

डा0 रघु प्रकाश

सुविधायें:-
- आई.सी.यू. (NICU & PICU)
- वेंटीलेटर
- ऑपरेशन थिएटर

M.B.B.S, M.S., M.CH.(Pediatric Surgery), FMAS, FIAGES
PEDIATRIC SURGEON & PEDIATRIC UROLOGIST

डी/ए-1 इलेविन आर्किड, निकट सर्किट हाउस, दिल्ली रोड, मुरादाबाद, मो.-8171487883

मोतियाबिंद (CATARACT) सर्जरी का आधुनिक अस्पताल

कारगिल विजय दिवस

KARGIL VIJAY DIWAS

डॉ० पल्लव अग्रवाल
M.B.B.S., M.S.
वरिष्ठ फेको सर्जन
नेत्र रोग विशेषज्ञ

अपोलो लेजर नेत्र चिकित्सालय
आवास विकास, पीली कोठी के पास, काँठ रोड, मुरादाबाद।
सम्पर्क : 0591-2426889, 94122 36889

शहर में आज

☞ अंतर्राष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान अयोध्या की ओर से रामायण बाल रंग उत्सव व चित्रकला प्रतियोगिता आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में सुबह 10 .00 बजे से।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस का चार्टर प्रजेंटेशन एंड इंस्टालेशन सेरेमनी रामगंगा विहार स्थित मोती महल में शाम 8 :00 बजे।

☞ आरआरके स्कूल में सोशल साइंस प्रदर्शनी दोपहर 12 :00 बजे।

एक नजर

मथुरा में ज्ञानेंद्र गांधी को सम्मानित करते योगगुरु स्वामी रामदेव व अन्य।

ज्ञानेंद्र गांधी को मिला शूरवीर कर्मयोगी सम्मान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता और आर्य समाज उत्तर प्रदेश के पूर्व वरिष्ठ उप प्रधान ज्ञानेंद्र कुमार गांधी को मथुरा में शूरवीर कर्म योगी सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान आचार्य प्रेम भिक्षु की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव और गुरुकुल वृंदावन के प्राचार्य स्वामी स्वदेश द्वारा दिया गया। गांधी के सम्मानित होने पर मुरादाबाद के आर्य समाजियों द्वारा उनको बधाई दी गई।

कांवड़ियों को वितरित की खाद्य सामग्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : बड़ी सोच फाउंडेशन ने कांवड़ियों की सेवा का नया तरीका निकाला है। संस्था ने ऑटो में खाद्य एवं पेय पदार्थ रखे और दिल्ली रोड पर पहुंच गए। जहां कांवड़ के बेड़ों के पीछे दौड़ कर उन्हें रोका और उन्हें खाद्य सामग्री के साथ-साथ पानी की बोतल, शीतल पेय व फल आदि वितरित किए। फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि अभी जाते समय वाहन कम ही रुकते हैं। इसीलिए ऑटो के माध्यम से कांवड़ियों को खाद्य एवं पेय सामग्री वितरित की। व्यवस्था में मयूर, शुभम, शुभम रस्तोगी, निधि सिंह, मुस्कान यादव आदि शामिल रहे।

एकता द्वार से कांठ रोड तक पहुंची प्रवर्तन दल की टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर की सड़क पर अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रवर्तन दल की टीम एकता द्वार से पीलीकोठी होते हुए जिलाधिकारी आवास तक पहुंची। लेकिन, टीम को सड़क किनारे रेहड़ी पटरी वाले नहीं मिले। इस पर टीम लौट आई।

गुरुवार को प्रवर्तन दल के सदस्य एकता द्वार से लेकर पीलीकोठी, महिला थाना, अटल पथ और कांठ रोड पर जिलाधिकारी आवास तक पहुंचे। रास्ते में कहीं भी पटरी दुकानदार नहीं दिखे। इसके बाद टीम वापस लौट आई। वहीं इसी क्रम में नगर निगम के निर्माण अनुभाग द्वारा बुद्धि विहार में पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने और पीतल नगरी में पैच मरम्मत का कार्य और जाहिद नगर करूला में मड पम्प लगाकर जल निकासी कराई गई। नगर निगम की कार्यदायी संस्था आईईसी टीम द्वारा वार्ड 45 के मौलाना आजाद मुस्लिम गर्ल्स कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। प्रधानाचार्या रहमत बी, कालेज के प्रबंधक इदरीस हुसैन आदि की उपस्थिति में नाटक के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देकर बचाव के उपाय बताए। टीम के सदस्यों ने कहा कि नुक्कड़ नाटक में मिली जानकारी को अपने दैनिक जीवन में उतार कर महानगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग करें।

पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत कराई

जलकल अनुभाग की टीम ने जन शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर 1, 2, 3, 5, 17, 18, 23, 24, 30, 34, 37 में पाइप लाइन की लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड नंबर 17, 31, 67 में सीवर की सफाई हुई। वार्ड 37 में पानी की न आने की शिकायत भी टीम ने दूर कराई।

नगर निगम की कार्रवाई से पंजाबी समाज में रोष

मुरादाबाद, अमृत विचार: पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश की बैठक गुरुवार को लाजपत नगर में हुई। जिसमें वक्ताओं ने नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने पर रोष जताया।

बैठक की अध्यक्षता राजीव गुंबर एडवोकेट, संचालन राहुल गगनेजा ने किया। महानगर अध्यक्ष राजीव गुंबर ने कहा कि नगर निगम द्वारा कटघर थाने के पास 50 साल से चल रहे ट्रांसपोर्ट नगर के 150 दुकानदारों को बिना नोटिस दिए अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ दिया गया। इससे सैकड़ों लोगों के सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। निगम प्रशासन को दुकानदारों को तुरंत दुकानें आवंटित करनी चाहिए, अन्यथा पंजाबी समाज सड़कों पर उतरेगा। बैठक में कमल चड्ढा, नीटा धमीजा, हरीश भसीन, कमल गुलाटी, सतीश रहेजा, राहुल सेठी, काले पहलवान, पारस सचदेवा, राकेश बदला, जितेंद्र कोहली, राजू बठला, विक्की अरोरा, निवेश गुंबर, सुरेंदर डब्बू, गौरव आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट सिटी के तहत करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी हो रही बिजली कटौती

मध्य रात्रि बाधित हुई आपूर्ति, गर्मी से बिलबिलाए लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत विद्युत व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी हालात पहले जैसे ही हैं। अधिकांश मोहल्लों में बिजली कटौती हो रही है। जिस वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को मध्य रात्रि तंबाकू वालान, तहसील स्कूल समेत अन्य कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे लोग उमस भरी गर्मी में बिलबिला गए।

बुधवार शाम करीब 6 बजे जनपद में झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लेकिन, बिजली आपूर्ति ने लोगों को खूब सताया। बारिश के दौरान अधिकांश मोहल्लों की बिजली गायब हो गई। बुधवार रात 12 बजे के करीब भी हल्की बारिश हुई। इस दौरान तंबाकू वालान मोहल्ले में रात 12 से 2 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं तहसील स्कूल, मंडी चौक, कोहना मुगलपुरा में भी कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। तंबाकू वालान निवासी मोहम्मद बिलाल ने बताया कि यहां रात में अक्सर बिजली आपूर्ति रोजाना एक-दो घंटों के लिए गायब रहती है। कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं समीर ने बताया कि शाम को बारिश के दौरान भी बिजली गायब रही। रात में करीब 12 बजे बिजली गुल गई। इसके बाद 2 तक बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई। इस दौरान जेई को फोन भी किया। लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हुआ। यहां के फैजान का कहना कि स्मार्ट सिटी के तहत करोड़ों खर्च करने के बाद भी आपूर्ति में कोई सुधार नहीं है। जबकि विभाग की ओर से 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है।

रामगंगा विहार में खुले में रखा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

● बुधवार देर रात तहसील स्कूल, मंडी चौक, कोहना मुगलपुरा में भी कई घंटे गुल रही बिजली

तंबाकू वालान में मंगलवार रात बारिश की वजह से बिजली गायब हो गई है। लेकिन, बुधवार को क्षेत्र में कोई बिजली कटौती नहीं हुई है। पूरी रात बिजली आपूर्ति की गई। हमारा लक्ष्य क्षेत्र में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना है। जिसे अच्छे से निभाया जा रहा है।

-गुड्डू कुमार, अवर अभियंता

कांवड़ यात्रा में गड्ढे बने अवरोध, नहीं हुई मरम्मत

कांठ रोड से होकर हरिद्वार गंगाजल लेने जाते हैं कांवड़िये, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्रावण महीने में चल रही कांवड़ यात्रा के बावजूद इस मार्ग पर सड़कों के गड्ढे अभी पूरी तरह नहीं भरे गए। इससे कांवड़ियों को असुविधा हो रही है। हालांकि इसके लिए 2 जुलाई को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पीएसी से लेकर छजलैट तक कांवड़ पथ की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया था। लेकिन, अभी भी कई जगह सड़क टूटी है और सड़क की गिट्टी शिवभक्तों के नंगे पैरों में चुभ रही है।

पीलीकोठी से हरथला कांठ होते हुए महानगर और आसपास के जिलों के कांवड़िये श्रावण में सोमवार को भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए गंगाजल लेने हरिद्वार जाते हैं। ऐसे में कांठ रोड प्रमुख है। पूरे साल इस मार्ग के जर्जर और टूटे होने से राहगीरों को परेशानी हुई।

लेकिन, कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ छजलैट तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया था। उन्होंने कई जगह सड़क पर गड्ढे देखकर नाराजगी जताई थी। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले इसे दुरूस्त करने के लिए कहा था। वहीं मुख्यमंत्री ने भी अधिकारियों को 22 जुलाई से पहले कांवड़ मार्ग को गड्ढामुक्त करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके कांठ मार्ग पर महानगर के हिस्से में ही कई जगह सड़क टूटी है। सड़क के गड्ढों से हिचकोले खाते हुए वाहनों के साथ शिवभक्त भी कांवड़ और गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार जा रहे हैं।

शुक्रवार से रविवार तक कांवड़ियों की संख्या इस मार्ग पर और बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति तब है जब 22 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो चुका है और एक सोमवार भी बीत गया है। लेकिन, लोक निर्माण विभाग की लचर कार्यशैली और लापरवाही के चलते कांवड़ियों के नंगे पैरों में टूटी सड़कों की गिट्टी शूल बनकर चुभ रही हैं। वहीं उनके वाहन भी इसमें हिचकोले खाते हुए जा रहे हैं। शनिवार-रविवार को इनकी संख्या बढ़ने पर परेशानी और बढ़नी तय है।

लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता विशाल आजाद का कहना है कि कांवड़ मार्ग को गड्ढामुक्त किया जा रहा है। बारिश के चलते कई जगह मरम्मत की गई सड़क पर दोबारा गड्ढे बन जा रहे हैं। जिसे बारिश रुकने पर फिर मरम्मत कराया जा रहा है। सड़क को शत प्रतिशत गड्ढामुक्त कराने में जुटे हैं। इससे संबंधित काम चल रहा है। देर रात तक मजूदरों के माध्यम से कार्य चल रहा है।

किला तिराहा से लेकर हरथला तक कांठ रोड की टूटी सड़क पर चलते वाहन।

कांठ रोड पर कुछ ऐसी है सड़क की हालत। ● अमृत विचार

● जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही कांवड़ पथ दुरूस्त करने का दिया था निर्देश

हरिद्वार व बृजघाट रवाना होने वाले कांवड़ियों की संख्या बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेने जाने वाले कांवड़ियों की संख्या बढ़ रही है। कांवड़िये भगवा रंग के झंडे और डीजे की धुन पर गंगाजल लेने जा रहे हैं। सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त गंगाजल लेकर आएंगे।

29 जुलाई को सावन माह का दूसरा सोमवार है। इसके लिए बरेली, रामपुर, मिलक समेत अन्य शहरों के कांवडिये भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेने जा रहे हैं। महानगर के कांवड़िये भी हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं। हरिद्वार के लिए कांठ रोड और बृजघाट के लिए दिल्ली रोड से कांवड़िये गुजर रहे हैं। इस दौरान दिल्ली रोड और गुलाबबाड़ी में सड़क किनारे केसरिया झंडे कांवड़ यात्रा का आकर्षण बढ़ा रहे हैं। वहीं डीजे पर भोले बाबा के भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया है। महानगर के हरथला निवासी मनोज ने बताया कि वह हर साल बाबा भोलेनाथ की कांवड़ लेने जाते हैं। इस बार रविवार को बाइक से जाएंगे। वहीं रोहित ने बताया कि वह संभल के रहने वाले हैं। वह हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए जा रहे हैं।

बाइकों से हरिद्वार गंगाजल लेने जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में मौजूद महापौर विनोद अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

छात्रों को दी सरकार के कर्तव्य की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी में स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत युवा संसद लोकतंत्र का मजबूत आधार स्तंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सरकार के कर्तव्य, उत्तरदायित्व व कार्य प्रणाली से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने की। उप प्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल ने युवा संसद के विद्यालय में आयोजन के उद्देश्य की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं संसद की कार्यवाही के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। महापौर ने कार्यक्रम और बच्चों के अनुशासन की प्रशंसा की और छात्र- छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रशासक डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ.बबीता अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल एवं उप प्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल ने महापौर का स्वागत किया। प्रवक्ता प्रेरणा भटनागर ने सभी का आभार जताया।

मुखबिरी के शक में युवक पर ताना तमंचा, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सटोरिये ने मुखबिरी के शक में युवक पर तमंचा तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कटघर क्षेत्र के करूला कर्बला गली चार निवासी साबिर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके मोहल्ले में इरशाद नाम का युवक सट्टा चलाता है। साबिर का आरोप है कि बीते बुधवार को वह घर से कहीं जा रहा था, तभी रास्ते में उसे इरशाद ने रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए उस पर तमंचा तान दिया। इरशाद ने कहा कि तुम मुखबिरी करते हो इसलिए तुम्हें जान से मार दूंगा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इरशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बजट में सभी वर्गों का रखा ख्याल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्वदेशी जागरण मंच की ओर से गुरुवार को एमडीए स्थित टैली एकेडमी में बजट पर चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने केंद्रीय बजट को विकासोन्मुखी बताया। बोले- बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ है।

कार्यक्रम का आरंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। प्रदीप शर्मा ने स्वदेशी गीत की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि बजट संतुलित है। भारत के विकास का खाका खींचता है। सभी के लिए बजट में कुछ न कुछ है। सरकार द्वारा विदेशी कंपनियों पर कॉरपोरेट टैक्स 40 प्रतिशत से घटकर 35 प्रतिशत करना समझ में नहीं आता, यह स्वदेशी कंपनियों के लिए नुकसानदेह साबित होगा। युवाओं के लिए इंटर्नशिप स्कीम उम्मीद जगाती है। निश्चित ही इससे युवाओं को इससे फायदा होगा। मुख्य वक्ता टैली इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सीए अभिनव अग्रवाल ने कर प्रणाली पर विचार रखते हुए कहा कि भारत में 140 करोड़ में से मात्र 8 करोड लोग ही इनकम टैक्स देते हैं। जिसमें से एक करोड़ से अधिक इनकम बताने वाले मात्र 97 हजार हैं। प्रांत संयोजक कपिल नारंग ने कहा की बजट में कृषि को 1.52 लाख करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं, जो पिछले वर्ष से 21 प्रतिशत अधिक है। प्रांत सह संपर्क प्रमुख डॉ. एके अग्रवाल ने वेतन भोगियों के लिए बजट को निराशाजनक बताया। विपिन गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बजट में आवंटन को संतोषजनक बताया। कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा और संयोजन महानगर महिला प्रमुख मीनू अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश अग्रवाल, सीए आदित्य आदि मौजूद रहे।

बजट चर्चा में मौजूद स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

नसबंदी के मामलों में लापरवाही न बरतें

मुरादाबाद, अमृत विचार : इन दिनों जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर कार्यक्रम चल रहे हैं। इस मामले में सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक से लेकर आशा कार्यकर्ताओं तक को चेताया है कि जनसंख्या स्थिरीकरण के कार्यक्रमों में किसी भी तरह की लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी-पीएचसी क्षेत्र में सास-बेटा-बहू सम्मेलन हो रहे हैं। इसलिए इसमें लोगों की सहभागिता हो। सीएमओ ने बताया कि वह हर रोज जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा कर रहे हैं। इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित को चेतावनी जारी की जा रही है लेकिन, यदि उनके कार्य में सुधार नहीं आया तो वह अगली कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि 4200 के लक्ष्य के सापेक्ष 3,811 महिलाओं की नसबंदी कराई गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | कर्मियों के मानदेय के लिए जिला स्वास्थ्य समिति को मिले 9 .21 करोड़ रुपये

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के डाटा में अंतर, भुगतान में होगी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की संख्या में काफी अंतर है। इसका असर कर्मचारियों के मानदेय भुगतान पर पड़ सकता है।

मिशन निदेशक ने 303 आरोग्य मंदिरों में तैनात कर्मचारियों का मानदेय उपलब्ध कराया है, जबकि जिले में संचालित आरोग्य मंदिरों की संख्या जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (डीसीपीएम) चंद्रशेखर 309 बता रहे हैं। इसमें 255 आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उप केंद्र पर, 26 पीएचसी पर और 26 अर्बन पीएचसी पर संचालित हो रहे हैं। डाटा में अंतर होने से सभी 309 आरोग्य मंदिरों में तैनात कर्मचारियों को मानदेय देने में जिला स्वास्थ्य समिति को दिक्कत आएगी। लेकिन, डीसीपीएम का कहना है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मचारियों को पूरे महीने का मानदेय नहीं दिया जाता है, बल्कि जितने दिन वह काम करेंगे उसी दर से उन्हें मानदेय भुगतान होता है। वहीं दूसरी तरफ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तैनात कर्मचारियों के मानदेय के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक ने कुल 9.21 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप केंद्र स्तर पर कुल 303 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। इन आरोग्य मंदिर के लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन और स्टाफ नर्स हैं। जिले में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर पर 272 और पीएचसी स्तर पर 31 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की व्यवस्था है। जहां केवल 3 एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर, 255 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, 20 लैब टेक्नीशियन, 24 स्टाफ नर्स तैनात हैं। इन सभी के मानदेय के लिए 9,21,59,348 रुपये आवंटित कर दिए गए हैं। इसमें लैब टेक्नीशियन के मानदेय के लिए 42,84,450 रुपये रुपये, स्टॉफ नर्स के लिए 68,73,402 रुपये, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के लिए 7,74,01,496 रुपये और एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर के लिए 36 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। इस मामले में स्वास्थ्य मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष और सीएमओ को 11 जुलाई को निर्देश भी जारी किए हैं।

आरोग्य मंदिरों में मिलती हैं ये सुविधाएं

डीसीपीएम चंद्रशेखर ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर गर्भावस्था एवं शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल स्वास्थ्य एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएं एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, संचारी रोगों का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और ओपीडी आदि सेवाएं दी जा रही हैं। दरअसल, जन समुदाय को गुणवत्ता पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में व्यवस्थित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनके संचालन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर स्टॉफ रखा गया है। इसमें स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन और उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं।

38 अर्बन हेल्थ सेंटरों पर भी संचालित होंगे

डीसीपीएम ने बताया कि 38 अर्बन हेल्थ सेंटरों पर भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित करने का लक्ष्य मिला है। लेकिन, इस पर तैनात होने वाले स्टॉफ के लिए मानदेय आवंटित होना बाकी है। जब यह भी आरोग्य मंदिर संचालित होने लगेंगे तो जिले में कुल आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या 347 हो जाएगी।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नूजल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	मूल आवंटी/पट्टाधारक/ स्वामी का नाम	भूखण्ड/ भवन / फ्लैट संख्या	योजना का नाम	मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम	उत्तराधिकारी के पूर्व में अनापत्तिकर्ताओं का नाम	मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	श्रीमती कलावती पत्नी श्री मुरारी लाल, निवासी-मौहल्ला सराय काजी, जाटव वाली बस्ती, मुरादाबाद।	बसेरा भवन सं० 188	हिमगिरी योजना	मृत्यु 12.02.2015	श्री नन्द किशोर भारती पुत्र स्व० मुरारी लाल, निवासी-मौहल्ला सराय काजी, जाटव वाली बस्ती, मुरादाबाद।	–	पुत्र
2.	श्री अनन्त कीर्ति जैन पुत्र श्री बाबूराम जैन निवासी-पटपट सराय, मुरादाबाद।	भवन सं० एम०आई०जी० ए-137	रामगंगा विहार प्रथम योजना (सोनकपुर आवासीय योजना)	रजिस्टर्ड वसीयत 22.04.1994	श्री सर्वोदय कुमार जैन पुत्र श्री अनन्त कीर्ति जैन, निवासी-एम०आई०जी० ए-137, रामगंगा विहार प्रथम, कांठ रोड, मुरादाबाद।	–	पुत्र

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनो के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज करा लिया जायेंगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी सम्पत्ति

एक नजर

विवाहिता की गला रेतकर हत्या में सास-ससुर गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना पुलिस ने विवाहिता की गला रेतकर हत्या करने के मामले में सास-ससुर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में वारदात के बाद से फरार पति समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मूंढापांडे निवासी रेशम रानी पुत्री नौबत राम की शादी 28 जून 2020 को मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ही गांव मनकरा मिलक निवासी नरेशपाल सिंह पुत्र हरपाल से हुई थी। वह पति और दो बच्चों के साथ कटघर के सूरजनगर फल मंडी पीतल बस्ती में किराये के मकान में रह रही थी। 13 जुलाई को तड़के लगभग चार बजे पति नरेशपाल ने धारदार हथियार से गला रेत कर रेशम की हत्या कर दी थी। इस मामले में रेशम के भाई जगपाल सिंह की तहरीर पर आरोपी पति नरेशपाल सिंह, उसके पिता हरपाल सिंह, मां शकुंतला, ननद नीतू, बबली व पूनम और दो बहनोई समेत आठ लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने रेशम के ससुर हरपाल सिंह और सास शकुंतला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं स्थानीय खिलाड़ी पायल सिंह, सोनिया सिंह, कुनाल, अंश व यश तोमर

ओलंपिक में खेलने का सपना संजोकर पसीना बहा रहे एथलीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ओलंपिक में पदक जीतने का सपना हर एथलीट का होता है। अभिनव बिंद्रा ने शूटिंग और नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खिलाड़ियों के सपनों को पंख लगा दिए हैं। उनके स्वर्ण पदक जीतने से स्थानीय खिलाड़ी भी प्रभावित हैं। पेरिस ओलंपिक का आगाज हो चुका है। विभिन्न स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों से पदक की कामना स्थानीय खिलाड़ी भी कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी ओलंपिक में खेलने और पदक जीतने का सपना संजोकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में पसीना बहा रहे हैं। स्थानीय खिलाड़ी पायल सिंह, सोनिया सिंह, अंश, कुनाल, यश तोमर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।

मंडलीय हैंडबाल टीम की कप्तान हैं पायल

महानगर की पायल सिंह कई प्रतियोगिताओं में मंडलीय टीम का नेतृत्व कर चुकी हैं। पायल सिंह

जैसलमेर में 2016-17 में सब जूनियर गर्ल्स नेशनल, 2017-18 में गाजियाबाद में जूनियर गर्ल्स नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी हैं। साथ ही पंजाब में फेडरेशन कप 2018 में कांस्य पदक, बनारस जौनपुर में 2019-20 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में स्वर्ण और जूनियर नेशनल 2021-22 कानपुर में कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। इंडिया टीम के लिए वह नियमित अभ्यास कर रही हैं।

लंबी उड़ान को तैयार महानगर की सोनिया

महानगर निवासी सोनिया लॉंग जम्प की खिलाड़ी हैं। उनका जन्म अमरोहा जिले के धनौरा में

2 जुलाई 2004 को हुआ था। लेकिन, कुछ समय बाद पिता परिवार के साथ महानगर के नवीन नगर में आ गए। पिता मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाते हैं। लेकिन, सोनिया ने अपने खेल से उन्हें कई बार गौरवान्वित किया है। सोनिया ने 2023 यूपी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उनका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 5 .92 मीटर की छलांग लगाकर एशियन गेम्स में प्रतिभाग करना है।

सीनियर को देख अंश दूर कर रहे कमियां

जनपद के धावक अंश अपने शुरुआती कॅरिअर में ही छा गए हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी

को मुरीद बना लिया है। अंश ने 2022 में दौड़ शुरू की और कम समय में वह राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। बनारस में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंश ने चौथा स्थान हासिल किया। वह बुलंदशहर में वर्ष 2023 में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण, 100 मीटर में रजत और 400 मीटर में कांस्य पदक जीत चुके हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय एथलीट्स को देखकर अपनी कमियों को भी सुधार रहे हैं।

17 वर्ष की आयु में ही छा गए यश तोमर

जनपद के युवा धावक यश तोमर छोटी आयु में बड़ा कमाल कर रहे हैं। उनकी आयु अभी 17 साल है।

लेकिन, उनका प्रदर्शन कमाल का है। उन्होंने कर्नाटक में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंच कर सभी को हैरान कर दिया था। वह राज्य स्तर पर गोरखपुर में रजत पदक और वाराणसी में तीसरा स्थान प्राप्त कर चुके हैं। वह सोनकपुर स्टेडियम में अभ्यास करने वाले अच्छे एथलीटों में से हैं। यश कहते हैं कि वह देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाना चाहते हैं।

कमाल कर चुकी है भाइयों की जोड़ी

वैसे तो भाइयों की मशहूर जोड़ियां क्रिकेट में देखने को मिलती है। लेकिन, जनपद के दो

भाइयों की जोड़ी दौड़ में कमाल कर रही है। कुनाल चौधरी और अभय चौधरी दोनों भाइयों की जोड़ी शानदार प्रदर्शन कर रही है। अभय राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। वहीं कुनाल भी राज्य स्तर पर खेल रहे हैं। वह अभी तक इटावा और लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल चुके हैं। कुनाल ने बताया कि उन्होंने अपने भाई को देखकर दौड़ना शुरू किया था। उनके भाई ही उनके पहले गुरु हैं।

बिना सहमति के न हो जमीन का अधिग्रहण

12 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने विकास भवन में किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में गुरुवार को किसानों ने विकास भवन पर धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। किसानों ने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गांवों की जमीन अधिग्रहण को लेकर कड़ा विरोध जताया। सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी सदर और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर भी मौके पर पहुंचे। यूनियन के नेताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

भाकियू के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि एमडीए द्वारा 171 गांवों की जमीन अधिग्रहण करने की सूची जारी की गई है। बिना किसानों की सहमति के किसी भी गांव की जमीन अधिग्रहीत न की जाए, किसानों का गन्ना मूल्य का भुगतान शीघ्र किया जाए, गांव की टूटी सड़कों की मरम्मत की जाए, विकास कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को बंद किया जाए, छुट्टा पशुओं से होने वाली समस्याओं का समाधान किया जाए। ज्ञानपुर गांव की समस्या दूर कराने, वाहन चेकिंग के दौरान किसानों को परेशान न करने, किसानों के निजी नलकूप पर किसी प्रकार की कोई शर्त न लगाने सहित 12 मांगों को पूरा करने की मांग की गई। इस दौरान दीपक चौधरी, शुभम राठी, अजयपाल सिंह, यशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विकास भवन में धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं से बात करते अधिकारी। ● अमृत विचार

सीडीओ से की कार्रवाई की मांग

किसानों ने धरने के दौरान सीडीओ सुमित यादव को भी ज्ञापन दिया गया। जिसमें बिलारी ब्लॉक प्रमुख के पति के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के मामले में कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही बिलारी विकास खंड में फर्जी आईडी बनाने के मामले में कार्रवाई करने व विकास खंड में आईडी की स्वीकृति पर रोक लगाने आदि की मांग की गई।

गृह शिक्षक बनाने के नाम पर एक हजार लोगों से 50 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● एसएसपी के आदेश पर मूंढापांडे थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : केंद्र सरकार की योजना के तहत गृह शिक्षक बनवाने का झांसा देकर एक संस्था ने एक हजार लोगों से पंजीकरण के नाम पर 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। मूंढापांडे थाना पुलिस ने संस्था के लिए काम करने वाले दो कर्मचारियों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना कटघर क्षेत्र के गांव भैंसिया निवासी प्रदीप श्रीवास्तव व साधना ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग छह माह पूर्व आदित्य यादव, अजय कुमार, संतोष राजपूत, रिजवान और राजवीर उनसे अलग-अलग मिले थे। सभी ने खुद को मुनि वेलफेयर सर्विसेस का सदस्य बताया और कहा कि उनकी संस्था गांव-गांव में गृह शिक्षक बना रही है। संस्था का कार्यालय दलपतपुर में संचालित है। इच्छुक गृह शिक्षक से पंजीकरण के लिए चार हजार रुपये जमा कराए गए। बदले में 800 रुपये हर माह संस्थान द्वारा दिए जाने की बात कही गई। पीड़ितों के अनुसार आरोपियों के झांसे में आकर उन लोगों ने बीते छह माह तक संस्थान के लिए काम किया और गृह शिक्षक के पंजीकरण की वेबसाइट पर पंजीकरण कराके लगभग एक हजार से अधिक लोगों से 50 लाख रुपये तक जमा करा दिए। आरोप है कि रकम जमा कराने के बाद संस्थान के लोग दलपतपुर में वाजिद हाजी मार्केट में खोले गए कार्यालय में ताला लगाकर भाग गए। आरोप लगाया कि दुकान मालिक का आरोपियों से संबंध है, इसलिए उनका पता नहीं बता रहा है। पीड़ित प्रदीप और साधना ने बताया कि उन्होंने नौ लाख रुपये लोन लेकर उक्त संस्था में टीचर्स की आईडी बनाने के लिए दिए थे। इस मामले में एसएसपी सतपाल अंतिल ने मूंढापांडे थाना इंस्पेक्टर को कार्रवाई के आदेश दिए थे। थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपी आदित्य यादव, विजय कुमार, अजय कुमार, संतोष राजपूत, रिजवान, राजवीर और किराये पर दुकान देने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराकर विवेचना कराई जा रही है।

लेडीज क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी व सदस्य।

धूमधाम से मनाया अधिष्ठापन समारोह

मुरादाबाद, अमृत विचार: इनर व्हील क्लब का अधिष्ठापन समारोह लेडीज क्लब में संपन्न हुआ। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विशाल प्रिया टंडन और अन्य अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर गणेश वंदना की प्रस्तुति मीनाक्षी गुप्ता द्वारा की गई। पूर्व अध्यक्ष रितु अनंत अग्रवाल और पूर्व सचिव पूनम बंसल ने पूरे वर्ष का विवरण दिया। विशाल प्रिया टंडन ने नई टीम को शपथ ग्रहण करवाई एवं कॉलर पहनाकर अध्यक्ष मंजू अग्रवाल को सम्मानित किया। सचिव सुधा अग्रवाल ने वर्तमान वर्ष एवं अग्रिम कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने एक जरूरतमंद छात्र को पूरे वर्ष की फीस एवं पूरा कोर्स उपलब्ध करवाया। सभा का संचालन शिल्पी मेहरोत्रा ने किया। सभा में मंजू गुप्ता, रेणुका शाहू, रेखा शाह, आरती, नीना, पूनम, उषा, प्रेरणा, चंचल, मधु, ज्योति, बबीता और रितु मौजूद रहीं।

रतनपुर कलां में मिला मलेरिया का पहला रोगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बारिश के सीजन में जिले में मलेरिया का पहला रोगी कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के रतनपुर कलां गांव में मिला है। हालांकि इसके स्वस्थ हो जाने की बात बताई जा रही है। फिलहाल, इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया अनुभाग की एक टीम गुरुवार को रतनपुर कलां गांव पहुंची थी। टीम ने यहां ग्रामीणों को मलेरिया-डेंगू मच्छर से बचाव के तरीके समझाए। पूरे गांव में साफ-सफाई का निरीक्षण किया, जहां गंदगी व जल भराव मिला, उसे तुरंत ग्राम प्रधान से अनुरोध कर निस्तारित कराया।

मलेरिया बुखार से प्रभावित व्यक्ति करीब 50 साल का है। मौके पर पहुंचे मलेरिया निरीक्षक शेखर गुप्ता ने बताया कि संबंधित ग्रामीण अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर से अपने घर लौटा था। वह वहीं मजदूरी करता है। इसके बाद बुखार होने पर वह टीएमयू में भर्ती हुआ था। इसके बाद 4 जुलाई को ही रतनपुर कलां पहुंचकर रोगी के परिवार के अन्य सभी सदस्यों के उन्होंने सैंपल संग्रहीत किए थे, जो जांच में निगेटिव आए हैं। मलेरिया निरीक्षक ने बताया कि रोगी पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि मजदूर अंबेडकर नगर के अकबरपुर से डेढ़ माह से रह रहा था, उसे वहीं मलेरिया का संक्रमण लग गया था। मलेरिया निरीक्षक ने बताया कि वह गुरुवार को दोबारा रतनपुर कला गांव टीम के साथ गए थे।

मलेरिया से संक्रमित रोगी मिलने के बाद दूसरी बार रतनपुर कलां गांव में पहुंची टीम।

मलेरिया के लक्षण

- अचानक सर्दी लगना (कंपकंपी लगना)।
- तेज गर्मी लगने के साथ ही तीव्र बुखार आना।
- पसीना आकर बुखार कम होना व कमजोर महसूस करना।
- सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द, सीने में दर्द, सांस लेने में समस्या और खांसी।

बुखार होने पर गर्भवती तक की कराएं मलेरिया की जांच

मलेरिया निरीक्षक शेखर गुप्ता के साथ अमित कुमार, वेक्टर वार्म परामर्शदाता शरद पाल व फील्ड वर्कर लखपत भी थे। टीम ने रतनपुर कलां के ग्राम प्रधान से अनुरोध किया कि गांव के अंदर नालियों और अन्यत्र जगह पानी का ठहराव न हो, ऐसे इंतजाम करें। आशा को निर्देश दिए कि जिस तरह से रतनपुर में जागरूकता अभियान चला है, उसी तरह से अन्य गांव में भी लोगों को जागरूक करना है। बुखार का रोगी मिले तो एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाएं। यहां तक कि गर्भवती महिला को भी यदि बुखार है तो उसकी भी मलेरिया जांच जरूरी है।

एक दिन की छुट्टी लेकर गया सिपाही 92 दिन के बाद लौटा, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● बिना बताए गैरहाजिर रहने वाले सिपाही को एसएसपी ने लगाई फटकार

अमृत विचार: एक दिन की छुट्टी लेकर 92 दिन बाद लौटे सिपाही को एसएसपी ने फटकार लगाई। एसएसपी ने बिना बताए गायब रहने पर सिपाही को नोटिस जारी करने के निर्देश स्टेनो को दिए।

मेरठ के हस्तिनापुर क्षेत्र निवासी सिपाही की तैनाती वर्तमान में मुरादाबाद पुलिस लाइन में चल रही है। सिपाही लगभग तीन माह पूर्व एक दिन की छुट्टी लेकर गया था और उसके बाद से गैरहाजिर चल रहा था। गुरुवार को ठीक 92 दिन बाद वह एसएसपी के समक्ष पेश हुआ और आमद दर्ज कराने के लिए अर्जी लगाई। सिपाही ने एसएसपी को कुछ मेडिकल रिपोर्ट भी दिखाईं। जिसमें कई बीमारी होने की बात लिखी थी। इस तरह मेडिकल लगाकर पेश होने पर एसएसपी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगाई। बाद में वीडियोग्राफर को बुलाकर सिपाही से पूछताछ शुरू की और उसकी वीडियो बनवा ली। सिपाही ने बताया कि भांजी की शादी के लिए एक दिन की छुट्टी लेकर गया था। उसके बाद लौट रहा था तो गढ़मुक्तेश्वर के पास बाइक के आगे कुत्ता आने से हादसे हो गया। बाद में बुखार हो गया, जांच कराने पर पता चला कोलेक्ट्रॉल बढ़ गया है। इसके अलावा हार्ट की भी समस्या हो गई थी, जिसका इलाज हस्तिनापुर में कराया। बाद में पैर में इन्फेक्शन हो गया था। इसके अलावा कमर में भी दर्द हो गया था, जिस कारण चिकित्सक ने बेड रेस्ट बोला था। सिपाही बीमारी बताता रहा और एसएसपी उन बीमारियों के दौरान किए गए रेस्ट के दिनों को जोड़ा तो कुल 65 दिन बने। इसके बाद एसएसपी ने पूछा जब 65 दिन बाद ठीक हो गए तो क्यों नहीं आए। इस पर सिपाही कोई जवाब नहीं दे सका। एसएसपी ने सिपाही को जमकर फटकार लगाई, साथ ही स्टेनो को सिपाही को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

1.21 लाख शिशुओं में जन्मजात दोष की जांच

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देवीदास ने बताया कि 1.21 लाख शिशुओं में जन्मजात दोष की जांच हुई है। इसमें करीब 20 बच्चे जन्मजात दोष से पीड़ित मिले हैं। इनमें से इलाज मिलने के बाद कई शिशु जन्मजात दोष से मुक्त भी हो गए हैं। जबकि, 13 शिशुओं का अभी विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

नोडल अधिकारी ने बताया कि छह से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मोबाइल हेल्थ टीमें और आशा काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न रोगों की पहचान करने के लिए 1.07 लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। ये सभी बच्चे स्कूल और आंगनबाड़ी के हैं। उन्होंने बताया कि आरबीएसके योजना खासतौर से नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए है।

बेटे को बचाने आए पिता की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● शराब के नशे में देर रात आत्महत्या करने रेलवे लाइन पहुंच गया था बेटा

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेटे को बचाने आए पिता की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि बेटा घायल हो गया। पुलिस ने बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद पिता का शव परिजनों के हवाले कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला महबुल्लागंज निवासी अमरनाथ मोची का काम करते थे। उसके परिवार में पत्नी लक्ष्मी, चार बेटे शंभू, रॉबी, मनोज व रोहित और एक बेटी मनोरमा हैं। बताया गया कि मनोज हलवाई का काम करता था। वह अक्सर शराब पीकर घर आकर हंगामा करता था। बताया कि बुधवार देर रात भी मनोज शराब पीकर घर पहुंचा तो पिता ने उसे डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर वह खुदकुशी करने की बात कहकर घर से निकल गया। इस पर पिता अमरनाथ भी उसके पीछे चल दिए। इस बीच मनोज गोविंदनगर क्रॉसिंग के पास बने पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर चला गया। तभी ट्रेन आ गई। अमरनाथ बेटे मनोज को बचाने के लिए दौड़ पड़ा। बेटे को बचाने के प्रयास में अमरनाथ ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं मनोज भी घायल हो गया। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि देर रात लगभग एक बजे दो लोगों के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना पर तत्काल एसआई बृजेश कुमार को घटना स्थल पर भेजा गया। पुलिस वहां पहुंची तो एक की मौत हो चुकी थी, जबकि युवक घायल पड़ा था। पूछने पर युवक ने अपना नाम मनोज बताया और कहा कि हम दोनों पिता-पुत्र रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। शिनाख्तगी के बाद पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल मनोज को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

मारपीट के मामले में एक सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में एक सप्ताह बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सलेमपुर निवासी मोहम्मद उमर पुत्र अल्लाहदिया को 16 जुलाई को गांव के ही रहमान, अलीम उर्फ सोनू, रुबीना पत्नी अलीम ने लाठी-डंडों और सरियों से मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने एक सप्ताह बाद घायल की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम अस्करीपुर में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

छजलैट, अमृत विचार : ग्राम अस्करीपुर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में वृद्धजनों के लिए विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा के अलग-अलग काउंटर लगाकर मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया गया व दवा दी गई। शिविर का आरंभ किसान नेता धीरेंद्र सिरोही ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक ललित कुमार, नावेद आलम, चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद कुमार, योग प्रशिक्षक नाटू सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवनीत कुमार, सूरजपाल आदि मौजूद रहे।

सट्टे की खाईबाड़ी करने वाला गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उपनिरीक्षक रजत कुमार, कांस्टेबल प्रविन्द्र राणा के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर नगर के मोहल्ला मुण्डों तालाब के पास सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से सट्टे की पर्ची, 710 रुपये व पेन बरामद किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अफजाल पुत्र अबरार निवासी मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड नंबर 24 बताया है।

संगठित समाज का ही महत्व: ओमप्रकाश

दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने दक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम का किया आरंभ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

ठाकुरद्वारा के गांव बंकावाला में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ओमप्रकाश गोला व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रजापति समाज द्वारा ग्राम बंकावाला में महाराज दक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ओम प्रकाश गोला और विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठित समाज ही लक्ष्य प्राप्त कर सकता है।

मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठित समाज ही अपने लक्ष्य को पाता है। विघटित, टूटा व अशिक्षित समाज हमेशा दूसरों के अधीन जिंदगी जीता है। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने कहा कि हमें शिक्षित होकर समाज में नैतिकता व चरित्र का विकास करते हुए श्रेष्ठता प्राप्त करनी होगी। संगठन में शक्ति, महत्व और श्रेष्ठ विचारधारा होती है। संगठित समाज के सामने अनेक

- **विशिष्ट अतिथि सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति रहे**
- **वक्ताओ ने प्रजापति समाज की एकता पर दिया बल**

समस्याएं निष्प्रभावी हो जाती हैं। संगठित शक्ति से राजनीतिक सत्ता भी झुक जाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजकुमार प्रजापति के अलावा अर्जुन सिंह प्रजापति, मुनिराज, खूब सिंह, डॉ. शेर सिंह व श्याम लाल आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति रहे। संचालन रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। इस दौरान डॉ. श्रीराम, सुनील कुमार, विक्रम सिंह, डॉ. ओमप्रकाश, अंकित कुमार, राकेश सिंह, अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, मुनिदेव, सतवीर, सिंह ,अमरपाल सिंह, प्रेम सिंह, बुद्ध सिंह, राकेश कुमार, धर्मपाल सिंह, राधेश कुमार, अजीत सिंह, अमर सिंह, पूरन सिंह, बाबूराम, डॉ. हरिराम, लीला सिंह, ओमप्रकाश सिंह, खुशीराम, रोशन सिंह, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

घर में घुसकर मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में शराब पीकर गाली देने और घर में घुसकर दो भाइयों को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

थाना कांठ के ग्राम ज्ञानपुर निवासी किशन लाल बीते सोमवार को अपने परिवार के साथ घर पर बैठे थे। तभी हेमराज पुत्र जयराम उसके घर के सामने जाकर गाली गलौज करने लगा। जब किशन लाल एवं उसके परिवार के लोगों ने विरोध किया तो हेमराज के साथ जयराम, धर्मपाल, मुनेश आदि लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए और उन्होंनेकिशन लाल के पुत्र मनोज और प्रेमपाल को लाठी-डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने किशन लाल की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डायट में पोस्टर का प्रदर्शन करते प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या रही अव्वल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : धर्म सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में गुरुवार को जल संरक्षण और तम्बाकू निषेध विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आरंभ डायट प्रवक्ताओं ने किया। प्रवक्ता शीतल कुमार, प्रवेश कुमार, डॉ. अनिल कुमार यादव ने डीएलएड प्रशिक्षुओं को जल की उपयोगिता व तम्बाकू के हानिकारक प्रभाव आदि की जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रशिक्षु चन्द्रवीर सिंह, पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या शर्मा व निबंध प्रतियोगिता में प्रार्थना शर्मा और प्रयांशी पाठक प्रथम रहीं। खुशी भार्गव, रिया कश्यव, नेहा विश्नोई, एकता चौहान, अक्षिता चौधरी, डिम्पल, मनु, रश्मि, आकांशा द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रवीर सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. नेहा इकबाल आदि मौजूद रहे। वहीं प्रशिक्षुओं में विन्देश्वर प्रजापति, काजल रत्न, अंशिका, अभिषेक कुमार, मंयक चौहान, अंकुर, अदीवा कमरी, नीरज शर्मा, अनमोल शर्मा, दानवीर अंजलि, सुमित कुमार, अभय वीर सिंह, सागर सिंह, समीक्षा गौड़ आदि उपस्थित रहे।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की समस्याओं के समाधान की मांग

संवाददाता, बिलारी

वार्ता

- **उपजिलाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल**
- **व्यापारियों ने भी नगर में जाम की समस्या उठाई**

अमृत विचार : उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह से गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देकर उनके समाधान की मांग की।

श्री वैश्य कुमारतनय सभा ट्रस्ट बिलारी के अध्यक्ष गंगा प्रसाद राजेश, एडवोकेट राजू गुप्ता, एडवोकेट शोभित गुप्ता, इंद्रेश कुमार, सत्यम गुप्ता, सुमित गुप्ता, मुनेश शर्मा आदि ने एसडीएम को बुके देकर सम्मानित किया। वहीं शोभित गुप्ता द्वारा अपनी कृषि आराजी से एक बीघा हरा चारा ग्राम फतेहपुर गोशाला के लिए, गंगा प्रसाद राजेश द्वारा अपनी कृषि आरजी से लगभग साढे तीन बीघा हरा चारा ग्राम भूड मरेसी गोशाला को देने के लिए एसडीएम को पत्र सौंपा गया। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश व्यापार सभा समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने भी उप जिलाधिकारी से उनके कार्यालय में भेंट की व बुके देकर स्वागत किया।

साथ ही नगर में लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की। इस दौरान उनके साथ चिराग अग्रवाल सर्राफ, राजेश प्रजापति, मोनिस सर्राफ, फ़ैजान अंसारी, ध्रुव शर्मा व आशु बंसल आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय दमपुरा में पौधरोपण करते अतिथि, साथ में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पौधरोपण करना जरूरी

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बगपुरा में नागरिक एकता परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए पौधरोपण जरूरी है।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुरजीत सिंह ने कहा कि महान वैज्ञानिक जगदीश बसु ने अमेरिका में आयोजित सम्मेलन में सिद्ध कर दिखाया कि पेड़ों में जीवन है। मनीष शर्मा ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान विद्यालय के खेल मैदान में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार मनीष शर्मा, शिवानी अग्रवाल, यश, दीक्षा, अजय, कमल, आदित्य, विशाल, रश्मि, रचना,अंजलि, शिवानी, इच्छा, कौशल मौजूद रहे।

गोवंश की हत्या के मामले में तीन नामजद हुए

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र में शरारती तत्वों ने गोवंश की हत्या कर उसे मंदिर की भूमि पर फेंक दिया था। जिसमें हंगामें के बाद कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार तीन नामजद आरोपी व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम भायपुर में बुधवार को कुछ शरारती तत्वों ने गोवंश को काटकर मंदिर की भूमि पर फेंक दिया था। जिससे हिंदू संगठनों में रोष फैल गया था। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। साथ ही इस संबंध में तहरीर दी थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री पंकज सिंह व साजन शर्मा की तहरीर पर योगेंद्र उर्फ बब्बू पुत्र झबरा निवासी भयपुर, सरफराज पुत्र तौफीक व तसलीम पुत्र दीदारा निवासी मलपुरा लक्ष्मीपुर तथा व अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

सीओ को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर शरीफ नगर की दो घटनाओं पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगों को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में एकत्र हुए लोगों ने पुलिस की मनमानी के विरोध में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। बिजनौर से आए जिला महासचिव सुभाष चंद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्दोष पृथ्वी सिंह को बाइक चोरी प्रकरण में बिना किसी विवेचना के जेल भेज दिया गया, जोकि न्यायोचित नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, शाकिर हुसैन, बाबू सिंह आदि ने बताया कि 7 मई को शरीफ नगर के दुर्योधन व उसके परिवार पर पड़ोसी विशेष कुमार ने योजनाबद्ध तरीके से लाठी डंडे से हमला कर दिया था। जिसमें दुर्योधन के परिवार के पांच लोगों को गंभीर चोटें आई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाया कि हमलावर पक्ष ने फर्जी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज करा दी। दोनों मामलों में पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई कर निर्दोषों को न्याय दिलाने की मांग की गई। इस दौरान जगदीश सिंह पांडे ,दयाराम साहनी, हरस्वरूप सिंह जिला महासचिव कैलाश सिंह, दुर्योधन सिंह , सुरेंद्र सिंह, महिपाल सिंह ,पृथ्वी सिंह, सुशीला देवी, शीला देवी ,राखी देवी, शारदा देवी, प्रेमवती, बबली देवी आदि मौजूद रहीं।

आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र मलपुरा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, किसानों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

फसलों में अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग सेहत के लिए घातक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

किसानों को जानकारी देते किसान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

एसडीएम अजय मिश्र को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैट के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें किसानों को फसलों में लगने वाले रोगों व उनकी रोकथाम की जानकारी दी गई।

गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र मलपुरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खरीफ की फसल में मुख्य कीटों एवं रोगों के बारे में कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों को जानकारी दी। धान व गन्ने में लगने वाले कीटों एवं रोगों का लाइव डेमो भी दिखाया गया। किसानों को सलाह दी गई कि कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग न करें। इससे मानव जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। इससे बचाव के लिए जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने किया व समापन डॉ. हसन तनवीर ने किया। इस दौरान अविनाश चौहान, डॉ. राजेश कुमार, रणवीर, दिनेश, ओम प्रकाश, ब्रह्मपाल, हिरदेश, शोएब खान, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

भाकियू टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

कांठ, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी अजय मिश्र को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों के विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर अध्यक्ष पंकज चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम मौढा एवं फलैदा में रेलवे विभाग द्वारा जमीन अधिग्रहण करने के लिए प्रयास किया जा रहा है और लगातार रेलवे एवं प्रशासन के अधिकारी गांव में घूम रहे हैं। दोनों गांव के किसान अपनी जमीन अधिग्रहण करने का विरोध कर रहे हैं। ज्ञापन में जमीन की खतौनियों में किसानों के नाम की त्रुटियों को ठीक करने व मुरादाबाद रिंग रोड को कांठ-मुरादाबाद व अगवानपुर-पाकबड़ा रोड जोड़ने की मांग की गई। इस अवसर पर पंकज चौधरी, नितिन चौधरी, वीरेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, सुरेंद्र सिंह, सुदेश सिंह कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नाबालिग को जबरन ले जाने में चार पर रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में नाबालिग को डरा धमकाकर जबरन ले जाने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम गोपालपुर निवासी राजेश पुत्र पतराम सिंह ने न्यायालय एसीजेएम में प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही मोनू पुत्र पूरन, मनोज व माता शातिया व जनपद रामपुर के ग्राम काली नगर निवासी रामकिशोर पुत्र रामसुख पर आरोप लगाया कि 7 जुलाई को सभी आरोपी ने उसकी नाबालिग 17 वर्षीय पुत्री को डरा धमका कर जबरन अपहरण कर ले गए। इस संबंध में शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। बाद में पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिस पर न्यायालय ने कांठ पुलिस आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। पुलिस ने एक महिला सहित चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

वृद्धाश्रम में एक-दूसरे को मिठाई खिलाते यादव महासभा के कार्यकर्ता।

पूर्व सांसद डीपी यादव का जन्मदिन मनाया

बिलारी, अमृत विचार : यादव महासभा ने पूर्व सांसद डीपी यादव के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम ग्वालखेड़ा पहुंच कर मिठाई वितरित की। गुरुवार को यादव महासभा ने डीपी यादव का जन्मदिन मनाया। महासभा के कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को मिठाई भी खिलाई एवं फल वितरित किए। इस दौरान सुखबीर सिंह यादव, डॉ. धर्मवीर सिंह यादव व वृद्धाश्रम ग्वालखेड़ा के संस्थापक रोहन देव भी मौजूद रहे।

क्विज कंपटीशन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम सौंदरा स्थित आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ विद्यालय के प्रबंधक मनीष कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में 20 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जतिन कुमार कक्षा 9 ने प्रथम, कनिष्क कक्षा 10 ने द्वितीय व शिवानी कक्षा 9 और खुशबू कक्षा 10 ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक मनीष कुमार शर्मा और प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का आयोजन बलवंत सिंह द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में हरिशंकर शर्मा, सुदेश कुमार, संजीव सिंह आदि का सहयोग रहा।

महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में विजयी छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

कांठ, अमृत विचार : महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा में गुरुवार को भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9 के छात्र मयंक कुमार ने प्रथम स्थान, कक्षा 12 की छात्रा साक्षी चौहान ने द्वितीय व कक्षा 12 की छात्रा यशिका बिश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक अतवीर सिंह त्यागी, तेजपाल सिंह त्यागी, विवेक कुमार राठी, लोकेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा।

भंडारे के लिए साफ-सफाई कराते बजरंगदल विहिप के कार्यकर्ता।

आज होगा विहिप बजरंग दल के भंडारे का आरंभ

कांठ, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के कांवड़ सेवा शिविर व 10वें विशाल भंडारे का आरंभ 26 जुलाई को प्रात: हवन के साथ गांधी आश्रम में किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख मोनू बिश्नोई ने बताया कि शिवभक्तों की सेवा हेतु प्रतिवर्ष लगने वाला शिविर एवं विशाल भंडारा शुक्रवार से प्रारंभ होगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भंडारे से पूर्व कार्यकर्ताओं ने गांधी आश्रम में साफ-सफाई कराई।

दीवार में नकब लगाकर नगदी व सामान चोरी

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में मकान की दीवार में नकब लगाकर हजारों रुपये की नगदी व जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बेगमपुर निवासी दो भाइयों रिजवान व इंतजार के मकान में पीछे से चोरों ने 22 जुलाई की रात को नकाब लगाकर सोने के कुंडल, चांदी का पेंडल, पाजेब व 6000 रुपये चोरी कर लिए। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने की समस्याओं के समाधान की मांग

बिलारी, अमृत विचार : बिलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत विजयपुर समसपुर के ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से समस्याओं के समाधान की मांग की।

गुरुवार को ग्राम पंचायत विजयपुर समसपुर के ग्रामीण खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने खंड विकास अधिकारी को लिखित में समस्याओं की जानकारी देकर उनके समाधान की मांग की। जिसमें शिव मंदिर पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप को ठीक कराने, टूटी सड़क को ठीक कराने व साफ-सफाई आदि की मांग की गई।

बहला फुसला कर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र ग्राम बिचपुरी निवासी नाबालिग को कुछ युवक बहला फुसला कर भगा ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बिचपुरी निवासी मौखा पुत्र बशीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही सोहिल पुत्र बुद्धू दो अन्य युवकों के साथ उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी सोहिल व एक अज्ञात युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भाजपा नेता ने की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय राज मार्ग 734 की हालत काफी खस्ता है। जिससे इस मार्ग पर प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती हैं और लोगों को जान माल की हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने मंत्री से इस मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की।

योजनाओं की जानकारी देती उप निरीक्षक। ● अमृत विचार

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला उपनिरीक्षक स्वाति चौधरी द्वारा महिलाओं को तिकोनिया पार्क के निकट एकत्रित करके प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के विषय में चर्चा की गई। आपातकालीन हेल्पलाइन जैसे- 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन 112 , 102 आदि के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान कांस्टेबल आरती, हेड कांस्टेबल इमरान, शुभम तोमर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

दंपति को पीटने में चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने दंपति को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव चाकर वाली गोटिया निवासी चंद्रपाल काफी समय से अपनी जमीन बेचना चाहता है। लेकिन उसके रिश्तेदार इसका विरोध करते हैं। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने कुछ दिन पहले उसके साथ मारपीट की। बचाने आई पत्नी जावित्री को भी पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने ज्ञानी, सर्वेश, राजकुमार और कृष्णपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला से मारपीट व झगड़े में चार का चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : महिला से मारपीट व झगड़े के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। केमरी थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि पकड़े गए रहसैना निवासी सूरज व अर्जुन ने गांव की ही रूबी से मारपीट की थी। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मोहल्ला कायस्थान निवासी कुनाल ठाकुर उर्फ युवराज सिंह व सिहौर गांव निवासी दीपक को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

धमोरा में घरेलू कलह में युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

शहजादनगर थाना क्षेत्र का मामला, भाई-बहन में बड़ी थी प्रियंका

संवाददाता, धमोरा

अमृत विचार : घरेलू कलह के चलते युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव का है। यहां रहने वाले राजेंद्र की 20 वर्षीया पुत्री प्रियंका ने बीए द्वितीय वर्ष तक पढ़ाई की थी। घर की आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। बताया जाता है कि बुधवार को घरेलू कलह के चलते युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मिलक के निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रियंका घर में सबसे बड़ी होने के कारण छोटे भाई और बहन को पढ़ाने के लिए नौकरी कर रही थी। गुरुवार की शाम को धमोरा श्मशान घाट में युवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

घर के बाहर बैठे प्रियंका के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

नौकरी करके करती थी परिवार का पालन-पोषण

प्रियंका के पिता के पास महज दो-तीन बीघा जमीन है। वह मजदूरी करके किसी तरह परिवार की गाड़ी खींच रहे थे। प्रियंका बीए द्वितीय वर्ष तक पढ़ाई करके पिता का सहारा बन गई। उसका 14 वर्षीय भाई पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता ने बताया कि प्रियंका भाई को पढ़ा-लिखाकर अधिकारी बनाना चाहती थी।

धमोरा की युवती ने जहर खा लिया था। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। -हरेंद्र कुमार, एसओ, शहजादनगर

जानलेवा हमले में तीन दोषियों को दस-दस साल की सजा

रामपुर, अमृत विचार : रुपयों के विवाद में युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में कोर्ट ने तीन दोषियों को दस-दस साल की कैद और एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

जिला शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव रूपपुर निवासी ब्रहमपाल सिंह का कहना था कि उसका भाई यशवीर सिंह ग्राम उदयराज की मढैया स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में मजदूरी करता था। ठेकेदार के पास जगतपाल सिंह भी काम करता था। जगतपाल ने इलाज के लिए यशवीर से 72,000 रुपये उधार लिए थे। 14 जुलाई 2019 को जगपताल ने यशपाल को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। एडीजीसी अंजू सिंह ने बताया कि कोर्ट ने दोषी जगतपाल, इंद्रपाल व दिनेश को धारा 328 में तीन-तीन वर्ष की सजा और पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 307 में दस-दस वर्ष की कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। दोनों सजाएं साथ चलेंगी।

लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

जल्द ही रामपुर आ सकते हैं मुख्यमंत्री : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शहर विधायक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात
- विकास कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जल्दी ही रामपुर आने की बात कही। इसके अलावा रामपुर के विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। भरोसा दिलाया कि रामपुर के विकास कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे कराए जाएंगे। इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

गुरुवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बंटवारे के समय पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को रामपुर में बसाया गया था। उन्हें रहने और खेती करने के लिए जमीनें भी दी गईं थीं, लेकिन इन्हें जमीनों का मालिकाना हक आज तक नहीं मिला है। लंबे समय से यह किसान जमीनों पर मालिकाना हक मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक रुख जताया है। शहर विधायक ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री रामपुर आएंगे और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

स्कूलों का शत-प्रतिशत निरीक्षण कर प्रस्तुत करें आख्या : जिलाधिकारी

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने समस्त खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं समस्त पंचायत सचिवों को विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति की जांच के बाद आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन नामांकन आवंटित लक्ष्यों के अनुसार 31 जुलाई तक शत-प्रतिशत कराना तय करें। किसी विद्यालय में यदि निरीक्षण व सुपरविजनकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तो कठोर कार्रवाई होगी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चमरौआ, स्वार एवं शाहबाद में डेस्क-बेंच, सोलर पैनल, हाई मास्ट लाईट की व्यवस्था क्रिटिकल गैप से कराने के लिए जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डायट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक हरिनाथ यादव को सौंपा।

गुरुवार की दोपहर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 23 सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। इसमें पुरानी पेंशन बहाली, तदर्थ शिक्षकों की सेवा बहाल करने, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12, 18 व 21 की व्यवस्थाओं को यथावत माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 में समाहित करने, 2001-2002 के विज्ञापन के आधार पर 2006 में नियुक्त विषय विशेषज्ञ को पुरानी पेंशन, वेतन, महंगाई भत्ता देने आदि की मांग शामिल है।

प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा

मंडलीय मंत्री प्रेम सिंह ने शिक्षकों को एकजुट होने और आगामी संघर्ष के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

धरने में प्रेम सिंह चौहान, चरन सिंह, अजय सिंह राठौर, संजय सिंह, महेंद्र राव, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, विजेन्द्र सिंह गंगवार, पुष्पेन्द्र कुमार, जगपाल सिंह, महेश चंद्र, नीरज सिंह, रवि चन्द्रा, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन जिला कोषाध्यक्ष अनुज कुमार वर्मा ने किया।

शिक्षामित्रों ने मांगों को लेकर दिया धरना

रामपुर, अमृत विचार : अपनी मांगों को लेकर शिक्षामित्रों ने आंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशानसिक अधिकारी को सौंपा।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मीणा के नेतृव में शिक्षामित्र आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारी दिए ज्ञापन में मांग की 23 वर्ष से शिक्षण करने बावजूद हमें 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। इससे परिवार का खर्च नहीं चल पा रहा है। इसके कारण शिक्षामित्र आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराने की मांग की गई। इस मौके पर ओमप्रकाश सैनी, सतीश चौधरी, प्यारेलाल, मोईन अख्तर, किरनपाल, रमेशचंद्र, राम अवतार सिंह, नरेश कुमार सैनी, सर्वेश कुमार, इदरीश अहमद आदि रहे।

शत्रु संपत्ति की पहले भी की गई थी तारबंदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 28 जुलाई 2022 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति से कंटीले तारों को हटा दिया था। इसके साथ ही जिमनेजियम समेत सुरक्षा अधिकारी के बंगले पर लगी सील हटाकर इमारतों के द्वार भी खोल दिए थे।

हाईकोर्ट के आदेश पर 10 मई 2022 को जौहर यूनिवर्सिटी स्थित शत्रु संपत्ति के 13.82 हेक्टेयर रकबे के चारों ओर करीब 150 कंक्रीट के पिलर लगाकर कंटीले तारों की बाड़ लगा दी थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई 2022 को आदेश दिए कि जौहर विश्वविद्यालय में इमारतों की सील खुलवाने के साथ ही कंटीले तारों को भी हटाया जाए। इस पर 28 जुलाई को जौहर विश्वविद्यालय स्थित शत्रु संपत्ति में बनी दो इमारतों में जिमनेजियम और सुरक्षा अधिकारी के बंगले पर लगी सील हटाकर इमारतों के द्वार खोल दिए थे। 29 जुलाई को राजस्व विभाग की टीम ने यूनिवर्सिटी पहुंचकर शत्रु संपत्ति पर की गई कंटीले तारों की बाड़ को हटाने का काम शुरू कर दिया था। हाईकोर्ट के आदेश पर 25 जुलाई को एक बार फिर पिलर लगवाकर तारबंदी कराई जा रही है।

मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में पिलर लगाते मजदूर। ● अमृत विचार

छावनी में तब्दील हुआ जौहर विश्वविद्यालय

गुरुवार को लखनऊ से आई टीम शत्रु संपत्ति का सर्वे करने के जौहर विवि पहुंच गई। जानकारी मिलते ही अजीमनगर थाने की फोर्स और पुलिस लाइन से महिला सिपाहियों समेत काफी पुलिस कर्मियों को भेजा गया। इससे जौहर विवि छावनी में तब्दील हो गया। शाम तक नपाई का काम चलता रहा। इसके बाद पिलर लगवाए गए। इसके बाद तारबंदी कराई जा रही है।

हाईकोर्ट के आदेश पर की जा रही है कार्रवाई

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि सींगनखेड़ा में जहां जौहर यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ है वहां 13 .8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति थी। 2006 में इसके गृह मंत्रालय के भारतीय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग के पक्ष में विजिटिंग आर्डर हुए थे। इसी के तहत गुरुवार को 13 .8 हेक्टेयर भूमि को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल गाटा संख्या 47 पिलर लगाकर कब्जे में लिया जा रहा है। जो संपत्ति परि संपत्ति बनाई है वह विभाग को हस्तांतरित होगी। यह लगभग 1 .30 लाख स्कवायर मीटर भूमि है। राजस्व विभाग की टीम और गृह मंत्रालय के शत्रु संपत्ति विभाग के अभिरक्षक अधिकारी कार्रवाई करा रहे हैं। शत्रु संपत्ति का गलत तरीके से ग्राम समाज की भूमि से एक्सचेंज कराया था। 2006 में इसमें केस लड़ा गया तो सरकार के पक्ष में ही आदेश हुआ था। इसके बाद यह मामला हाईकोर्ट में चलता रहा। नौ अप्रैल 2024 के आदेश के तहत यह कार्रवाई की जा रही है।

कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

प्रशिक्षुओं ने डायट में पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

गुरुवार को विभिन्नता में एकता के संबंध में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यकर्मों का आयोजन किया। इसमें गीत, गजल, कविता, समूह गान, नृत्य, नाटकीय-प्रदर्शन आदि का प्रस्तुतिकरण करके विभिन्नता में एकता की मिसाल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, राजेश कुमार, राजीव सिंह, तृप्ति चंद्रा, लता गंगवार, रोहित दुबे, प्रयोगशाला प्रभारी जफर अतीक की उल्लेखनीय भूमिका रही। मुख्य संरक्षिका एवं उप शिक्षा निदेशक नीलम रानी टम्टा की अध्यक्षता में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कांवड़ियों के लिए आज शाम से किया जा सकता है रूट डायवर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को है। कांवड़ियों के जत्थों को देखते हुए शुक्रवार की शाम से हाईवे पर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया जा सकता है।

सावन माह का पवित्र माह चल रहा है। इस माह में भक्त मनोकामना पूर्ण करने के लिए भगवान शिव की आराधना करते हैं। तमाम भक्त बृजघाट और हरिद्वार से कांवड़ लाकर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक भी करते हैं। मंगलवार को काफी संख्या में भक्त जत्थो के साथ कांवड़ लाने रवाना हो गए थे। वह शुक्रवार से वापस आने लगेंगे। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए शुक्रवार की शाम से रूट डायवर्ट हो सकता है। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए रविवार की सुबह से सोमवार दोपहर तक शहर के अंदर आने वाले वाहनों को बाईपास से गुजारा जाएगा। ताकि शहर के अंदर कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

सावन माह चल रहा है। हर सोमवार को कांवड़िए जल लेकर आते हैं। शुक्रवार को कांवड़ियों की स्थिति को देखते हुए भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट किया जा सकता है। -आरपी सिंह, सीओ ट्रैफिक

- 29 जुलाई को सावन के दूसरे सोमवार पर होगा जलाभिषेक

जेवर मांगने पर सास ने बहू को रिश्तेदारों से पिटवाया

रामपुर, अमृत विचार : अपने जेवर मांगने पर सास ने बहू की रिश्तेदारों से पिटाई करा दी। बहू की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नदनऊ निवासी मरियम अपने दो बच्चों के साथ गांव में रहती है। उसका पति उत्तराखंड में काम करता है। महिला का आरोप है कि उसका पति कुछ माह से घर नहीं आ रहा है। खर्च के लिए पैसे भी नहीं भेज रहा है। पूछने पर पति ने कहा कि तुझे छोड़ कर दूसरी शादी कर रहा हूं। उसने महिला से मायके जाने को कहा। इस मरियम ने सास फरजाना से अपने जेवर मांगे। इस पर फरजाना ने अपने रिश्तेदार मौफीस और ननदोई से उसकी पिटाई करा दी। इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने फरजाना व मौफीस समेत तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लोक नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्राओं ने प्रस्तुत किए लोक नृत्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में नई शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस संस्कृतिक दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। विभिन्न कक्षा की छात्राओं ने लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके बाद लोकगीत गाए। छात्राओं ने हस्तकला प्रदर्शनी लगाई।

इसमें छात्राओं ने हाथ से बने हुए विभिन्न प्रकार के सामान को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल, शमीम खान, कल्पना सिंह, पूजा, सल्तनत खान, नाजिया, अफीफा, खदीजा, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, बाबू, राधा, सुनीता, राधा रानी आदि उपस्थित रहे। संचालन बबीता गुप्ता, नाजिया खान और खदीजा ने किया।

समारोह | आकाशवाणी रामपुर के 60वें स्थापना दिवस पर सजी महफिल

छोटे से डिब्बे का आकार, इसी में खबरों का संसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आकाशवाणी रामपुर का 60वां स्थापना दिवस समारोह गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। आमंत्रित श्रोताओं के बीच पूर्व सहायक कार्यक्रम निदेशक मंदीप कौर, पूर्व निदेशक अभियांत्रिकी मुकेश गुप्ता, वर्तमान तकनीकी प्रमुख मंतोष विश्वास एवं कार्यक्रम प्रमुख राजीव सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार जमील अहमद की संगीतमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। कार्यक्रम प्रमुख राजीव सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया। अलग-अलग शहरों से आए आकाशवाणी के श्रोताओं ने अपनी भावनाओं और अनुभवों को साझा किया। रंगमंच के कलाकार महेंद्र सक्सेना ने कहा कि नवाब रजा अली खां ने 1965 में आकाशवाणी की स्थापना कराई। कवि नीलेश ने कहा कि 25 जुलाई 1965 वह अमर दिन है जब आकाशवाणी रामपुर को पूरे देश में पहचान मिली।

विवेक चौहान ने कहा कि-रेडियो जीवन का आधार बांटा जिसने सबको प्यार, छोटे से डिब्बे का आकार, इसी में खबरों का संसार। कवियित्री वेद ऋचा माथुर की कविताओं का भी श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। विकास माथुर की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। असीम सक्सेना ने आकाशवाणी के पूर्व कर्मचारियों एवं आमंत्रित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विक्रांत चौधरी, अवधेश गौतम, हरिओम एवं समस्त एसाइनी मौजूद रहे। तकनीकी सहयोग मयंक रस्तोगी एवं सूर्य प्रकाश शर्मा का रहा। संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया।

स्थापना दिवस पर बोलते रंगमंच कलाकार महेंद्र सक्सेना। ● अमृत विचार

शिक्षकों के शिष्टमंडल ने किया लेखाधिकारी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में शिष्टमण्डल ने नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी विकास खंडेलवाल से मुलाकात की। इसके बाद पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

नवागत लेखाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा। भरोसा दिलाया कि रचनात्मक कार्यों में संगठन पूर्ण सहयोग करेगा। इस मौके पर नरेन्द्र पाठक, गौरव गंगवार, सैयद अफाक हुसैन, नीलमणि पाठक, पीयूष अग्रवाल, अजहर अहमद, प्रदीप भटनागर, सलीम अहमद, हंसराज पटेल, गोविन्द नारायण आदि रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को पत्र लिख कर विद्यालय समय में बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है।

नए लेखाधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

फूलों की कांवड़ लिए खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

स्कूल में झूला झूलते बच्चे।

बच्चों ने फूलों से बनाई कांवड़

रामपुर, अमृत विचार

अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में शिक्षा सप्ताह दिवस के चौथे दिन सांस्कृतिक दिवस का शुभारंभ प्रमुख अतिथियों के स्वागत एवं भाषण से किया गया।

इसके बाद विद्यालय को श्रावण मास की थीम के अनुसार पीली वस्तुओं से सजाया गया। विद्यालय के बरामदे में झूला डाला गया। इसे फूल-पत्तियों से सजाया गया। बच्चों ने इस झूले का जमकर आनंद लिया। कुछ बच्चों ने पीले फूलों से सुंदर कांवड़ सजाई। इसके बाद सावन के गीतों पर बच्चे खूब झूमे। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने हस्तशिल्प कला को प्रोत्साहित करने के लिए पुरानी चूड़ियों से सुंदर कंगन बनाने सिखाए। चित्रकला दिवस का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न विषयों पर चित्र बनाकर उनमें सुंदर रंग भरे। भारतीय कला और संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इसमें कक्षा चार व पांच के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा पांच की छात्राओं ने भारतीय लोक नृत्य का प्रदर्शन किया। कक्षा एक व दो के बच्चों को कुछ खेल भी खिलाए गए। इस अवसर पर विक्रम कुमार, उमा, नेहा गुप्ता, निदा खान, नीरज, माहिरा आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

भाभी से दुष्कर्म के आरोपी देवर को किया गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : भाभी से दुष्कर्म के आरोपी को केमरी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी राकेश अपनी भाभी से छेड़छाड़ व जबरदस्ती करता था। शिकायत करने पर ससुराल वाले भी महिला के साथ ही मारपीट करते थे। इससे तंग आकर वह मायके चली गई थी। इसके बाद उसने देवर के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना-पत्र दिया था। न्यायालय के आदेश पर 26 जून को केमरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मोहसिन रजा महासचिव व विष्णु बने उपाध्यक्ष

रामपुर, अमृत विचार : हम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खां ने संगठन का विस्तार करते हुए मोहसिन रजा को जिला महासचिव, विष्णु सैनी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। दोनों को मनोनयन पत्र सौंपे गए। इस मौके पर संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

14,201 लोगों की जांच में तीन मलेरिया पॉजिटिव मिले

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए किए थे तमाम दावे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : एक से 30 जून तक जनपद में संचालित मलेरिया दस्तक अभियान के तहत 14,201 लोगों के रक्त के नमूने लेकर उनकी जांच कराई गई। इसमें मलेरिया के महज तीन केस मिले हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग की ओर से तमाम दावे व तैयारियां की गईं थीं। इसके बाद भी लोगों में मलेरिया को लेकर जागरूकता नहीं दिखी। इसमें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया था। शिविर भी लगाए गए थे। विभाग की टीम भी मुस्तैद रही। इसके बावजूद तीन लोग मलेरिया पॉजिटिव मिले हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार छह साल में 2017 में सबसे अधिक 617 रोगी मलेरिया से ग्रसित मिले थे। 2024 के जून में संचालित मलेरिया दस्तक अभियान के तहत जनपद में सिर्फ तीन केस मिले। शहरी क्षेत्र के आगापुर शक्तिनगर, कांशीराम कॉलोनी व मिलक के गांव धनेली उत्तरी में तीन लोग मलेरिया से ग्रसित मिले हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि यदि कोई रोगी मलेरिया से ग्रसित मिलता है तो उसका निशुल्क इलाज 14 दिन तक कराया जाता है। मलेरिया के रोगी को काटने पर असंक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर रोगी के खून के साथ मलेरिया परजीवी को भी चूस लेते हैं। फिर 12-14 दिन में यह मादा एनाफिलीज मच्छर संक्रमित होकर मलेरिया फैलाने में सक्षम हो जाते हैं। यह संक्रमित मच्छर जितने भी मनुष्यों को काटते है उन्हें मलेरिया हो जाता है। मलेरिया तब फैलता है जब मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति के काटने के बाद बीमारी से संक्रमित हो जाता है। लगातार बुखार आना, हाथ-पैर में ऐंठन महसूस होना, सिरदर्द के साथ बुखार आना, बुखार के साथ ठंड लगना, आंखें लाल होना, मल में खून आना, मांस पेशियों में दर्द, उल्टी होना या जी मचलाना मलेरिया के लक्षण हैं।

मलेरिया के रोगी को आरटी (रेडिकल ट्रीटमेंट) दिया जाता है। अभियान में आशा, आंगनबाड़ी और विभागीय टीम ने 14,201 लोगों के रक्त के नमूने लेकर जांच कराई। इसमें तीन केस पॉजिटिव मिले हैं। बुखार आने पर ब्लड की जांच जरूर कराएं। मलेरिया की पुष्टि होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लें। **-संजय सिंह चौहान, जिला मलेरिया अधिकारी**

2017 से जून 2024 तक मलेरिया के मामले

वर्ष	मामले
2017	617
2018	500
2019	299
2020	56
2021	78
2022	434
2023	01
जून 2024	03

जिला अस्पताल में रोगियों को एक दिन बाद मिल रही विटामिन डी की जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

रामपुर, अमृत विचार: जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में रोगियों को विटामिन डी की जांच रिपोर्ट एक दिन बाद मिल रही है। मौसम में बदलाव होने की वजह से वायरल बुखार के रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसके चलते लैब में 280 लोगों की जांच रोजाना हो रही है। जांच रिपोर्ट देरी से मिलने पर रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को जिला अस्पताल में 1000 से अधिक रोगियों की ओपीडी हुई। ओपीडी कर रहे चिकित्सक ज्यादातर मरीजों की विटामिन डी की जांच लिख रहे हैं। मरीजों की संख्या कम होने पर रोगियों को पहले एक से डेढ़ घंटे में रिपोर्ट मिल जाती थी। लेकिन रोगियों की संख्या बढ़ने पर रिपोर्ट के लिए एक दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रद्युत सिंह ने बताया चार दिन पहले मशीन में खराबी आ गई थी। रोगियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मशीन को सही करा दिया है। आम दिनों में 150-180 रोगियों की जांच होती थी, लेकिन इन दिनों जांच का दायरा 280 तक पहुंच गया है।

पैथोलॉजी लैब में मशीन खराब हो गई थी। इसे सही करा दिया गया है। वायरल, बुखार के रोगियों की संख्या में बढ़ने पर रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ता है। **-डॉ.एचके मित्रा, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला अस्पताल**

दरगाह पर उर्स में उमड़े अकीदतमंद

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : हजरत सैयद गुलाम जीलानी मियां की दरगाह पर 174वें दो दिवसीय सालाना उर्स के आखिरी दिन दूर-दराज से अकीदतमंद पहुंचे। चादरपोशी कर कुल में शामिल होकर मुल्क व कौम की सलामती और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

गांव खौदलपुर खेड़ा शरीफ स्थित हजरत की दरगाह पर खानकाहे आलिया कादरिया जीलानिया की देखरेख में बुधवार से शुरू हुए दो दिवसीय सालाना उर्स में गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे मौलाना ने आखिरी कुल शरीफ पढ़ा। इससे पहले नातिया कलाम, हजरत की विलादत और विसाल से उलमा ने रूबरू कराया। दोपहर में लंगर हुआ। सज्जादानशीन हजरत सैयद मोहम्मद अहमद उर्फ मुन्ने मियां कादरी व सैयद मोहम्मद फरमान कादरी जीलानी ने बताया कि हजरत का सालाना उर्स चांद की 17 से शुरू होता है। पहले दिन की शुरूआत फज्र की नमाज के बाद गुस्ल शरीफ से होती है। बाद नमाजे अस्र पहला कुल पढ़ा गया। दूसरे दिन साढ़े 10 बजे दूसरा कुल और बाद नमाजे अस्र विसाली कुल शरीफ हुआ।

बाद नमाजे इशा जलसे का आयोजन हुआ। इसमें फाजिले यमन शहजाद ए रईस ए मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना पीर सैयद जामी मियां अशरफी ने शिरकत की।

मजार पर चादरपोशी करके दुआ मांगते लोग। ● अमृत विचार

- **गुलाम जीलानी मियां की दरगाह पर दो दिवसीय उर्स के आखिरी दिन कुल शरीफ और लंगर में उमड़ी भीड़**

निरीक्षण में गैरहाजिर मिले चार शिक्षामित्र

शाहबाद, अमृत विचार : उपजिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने गुरुवार को विकासखंड शाहबाद के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें चार शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कार्रवाई की संस्तुति की है।

उपजिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय अलफगंज, बलुपुरा, खरसौल प्रथम-द्वितीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खरसौल का निरीक्षण किया। अलफगंज में शिक्षामित्र नंदरानी एवं ममता रानी गैरहाजिर मिली। खरसौल द्वितीय में शिक्षामित्र प्रेरणा त्रिपाठी व धीरेन्द्र कुमार अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्र-छात्राओं की ड्रेस और मीनू के अनुसार मिड डे मील सही मिलने पर संतोष जताया। उन्होंने बच्चों से गिनती व पहाड़े भी सुने।

बीएसए से मुलाकात करते शिक्षक। ● अमृत विचार

शिक्षा विभाग की रीढ़ होते हैं कर्मचारी और शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का पांच सदस्यीय शिष्टमंडल बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह से मिला। शिष्टाचार भेंट-वार्ता कर उन्हें पुष्प-गुच्छ भेंट किए।

बेसिक शिक्षाधिकारी ने कर्मचारियों को यथासंभव सहयोग करने का तथा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन भी दिया। कहा कि कर्मचारी व शिक्षक शिक्षा विभाग की रीढ़ होते हैं। शिक्षा विभाग की सभी योजनाएं शिक्षकों के द्वारा ही संचालित होती हैं। इसलिए शिक्षक भी अपने दायित्व का निर्वहन करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामबाबू शर्मा, मुराद खान, जगदीश कुमार यदुवंशी, दिलशाद अली पाशा आदि मौजूद रहे।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

किसानों ने कलेक्ट्रेट में जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रयागराज में भाकियू के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के स्मारक में लगा पत्थर तोड़ने के विरोध में गुरुवार की दोपहर किसानों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसान कलक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि प्रयागराज के झलवा स्थित टिकैत पार्क में भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के स्मारक में लगा पत्थर असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। मूर्ति को हटाने का प्रयास भी किया। यह कार्य निंदनीय है जो किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और पार्क को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में चौधरी राजपाल सिंह, नल सिंह यादव, जुबैद आलम, सुलेमान अली, अकरम खां, गुलाम मोहम्मद, सूरजपाल, चंद्रकेश मिश्रा, सुनील यादव आदि शामिल रहे।

किसानों की समस्याओं का तत्काल कराएं निस्तारण

रामपुर, अमृत विचार : किसान दिवस में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुए किसान दिवस में किसानों ने अपनी समस्याएं बताईं। किसान नेता अजय बाबू ने बताया कि धान की रोपाई की जा रही है लेकिन पृथ्वीपुर माइनर एवं मुडिया माइनर में पानी नहीं है। राम कुंवर ने बताया कि ग्राम ढकिया विकास शाहबाद में 15 दिन से ट्रांस्फार्मर फुंका हुआ है। ग्राम बंजरिया निवासी मोहम्मद आलम ने बताया कि उर्वरक निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचे रहे हैं। नकली कीटनाशी का विक्रय किया जा रहा है। किसान नलसिंह यादव ने बताया कि आगापुर सीआरपी रोड पर पुलिया के निर्माण से परेशानी की शिकायत की।

बिजली कटौती से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों ने ग्रामीण क्षेत्र में मात्र आठ घंटे बिजली मिलने पर रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। गुरुवार को किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई है।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव साबिर अली के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को सौंपा। इसमें कहा है कि किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत की मूर्ति से प्रयागराज में छेड़छाड़ की गई है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मूर्ति को सही कराया जाए। शासन स्तर से किसानों के लिए 18 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के आदेश हैं। मगर अधिकारियों की मनमानी के चलते ग्रामीण क्षेत्र को आठ घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे किसान परेशान हैं। सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। टांडा-लालपुर मुख्य मार्ग पर तार का मझरा के आसपास मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए।

इस अवसर पर टांडा नगर अध्यक्ष मजहर अली उर्फ लाला, मोहम्मद जावेद, पूरन सिंह चौहान, साहिल, रईस अहमद, राम कुमार, फिरासत अली, रियासत अली, इंतिजार हुसैन, रजा अली, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

तहसील में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

- **किसानों ने एसडीएम को सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन**

कार्यक्रम | जिले के परिषदीय स्कूलों में मनाया जा रहा शिक्षा दिवस

बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले के परिषदीय स्कूलों में 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा दिवस मनाया जा रहा है। इसमें रोजाना बच्चों को अलग-अलग गतिविधियों से रूबरू कराया जा रहा है। गुरुवार को बच्चों ने सांस्कृतिक दिवस कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राष्टीय शिक्षा नीति के चार वर्ष पूरे हो चुके हैं। माध्यमिक व सरकारी स्कूलों में एक सप्ताह तक शिक्षा दिवस मनाने के आदेश दिए थे। इसके बाद सरकारी स्कूलों में 22 से 29 जुलाई तक शिक्षा दिवस मनाया जा रहा है। इसमें रोजाना शिक्षक बच्चों को तरह-तरह की गतिविधि करा रहे हैं। गुरुवार को सांस्कृतिक दिवस के बारे में गतिविधि कराई गई। इसमें शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को प्रमुख अतिथियों का स्वागत एवं भाषण के बारे में जानकारी दी। विभिन्न लोक नृत्यों के बारे में भी बताया। इसमें छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करें।

स्कूल में नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

आज मनाया जाएगा कौशल एवं इनीशिएटिव दिवस

शुक्रवार को कौशल एवं इनीशिएटिव दिवस मनाया जाएगा। इसमें संचार, बिक्री और विपणन के बारे में बताया जाएगा। 27 जुलाई को ईको क्लब दिवस मनाया जाएगा। 28 जुलाई को सामुदायिक भागीदारी दिवस का आयोजन होगा।

शासन के आदेश पर सप्ताह भर तक शिक्षा दिवस मनाया जा रहा है। इसमें बच्चों को नई-नई गतिविधियों से रूबरू कराया जा रहा है। यह सप्ताह 29 जुलाई तक चलेगा। **-राघवेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी**

प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में शिक्षा सप्ताह का आयोजन

22 से 28 जुलाई तक होने वाले शिक्षा सप्ताह का आयोजन मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। बच्चों ने बेटी बचाओ से संबंधित नृत्य, हमें होंगे कामयाब, गणेश वंदना और विभिन्न कविताएं प्रस्तुत कीं। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास व टीम भावना का विकास होता है। इस अवसर पर श्रष्टि खोखर, प्रिया सिंह, रेनू सिंह, गायत्री कमलेश आदि उपस्थित रहीं।

नवेद मियां ने निकोसिया में की भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने सायप्रस में भारत के उच्चायुक्त मनीष से मुलाकात की। दोनों के बीच शूटिंग के लिए संभावित स्थानों को अंतिम रूप देने के लिए फिल्मी इकाइयों को सायप्रस का दौरा करने के लिए आमंत्रित करने पर वार्ता हुई।

दोनों ने सायप्रस में एक फिल्म की शूटिंग के लिए बॉलीवुड प्रोडक्शन हाउस से बात करने का निर्णय लिया। उनके बीच साइप्रस के लिमासोल शहर में रॉयल फेबल्स प्रदर्शनियों के साथ रामपुर फूड वीकेंड की मेजबानी की संभावना पर भी चर्चा हुई। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ ने बताया कि मनीष भारत स्थित विदेश मंत्रालय में विभिन्न दायित्व संभाल चुके हैं। वह कोलंबो स्थित दूतावास में काउंसलर और वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूत भी रहे हैं। सायप्रस की राजधानी निकोसिया स्थित भारतीय दूतावास में मनीष 15 मई 2024 से उच्चायुक्त हैं। भारतीय उच्चायोग में सम्मान देने के लिए नवेद मियां ने उनका आभार जताया।

निकोसिया स्थित दूतावास में भारतीय उच्चायुक्त के साथ पूर्व मंत्री नवेद मियां।

सार संक्षेप

फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

तुरैहा मछुआ समाज ने फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया

रामपुर, अमृत विचार : तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में पूर्व सांसद फूलन देवी का 23वां शहादत दिवस मनाया गया। गुरुवार को सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर आयोजित कार्यक्रम में फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका शहादत दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि पूर्व सांसद बहन फूलन देवी का अत्याचारियों के खिलाफ संघर्ष करना महिलाओं के लिए प्रेरणा है। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा कि पूर्व सांसद फूलनदेवी की दिल्ली में संसद भवन के नजदीक गोलियों से छलनी करके हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या की सीबीआई जांच नहीं हो सकी। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, अर्जुन सिंह, प्रीतम सिंह, कमल उर्फ मुन्ना, मुरारी लाल, पंडित राम गोपाल, हरिशंकर, रमेश चंद, राजेश, अरविंद राज, सीपी सिंह, राम किशोर, अनिल कुमार, बाल किशन, गोविंद राम प्रधान, पवन कुमार, दिनेश कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, जावेश राम, पवित्र, मोहित कुमार, दिलीप कुमार, शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

टांडा, अमृत विचार : गुरुवार को उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। ओपीडी पंजिका में 128 रोगी अंकित मिले। औषधि वितरण पंजिका में 40 रोगियों की प्रविष्टि दर्ज थी। डॉ. अजय कुमार और डॉ. इदरीस सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित पाया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. सत्यवीर सिंह के बारे में बताया गया कि वह जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने गए हैं। दवा वितरण काउंटर पर मात्र 40 मरीजों की ही प्रविष्टि दर्ज मिली। एसडीएम ने इस अनियमितता पर सम्बंधित के प्रति नाराजगी जताई। उपजिलाधिकारी ने गेट के पास रखे विद्युत ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित ढंग से एक तरफ करने के निर्देश दिए।

रेवड़ी कलां के राजकीय इंटर कॉलेज में रंगोली बनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

रंगोली प्रतियोगिता में टीम मुस्कान रही अव्वल

शाहबाद, अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज रेवड़ी कलां में रंगोली प्रतियोगिता हुई। आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इसमें कक्षा 12 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में मुस्कान बी की अगुवाई वाली टीम को विजेता घोषित किया गया। टीम में लक्ष्मी, राखी, इंशा, हिना शामिल रहीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. अरशद अली, संदीप भारती, मुजीब-उर-रहमान खान, वीरपाल, मनोज कुमार, फात्मा बी, दुर्गा प्रसाद, मोहम्मद आरिफ, रंजीत सिंह, मेहराज बानो एवं पूनम आदि उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर बीएसए से की वार्ता

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल के साथ तमाम शिक्षक बेसिक शिक्षाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। इसके बाद बीएसए राघवेंद्र सिंह से रिजेक्ट हुई मैटरनिटी लीव और सीसीएल के संबंध में वार्ता की। तय हुआ कि मैटरनिटी लीव डिलीवरी से दो माह से पूर्व नहीं दी आएगी। मैटरनिटी लीव और सीसीएल के लिए शिक्षिका को कम से कम सात दिन पूर्व प्रार्थना पत्र अपलोड करना होगा। जो शिक्षिकाएं सीसीएल बच्चों की बीमारी पर लेना चाहती हैं, उन्हें डॉक्टर से देखभाल का परामर्श दिनों सहित लिखवाना होगा। जिन शिक्षिकाओं के बच्चे तीन वर्ष से छोटे हैं, उनके प्रकरण में उदारता बरती जाएगी। एक कैलेंडर वर्ष में तीसरी सीसीएल विषम परिस्थितियों में ही स्वीकृत की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उनसे शिक्षा और विद्यालय के स्तर में गुणात्मक सुधार करने की अपील की। इस अवसर पर जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, महेंद्र प्रताप सिंह, अंजुम स्नेही सक्सेना, एकता गुप्ता, राना तलत, रवेन्द्र गंगवार, मनोज कुमार सागर, गौरव गंगवार, ज्योति चौधरी, श्वेता सैनी, अनीता, विमलेश शर्मा, रश्मि, विशाखा जाखड़, पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

एचटी लाइन के तार टूटने से छह घंटे ठप रही बिजली

रामपुर, अमृत विचार : एचटी लाइन के तार टूटने से अस्तबल रोड समेत आसपास के कई मोहल्लों की बिजली छह घंटे ठप रही। गुरुवार की रात करीब 12 बजे पनवड़िया के पास 11 हजार केवीए की लाइन के तार टूट गए। अधिकारियों ने इसे सही कराने के लिए कर्मचारियों से पेट्रोलिंग कराई। इसे सही करने में सुबह के छह बजे गए। इसके चलते अस्तबल रोड, दोमहला, तालाब निहालुद्दीन, बांस मंडी, अंगूरी बाग और पुराना गंज के आधे क्षेत्र की आपूर्ति छह घंटे ठप रही। एसडीओ द्वितीय पीके सिंह ने बताया कि तारों की मरम्मत के बाद सुबह सुबह छह बजे आपूर्ति सुचारु करा दी गई।

एडी पशुपालन ने केयर टेकर को गोशाला से हटाया

मसवासी, अमृत विचार : नगर की कान्हा गोशाला से 36 गोवंश गायब होने का मामला गुरुवार को अखबारों की सुर्खियां बना तो हड़कंप मच गया। गोशाला पहुंचे एडी पशुपालन राजेंद्र प्रसाद माहौर ने ईओ मनोज कुमार मिश्रा, सीवीओ डॉ. महेश कौशिक और डिप्टी सीवीओ डॉ. मनीष राठी से जानकारी ली। ईओ मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों को गुमराह करने एवं झूठी अफवाह फैलाने के मामले में केयर टेकर सौरभ को गोशाला से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि 36 गोवंशीय पशुओं के गायब होने की पुष्टि नगर पंचायत प्रशासन और पशुपालन विभाग के द्वारा नहीं की गई है।

किसानों ने प्रदर्शन कर मांगी 18 घंटे बिजली

बिलासपुर, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली न मिलने से आक्रोशित किसान अशोकनगर बिजलीघर पहुंचे। उन्होंने भाकियू चढ़नी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन व नारेबाजी की। सूचना पर पहुंचे एसडीओ अभय सिंह को किसानों ने बताया कि मंगतपुर फीडर के गांवों को मात्र एक-दो घंटे आपूर्ति मिल रही है। एसडीओ ने छह घंटे दिन तथा 12 घंटे रात में विद्युतापूर्ति देने का आश्वासन दिया। इस दौरान सतपाल सिंह, अजयवीर सिंह, गुरवंत सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, निशांत सिंह, प्रीतपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

स्वार, अमृत विचार : मसवासी चौकी के एक गांव निवासी महिला पांच जुलाई की शाम अपने घर थी। उसका पति बाहर गया था। उसने छत का पानी निकालने के लिए पाइप लगा रखा है। इसी बात को लेकर पड़ोसी आ गए और पाइप तोड़ दिया था। विरोध पर दबंग ने घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। अलमारी तोड़कर 34 हजार रुपये, गले से सोने की चैन व मोबाइल लूट कर ले गए। महिला ने मसवासी चौकी में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने टरका दिया। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रुस्तम अली, अकरम अली, समीर, तौकीर अहमद, मुराद अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामूली विवाद में छात्रों ने छात्राओं को पीटा

मिलक, अमृत विचार : सिंगरा गांव में स्कूली बच्चे आपस में भिड़ गए। छुट्टी के बाद छात्रों ने शिक्षिकाओं के सामने ही छात्राओं की जमकर धुनाई कर दी। जानकारी पर आक्रोशित परिजन अपनी पुत्रियों एवं शिक्षिकाओं के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने छात्रों के घर दबिश दी। मामला दो समुदायों होने के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बेहोश मिले अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

संभल, अमृत विचार : गांव मोलनपुर हरि बाबा धाम के पास बुधवार की देर रात 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की अवस्था में पड़ा हुआ था। यहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

छात्र महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखें

संभल, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कला संकाय के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। डॉ.नौमी प्रिया ने छात्र छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। संबंधित समिति की जानकारी दी ताकि छात्र छात्राओं को भविष्य में भटकना न पड़े। डॉ.अब्दुल रहमान ने छात्र छात्राओं को अनुशासन बनाए रखने के लिए कहा। डॉ.जीत सिंह ने वोकेशनल कोर्स के बारे में जानकारी दी। डॉ.राष्ट्रवर्धन ने महाविद्यालय के नियमों का पालन किया जाए। ड्रेस कोड सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है। इस दौरान डॉ.तनुज कुमार, डॉ.आसिम, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, सबा खान आदि रहे।

आईजीआरएस पर मिली शिकायतों के निस्तारण में देरी पर होगी कार्रवाई

डीएम ने डीपीओ, डीएसओ व एसओसी चकबंदी को लगाई फटकार

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : डीएम ने डीपीओ ,डीएसओ व एसओसी चकबंदी की आईजीआरएस पोर्टल शिकायतों के समय से निस्तारित न होने पर फटकार लगाई। शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समय से निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा ने विभिन्न विभागों की आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायत व डिफॉल्टर शिकायत निस्तारण के बारे में डीएम को जानकारी दी।

डीएम राजेंद्र पैंसिया ने डीपीओ, डीएसओ व एसओसी चकबंदी द्वारा शिकायतों का निस्तारण नहीं किए जाने पर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि तहसील गुन्नौर के ग्राम चबूतरा की शिकायत का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें। रजपुरा के बीडीओ को स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायतों का निस्तारण करने की हिदायत दी। निस्तारण के दौरान दो गवाहों एवं उनके मोबाइल नंबर सहित फोटो अपलोड किए जाएं। डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आगामी बैठक में आईजीआरएस देख रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों को भी साथ लेकर आएं।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

कलेक्ट्रेट में धूम्रपान पर 10 से वसूला जुर्माना

बहजोई, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कलेक्ट्रेट परिसर व दफ्तरों में धूम्रपान निषेध अभियान चलाया। जिसके तहत निरीक्षण के दौरान धूम्रपान करते पाए गए 10 लोगों से जुर्माना वसूला गया। कलेक्ट्रेट परिसर में धूम्रपान न करने की चेतावनी दी गई। डीएम राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कलेक्ट्रेट परिसर तथा कलेक्ट्रेट में स्थित सरकारी दफ्तर में धूम्रपान निषेध अभियान के तहत टीम ने जहां सरकारी दफ्तरों में पहुंचकर धूम्रपान कर रहे कर्मचारियों पर अर्थदंड लगाया तो वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में धूम्रपान कर रहे लोगों पर भी जुर्माना लगाते हुए उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में धूम्रपान नहीं करने की चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि कलेक्ट्रेट को धूम्रपान मुक्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम को सक्रिय किया गया।

नकदी व जेवर समेत लाखों का सामान चोरी

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक रात में दो घरों को निशाना बनाया। दो घरों से 76 हजार की नकदी, जेवर समेत लाखों रुपये का माल लेकर निकल गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के गांव भगतानगला निवासी बलवीर पुत्र बलवंत का परिवार बुधवार की रात गर्मी के कारण आंगन में सो रहा था। इस बीच देर रात चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में जाकर 60 हजार की नकदी, सोने-चांदी के लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने गांव के बाहरी छोर पर स्थित कुंवरसैन पुत्र मुग्गी के घर को भी निशाना बनाया। दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए चोर 16 हजार की नकदी और जेवर समेट ले गए। दो घरों में लाखों रुपये की चोरी की जानकारी गुरुवार को सुबह हुई। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली हैं। जांच पड़ताल की जा रही है।

डीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

डीआईओएस कार्यालय पर गरजे माध्यमिक शिक्षक

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपकर समस्याओं का शीघ्र समाधान की मांग की और न होने पर आंदोलन और तेज करने की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष मोहित कुमार सक्सेना के नेतृत्व में शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी 23 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी सुभाष चंद शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की जायज मांग को सरकार पूरा नहीं कर रही है। शिक्षक समुदाय का मत है कि नई पेंशन योजना शिक्षक की वृद्धावस्था में इस जीवन स्तर के साथ जीवन यापन करने योग्य नहीं है जिस जीवन स्तर पर शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहा है इसलिए पुरानी पेंशन सरकार बहाल करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1998 में शिक्षकों द्वारा की गई हड़ताल अवधि का अवरुद्ध वेतन उनके अर्जित अवकाशों को समायोजित करते हुए भुगतान किया जाए।

काला दिवस मना कर की शिक्षक बनाने की मांग

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : जिले भर के शिक्षामित्रों ने शिक्षक से शिक्षामित्र बनाए जाने को लेकर काला दिवस मनाया। बीएसए दफ्तर पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को देकर फिर से शिक्षक बनाए जाने की मांग उठाई।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ व आदर्श वेलफेयर एसोसिएशन शिक्षक शिक्षा मित्र संघ से जुड़े सभी शिक्षामित्रों ने गुरुवार को काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य किया। इसके बाद वह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने काला दिवस मनाते हुए बीएसए से दफ्तर पर जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षामित्र पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पार्क में पहुंचे। जहां पर उन्होंने मृतक शिक्षामित्रों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शिक्षामित्र कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रदीप वर्मा को सौंपकर फिर से शिक्षक बनाए जाने की शिक्षामित्रों ने मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष गिरीश यादव, नेपाल सिंह, अशोक यादव, रवींद्र खारी, रजनीश शर्मा, उमेश कुमार सोली, हरीश यादव, सतपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, शरद सिंह, ओंमकार सिंह, मोहम्मद अली, रानी देवी, हेमवती, कमलेश कुमारी, सुधीर शर्मा आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।

बहजोई में प्रदर्शन कर मार्च निकालते शिक्षा मित्र। ● अमृत विचार

- **पहले काली पट्टी बांधकर स्कूलों में किया शिक्षामित्र ने शिक्षण कार्य**
- **पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षामित्र, एडीएम को सौंपा ज्ञापन**

सीओ चकबंदी की कार से घायल हुआ दंपति

संभल, अमृत विचारः हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर सीओ चकबंदी की कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गया। सीओ चकबंदी ने कार से दंपति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर किया गया।

मुरादाबाद के मुहल्ला प्रेमनगर निवासी सोनू गुरुवार की शाम पांच बजे बाइक पर सवार होकर पत्नी अंजू के साथ हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा स्थित ससुराल जा रहा था। सोनू बाइक लेकर जैसे ही संभल बहजोई मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर के पास पहुंचा। बहजोई की ओर से आ रहे सीओ चकबंदी ,संभल राजकुमार वर्मा की कार से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे सोनू व अंजू गंभीर रुप से घायल हो गए। सीओ चकबंदी ने घायल दंपति को उपचार के लिए अपनी कार से जिला अस्पताल पहुंचाया।

सरेआम अपहरण कर बनाया बंधक, पांच लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- **तीनों एक प्लाट की रजिस्ट्री के सिलसिले में गुन्नौर आए थे**

अमृत विचार : मुरादाबाद जिले के थाना मझोला के मैनाठेर निवासी एक व्यक्ति और उसके दो साथियों का अपहरण करने का आरोप पहली पत्नी व पुत्र सहित पांच लोगों पर लगा है। तीनों एक प्लाट की रजिस्ट्री के सिलसिले में गुन्नौर आए थे तभी आरोपियों ने अपहरण कर लिया। कथित अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटने के बाद कोतवाली में महिला समेत पांच लोगों के नाम से रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार कर लिया है।

मैनाठेर निवासी बन्ने शाह ने पहली पत्नी जरीना को छोड़ कर दूसरी शादी कर ली थी। पहली पत्नी जरीना अपने बेटे सुहैल के साथ अपने मायके रजपुरा में रह रही है। बुधवार को बन्ने शाह एक प्लाट की रजिस्ट्री के सिलसिले में गुन्नौर आया था। साथ में मैनाठेर निवासी रियाजुद्दीन व एक अन्य साथी भी था। दोपहर करीब दो बजे तीनों वकील के चैंबर से गाड़ी में रखे कागजात लेने गये तभी पहले से घात लगाए जरीना पत्नी बन्ने शाह, उसका बेटा सुहैल, रजपुरा निवासी अमन, तौफीक और सद्दीक ने गाड़ी की चाबी और मोबाइल छीन लिया और तीनों को जबरन गाड़ी में डाल कर रजपुरा ले जाकर घर में बंद कर दिया। वहां तीनों के साथ मारपीट की गई। चीख पुकार सुन करआसपास के लोग आ गए तो पांचों आरोपी भाग गए। रियाजुद्दीन की ओर से कोतवाली में महिला सहित पांच के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि पांच लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

सार संक्षेप

पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते अधिष्ठापन अधिकारी मीनू कमल वार्ष्णेय।

पदाधिकारियों ने सामाजिक सेवा का लिया संकल्प

बहजोई, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला उन्नति के अधिष्ठापन समारोह में अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल व सचिव नैना वार्ष्णेय सहित नए सदस्यों को अधिष्ठापन अधिकारी ने पद की शपथ और सामाजिक सेवा में भागीदारी करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फेडरेशन के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं जायंट्स प्रार्थना के साथ किया। इसके बाद यूनिट डायरेक्टर अधिष्ठापन अधिकारी मीनू कमल वार्ष्णेय ने अध्यक्ष अनुपम अग्रवाल, सचिव नैना वार्ष्णेय व कोषाध्यक्ष मेघारति सहित नए सदस्यों को पद की शपथ दिलाई, साथ ही सामाजिक सेवा में बढ़-कर कर भागीदारी करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश अग्रवाल ने कहा कि सभी पदाधिकारी व सदस्य एकजुट होकर सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। गरीब असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आकर काम करें। जायंट्स ग्रुप इसी के लिए जाना जाता है।

महिला शक्ति संगठन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चार अगस्त को हरियाली तीज पर होंगे कार्यक्रम

संभल, अमृत विचार : महिला शक्ति संगठन की पीलाखदाना में गायत्री आर्य के आवास पर हुई। बैठक में आगामी तीज उत्सव मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। कहा गया कि चार अगस्त को हयातनगर के जर्मन वाला मंदिर पर कार्यक्रम होगा। संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने महिलाओं से कार्यक्रम में हरे रंग की साड़ी पहनकर आने को कहा। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलों को लेकर भी चर्चा की गई। अंत में समिति की सदस्य सोनिया वार्ष्णेय के पति बबलू वार्ष्णेय के निधन पर महिलाओं ने मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान नीलम, मधु, नेहा, वर्षा, माधुरी, दीप्ति, कल्पना, प्रीति, निशि, पुष्पा, रिचा, कविता, साधना, अंजना, गायत्री, संतोष, रेखा आदि रहीं।

रोवर्स रेंजर्स का उद्देश्य समाजसेवा भी होना चाहिए

संभल, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। प्राचार्य ने कहा कि हमें किसी भी काम को पूरी लगन से करना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य और समाज सेवा भी उद्देश्य होना चाहिए। शिविर में प्रशिक्षक जिला स्काउट आयुक्त मोहित कुमार द्वारा सिखाने पर शिविरार्थियों ने गांठें एवं बंधन का प्रयोग करते हुए तंबू, पुल निर्माण किया। डॉ.भीमराव आंबेडकर टोली ने तंबू, वीर भगत सिंह टोली ने मंकी ब्रिज, रानी लक्ष्मीबाई टोली ने टेंट बनाकर प्रतिभा दिखाई। प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ.नौमी प्रिया ने किया जबकि रोवर्स प्रभारी डॉ.राष्ट्र वर्धन ने प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान आदि रहे।

बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक।

पुरानी पेंशन के लिए विकल्प पत्र लेने की उठाई मांग

संभल, अमृत विचार : अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर उन्हें उर्दू बीटीसी शिक्षकों के भी पुरानी पेंशन के लिए विकल्प पत्र लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किए जाने के लिए विकल्प की व्यवस्था के संबंध में शिक्षकों व कार्मिकों से विकल्प पत्र मांगे गए हैं। भर्ती उर्दू बीटीसी 2005 के बैच का विज्ञापन 16 फरवरी 2005 को प्रकाशित है। इसलिए शासन द्वारा निकाले गए आदेश 28 मार्च 2005 से पहले के सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन विकल्प पत्र भरने के लिए अर्ह हैं। ऐसे में उर्दू बीटीसी 2005 के शिक्षकों को भी शामिल करते हुए विकल्प पत्र लिए जाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहम्मद उमर, सैयद मोनिस हसन, सैयद फरमान हुसैन, नईमुद्दीन अली, शोएब, अजीमउर्रहमान खान, लाइक अहमद रहे।

अधिवक्ता बोले, चकबंदी विभाग में हो रहा वादकारियों का शोषण

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उप संचालक चकबंदी से मिलकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उप संचालक चकबंदी ने समस्याओं के जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने उप संचालक चकबंदी सुरेश कुमार जायसवाल को बताया कि उनका अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों पर कोई अंकुश नहीं है। खुलेआम वादकारियों का शोषण हो रहा है। वादों में न्यायिक प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है। लंबे समय तक आदेश पारित नहीं किए गए हैं। उप संचालक चकबंदी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण कराएंगे। सभी न्यायालयों एवं कार्यालयों का मुआयना कर अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए जाएंगे। जरूरी हुआ तो अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान देवेंद्र पाल, शरद भारद्वाज, प्रदीप कुमार गुप्ता, रवेंद्र सिंह रवि, मुस्तकीम अहमद, राजीव भटनागर, सचिन चौहान, जावेद हुसैन, प्रमेंद्र सिंह, डॉ.अमित कुमार उठवाल आदि रहे।

उप संचालक चकबंदी से वार्ता करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **कहा, वादों में न्यायिक प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही है**
- **लंबे समय तक आदेश पारित नहीं किए गए हैं**

जमीन को लेकर मारपीट चार लोग घायल

संभल, अमृत विचारः हयातनगर थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद में हुई मारपीट में एक पक्ष के पिता पुत्र सहित चार लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव ऐंचोली निवासी रामरक्षपाल ने गुरुवार को बताया कि गांव के ही व्यक्ति से जमीन का विवाद चल रहा है। तीन दिन पहले व्यक्ति ने रात को राजमिस्त्री से जमीन पर ईंटों की बाउंड्री कराकर कब्जा कर लिया। गुरुवार को शिवकुमार का बेटा अनुपम मोबाइल फोन से बाउंड्रीवाल की वीडियो बना रहा था। आरोप है कि व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। जिसकी सूचना अनुपम ने अपने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे रामरक्षपाल व उसके बेटे मुनेंद्र, पिंटू, राजकुमार को व्यक्ति ने अपने परिवार के लोगों के साथ घेर लिया और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद रामरक्षपाल बेटों सहित थाने आ गया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते दिव्यांग। ● अमृत विचार

दिव्यांगों ने प्रदर्शन कर उठाई मांगें

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के बैनर तले दिव्यांगों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन 5000 रुपये करने समेत कई मांगें उठाईं।

राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में दिव्यांग ब्लाक कार्यालय में जुटे। दिव्यांगों ने तहसीलदार रवि सोनकर को प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पेंशन को 5000 रुपये किए जाने, दिव्यांगों के लिए बनी योजनाओं एवं नियमों को लेकर प्रचार प्रसार करने, दिव्यांगों को शिक्षा से जोड़ने के लिए उचित प्रबंध करने, 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वालों के जीवित होने का वेरिफिकेशन घर बैठकर किए जाने, दिव्यांगों को मुफ्त बिजली दिए जाने समेत कई मांगें उठाईं।

सड़क किनारे पलटा ट्रक, चालक घायल

संभल, अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर विपरीत दिशा में आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक घायल हो गया।

संभल के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी चालक इरफान गुरुवार की सुबह छह बजे खाली ट्रक लेकर संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी की ओर जा रहा था। इरफान ट्रक लेकर जैसे ही गांव खग्गूपुरा के पास पहुंचा। सामने से आ रहे बाइक सवार ने अचानक अपना वाहन विपरीत दिशा में घुमा दिया। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे में इरफान घायल हो गया, जबकि ट्रक में सवार एक व्यक्ति हादसे में बाल बाल-बच गया।आसपास के लोगों ने खिड़की खोलकर चालक को ट्रक से बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

अनदेखी बीमारियों का अंदेशा, लोगों ने उठाई सड़क किनारे से गंदगी हटवाने की मांग

सड़क किनारे कूड़ा फेंक रहा नगर पंचायत

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : नगर पंचायत गुन्नौर की ओर से हाईवे किनारे अस्थाई डंपिंग ग्राउंड बनाकर कूड़ा फेंक रहा है। जिसमें पनप रहे मच्छरों के कारण बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है। साथ ही सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। मच्छर के आंख में गिरने पर हादसे का अंदेशा बना रहता है।

सफाई कर्मी कस्बे से उठाया गया कूड़ा-कचरा गुन्नौर से बबराला रोड पर कन्या महाविद्यालय के सामने सड़क की दूसरी तरफ डाल रहे हैं। जिससे सड़क तक बदबू उठती रहती है। वहीं यह स्थान मच्छरों का साम्राज्य बन गया है। बरसात के बाद कूड़े के ढेर इतनी दुर्गंध उठ रही है कि नाक पर कपड़ा रखे बगैर यहां से निकल पाना मुश्किल है। गांव तरफरी निवासी मेघसिंह ने बताया कि वह बबराला आते-जाते रहते हैं लेकिन सड़क पर इतने मच्छर हैं कि बिना चश्मे के दो कदम भी आगे बढ़ पाना मुश्किल है। दौलतपुर निवासी अशोक ने बताया कि रविवार को गंगा स्नान करने राजघाट जाते समय उनकी आंख में मच्छर चला गया। जिसके चलते दोपहिया वाहन पर उनका संतुलन बिगड़ गया तथा वह सड़क किनारे गिर गए। जिससे उन्हें चोट भी आई। करीब तीन दिन तक आंख में जलन व सूजन रही। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे से गंदगी के ढेर हटाए जाएं व मच्छरों के खात्मे के लिए दवा का छिड़काव कराया जाए।

गुन्नौर में सड़क किनारे लगे कूड़े के ढ़ेर। ● अमृत विचार

> नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने सड़क किनारे डाला गया कूड़ा उठवाने की रिपोर्ट दी गई। मैंने स्थलीय निरीक्षण में मौके पर कूड़ा पड़ा पाया। इसे तुरंत हटवाया जा रहा है। ईओ के विरुद्ध झूठी रिपोर्ट आख्या देने पर कार्रवाई के लिए लिखा गया है।
>
> **-दीपक कुमार चौधरी, उपजिलाधिकारी, गुन्नौर**

> मच्छरों के काटने से मलेरिया तक हो सकता है। इसलिए जहां तक संभव हो सके हमें अपने शरीर को ढक कर रखना चाहिए। अगर मच्छर आपकी आंख में चला जाए तो उसे मसलना नहीं चाहिए बल्कि साफ पानी के छींटे लगाने चाहिए।
>
> **-डॉ.पवन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी गुन्नौर**

बाइक सवार कांवड़ियों को हेलमेट पहनाते एआरटीओ। ● अमृत विचार

बाइक सवार कांवड़ियों को पहनाए हेलमेट, बताए नियम

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सावन महीने के मद्देनजर परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और बदर मोटर एजेंसी की ओर से चंदौसी चौराहा पर कांवड़ लेने जा रहे बाइक सवार शिव भक्तों को हेलमेट पहनाए । कांवड़ियों को सुरक्षित सफर करने के लिए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कहा गया कि हेलमेट लगाकर ही बाइक पर चलें। करीब 150 हेलमेट वितरित किए गए। यह हेलमेट कांवड़ियों के अलावा दो पहिया वाहन चालकों को भी दिए। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता, लेखाकार बादाम सिंह, बाबू राजवीर सिंह, शानू अंसारी, शशांक कुमार, गौरव कुमार के अलावा मोहसिन रजा, पर्यवेक्षक साबिर खान आदि रहे।

एक नजर

युवक ने पीया कीटनाशक, मौत

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र एक गांव में घरेलू कलह के चलते 22 वर्षीय युवक ने गुरुवार को घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन युवक को उपचार के लिए पास के ही निजी डॉक्टर के पास लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को बिना सूचना दिए ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात्रि एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला का पति से घर व जमीन को लेकर विवाद हुआ था और मध्य रात्रि के बाद संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। सुबह होने पर ग्रामीणों की सूचना पर महिला के मायके पक्ष के लोग पहंचे और ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया और पुलिस को बिना सूचना दिए ही महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

लापता महिला की खेत में मिली निर्वस्त्र लाश

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी स्थित बिजली घर के पीछे मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी स्थित बिजली घर के पीछे खेत में दो दिन से लापता महिला की निर्वस्त्र लाश मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के शव के पास फटे कपड़े पड़े मिले। जबकि कुछ दूरी पर दूसरे खेत की मेड़ के पास दुपट्टा और चप्पल मिली है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस के अलावा एएसपी और सीओ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी की।

मधुबाला।

थाना क्षेत्र के गांव डारनी स्थित बिजली घर के पीछे गांव के ही तोताराम का खेत है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे वह खेत पर पहुंचे तो वहां एक महिला की सड़ी-गली निर्वस्त्र लाश पड़ी थी। लाश के पास महिला के कपड़े फटे पड़े थे। ये देख तोताराम ने तत्काल ग्राम प्रधान अनिरुद्ध को जानकारी दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर दोपहर 12 बजे थानाध्यक्ष संदीप कुमार बालियान मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद एएसपी श्रीश चंद्र और सीओ प्रदीप कुमार सिंह भी पहुंच गए। महिला का चेहरा खराब हो गया था। जिससे शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। कुछ देर बाद ही पति रजवंत पुत्र दिलसुख निवासी गांव बलकरनपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ ने मौके पर पहुंच कर महिला की शिनाख्त अपनी पत्नी मधुबाला (32) के रूप में की। पति रजवंत ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को अपराह्न करीब चार बजे महिला कुढ़फतेहगढ़ से दवा लाने की बात कह कर घर से निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। आसपास के गांव और रिश्तेदारियों में तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। लाश के पास कुर्ता और सलवार फटी हुई मिली तो कुछ दूरी पर पड़ोसी के खेत स्वामी सिपाही लाल के खेत की मेड़ के निकट झाड़ियों के पास दुपट्टा और चप्पल मिली।

घटनास्थल पर महिला के पति से पूछताछ करते सीओ। ● अमृत विचार

बच्चों से छिना मां का आंचल

चन्दौसी, अमृत विचार : महिला मधुबाला की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। महिला के तीन बेटी और एक बेटा है। सबसे बड़ी बेटी संतोष 12 वर्ष, बेटा शिव कुमार 10 वर्ष, बेटी शालिनी 5 वर्ष व अंशिका एक वर्ष की है। मासूम अंशिका से मां का आंचल छिन गया।

> थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी के जंगल में महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> -श्रीश चंद्र, एएसपी, संभल

दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

संभल, अमृत विचारः कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर दो बाइकों में आमने सामने भिड़ंत में अमरोहा जनपद निवासी एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए।

अमरोहा जिले के गांव आदमपुर निवासी राकेश 28 वर्ष गांव में वेल्डिंग की दुकान चलाता था। गुरुवार को राकेश संभल से शाम साढ़े पांच बजे बाइक से घर जा रहा था। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी आकाश व अक्षय बाइक पर सवार होकर गवां से संभल आ रहे थे। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी के नजदीक बन रहे गंगा एक्सप्रेस वे के पास संभल गवां मार्ग पर दोनों बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत हो गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर आकाश व अक्षय को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

राकेश की फाइल फोटो

सार संक्षेप

प्रजापति सेवा समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : प्रजापति समाज सेवा समिति संभल की गुरुवार को गुमथल रोड पर संगठन मंत्री नेम सिंह के आवास पर बैठक हुई। बैठक में 28 जुलाई को बहजोई स्थित डीआर रिसोर्ट में होने वाले प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। संगठन मंत्री नेम सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समाज के छात्र-छात्राएं 26 जुलाई दिन शुक्रवार तक फार्म जमा कर दें। ।जिला महासचिव ओमप्रकाश प्रजापति ने कार्यक्रम की रुपरेखा पर जोर देते हुए बताया कि सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित बिंदुओं के अनुसार ही कराए जाएंगे। जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर प्रतिवर्ष होने वाला यह प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह खास होगा। कार्यक्रम में कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति सहित समाज की अनेक हस्तियां भाग लेंगी।

संभल से हरिद्वार रवाना होते कांवड़िये। ● अमृत विचार

हरिद्वार रवाना हुआ 40 शिव भक्तों का जत्था

संभल, अमृत विचार : सावन के महीने में संभल जिले से गंगा घाटों के लिए कांवड़िये रवाना होने लगे हैं। कांवड़ में गंगाजल लेकर आने को लेकर शिव भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है। बुधवार को संभल के मुहल्ला आलम सराय मालियों वाला से 40 शिव भक्तों का जत्था गंगाजल लाने के लिए हरिद्वार रवाना हुआ। इससे पूर्व शिव भक्तों को लोगों ने तिलक लगाकर और फूल माला पहनाईं। शिव भक्तों ने बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए हरिद्वार का रुख किया। इस दौरान सुरक्षा में पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

गांव दियौरा खास से हरिद्वार को रवाना होता कांवड़ियों का जत्था।

दियौरा खास से कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास से चालीस लोगों का एक जत्था गुरुवार को हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। जत्थे में करीब 40 शिव भक्त का जत्था चामुंडा देवी मंदिर एवं धुविया वाले शिव मंदिर पर पूजा अर्चना कर ट्रैक्टर-ट्राली से डीजे के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। जाते समय परिवार की महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंगलमय यात्रा की कामना के साथ विदा किया। इस दौरान महादेव के जयकारे गूंजते रहे। जत्थे में मनवीर सिंह, अभिषेक शर्मा, अविल शर्मा, उदयवीर मौर्य, अरविंद मौर्य, रनवीर सिंह, टिंकू यादव, संदीप शर्मा, पूरन सिंह, पर्वत सिंह, अनेकपाल आदि शामिल हैं।

यात्रियों से पूछताछ करते जीआरपी व आरपीएफ के प्रभारी।

रेलवे स्टेशन पर चलाया चेकिंग अभियान

चन्दौसी, अमृत विचार : सावन माह को लेकर जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। गुरुवार की शाम थाना जीआरपी प्रभारी राजदेव पूनिया व आरपीएफ प्रभारी लोकेश कुमार ने जवानों के साथ रेलवे स्टेशन, प्रतीक्षालय व आसपास समेत ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें यात्रियों के सामान को चेक किया। बताया गया कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बेवजह लोग रेलवे स्टेशन पर न आएं।

किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

गुन्नौर, अमृत विचार : जंगल में शौच को गई किशोरी से युवक ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार दोपहर एक वर्षीय किशोरी घर से शौच करने के लिए जंगल में गई थी। वहां पहले से ही एक युवक खेत में छिपा था। आरोप है कि युवक ने किशोरी को पकड़ लिया और दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे कर भाग गया। किशोरी ने घर लौट कर मां को आपबीती सुनाई। मां की तहरीर पर पुलिस ने शिवम शर्मा निवासी गांव जगन्नाथपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि आरोपी की धरपकड़ का प्रयास किया जा रहा है।

संसद भवन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मिलता प्रतिनिधि मंडल।

राहुल गांधी से दिल्ली में मिले चन्दौसी के लोग

चन्दौसी, अमृत विचार : शहर के संभ्रांत नागरिकों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को दिल्ली जाकर संसद भवन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मिला। प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने राहुल गांधी से शहर चन्दौसी की समस्याएं उठाईं तथा हाथरस में एक वाल्मीकि परिवार पर हो रहे अत्याचार की शिकायत की। राहुल गांधी ने प्रतिनिधि मंडल से इन शिकायतों को संसद में उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विमल चौधरी, शमशाद, सुभाष वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

उमस से राहत, सड़कों पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : गुरुवार को आधा घंटा झमाझम बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। शाम को आसमान में काले बादल छाए हुए थे।

गुरुवार को दोपहर दो बजे झमाझम बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं बच्चे टोलियों के रूप में सड़क पर हुए जलभराव में अठखेलियां करते नजर आए। आधे घंटे की बारिश से स्टेशन रोड, राम स्वरूप रोड, आवास विकास, संभल गेट, कागजी मोहल्ला आदि स्थानों पर जलभराव हो गया। एक से डेढ़ घंटे के बाद सड़कों से पानी उतरने पर लोगों ने राहत महसूस की। वहीं शहर के कुछ स्थानों पर रिमझिम बारिश ही हुई।

गुरुवार को हुई बारिश के बाद स्टेशन रोड पर जलभराव से गुजरते वाहन।

बूंदाबांदी से बढ़ी उमस, लोग बेहाल

संभल, अमृत विचार : गुरुवार को सुबह से ही प्रचंड गर्मी रही लेकिन दोपहर में बूंदाबांदी के बाद उमस बढ़ गई। उमस के चलते लोग बेहाल हो गए। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित है। आलम यह है कि कुछ देर की बारिश के बाद फिर गर्मी बढ़ने पर लोग परेशान हैं। गुरुवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप के कारण गर्मी ने तेवर दिखाए। पंखे, कूलर से भी राहत नहीं मिल रही। दोपहर के वक्त बूंदाबांदी होने के बाद तो हालात और भी खराब होने लगे। उमस बढ़ने पर लोग बेहाल हो गए। शाम के वक्त भी किसी तरह की कोई राहत नहीं मिल पाई।

जलनिगम के गड्ढों से धंस गई सड़क

चन्दौसी, अमृत विचार : मोहल्ला कुरैशियान नई बस्ती में जलनिगम द्वारा खोदी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। जिससे सड़क में बने गड्ढे में बारिश का पानी जाने से आसपास की सड़क भी धंस गई है। जिससे रात के समय आवागमन के दौरान हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

कुरैशियान नई बस्ती में नगर पालिका के सभासद नईम का मकान है। उनके घर के पास जलनिगम द्वारा पाइप लाइन डालने को गड्ढा खोदा गया था। पाइप लाइन डालने के बाद मिट्टी डालकर गड्ढे को बंद कर दिया। बारिश होने पर गड्ढे में पानी जाने से आसपास की सड़क भी जर्जर होना शुरू हो गई है। सड़क संकरी होने से रात के समय पैदल आने-जाने वाले लोगों के साथ हादसा होने का खतरा बना हुआ है। सभासद ने नगर पालिका से शीघ्र ही गड्ढे को दुरुस्त कराने की मांग की है।

पत्नी और दो बच्चों को जलाकर मारने का प्रयास

संवाददाता, बबराला

● अवैध संबंध के विरोध पर व्यक्ति ने ऐसा किया

अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के बबराला में व्यक्ति ने कमरे में केरोसीन छिड़ककर आग लगा दी। सोती पत्नी व दो बच्चों को जिंदा जलाकर मारने का प्रयास किया। पत्नी का आरोप है कि दूसरी महिला से अवैध संबंध के विरोध पर व्यक्ति ने ऐसा किया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पीड़िता मीनू यादव का कहना है कि उसकी शादी दस साल पहले स्टेशन रोड बबराला निवासी विजय कुमार के साथ हुई थी। मीनू के दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि विजय कुमार के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध हैं। जिसके चलते उसकी व दोनों बच्चों की हत्या कर रास्ते से हटाने पर आमादा है। आरोप है कि दो दिन पहले विजय कुमार ने बेटे जय यादव को बेरहमी से मारा पीटा। जिससे वह बेहोश हो गया। मीनू ने बेटे को बचाया। जिससे विजय कुमार आग बबूला हो उठा। आरोप है कि मंगलवार की रात मीनू और उसके दोनों बच्चे कमरे में सो रहे थे। तभी विजय कमरे में आया और पत्नी व बच्चों के बिस्तर के आसपास मिट्टी का तेल उड़ेल कर आग लगा दी और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। आग की लपटों से मीनू की आंख खुली तो उसने शोर मचाया। तब ससुर अजय कुमार और देवर निखिल ने दरवाजा तोड़ कर मीनू और उसके दोनों बच्चों को बचाया। पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर कॉल करने के साथ ही महिला के मायके वालों को भी सूचना दी गई। मीनू की तहरीर पर पुलिस ने विजय कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

प्रथम रहे चन्दौसी पब्लिक स्कूल के बच्चे

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर स्कूल सामान्य ज्ञान खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश सर्राफ व आलोक गोयल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। विभिन्न स्कूलों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमें स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बताया गया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग करना चाहिए। जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। प्रथम स्थान पर जेके सिल्वर स्टोन, द्वितीय स्थान पर चन्दौसी पब्लिक स्कूल व तृतीय स्थान सिल्वर स्टोन स्कूल ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कपिल दीप, शिवांगी, प्रशांत सक्सेना, शोभित राघव आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

आधार कार्ड बनवाने में हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : आधार कार्ड बनवाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में गुरुवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंच कर एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा और व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की।

ज्ञापन में एसडीएम को अवगत कराते हुए कहा कि नगर में मुख्य डाकघर और उप मुख्य डाकघर में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिसमें मुख्य डाकघर में प्रतिदिन करीब 50 और उप डाकघर में करीब 25 आधार कार्ड ही बनाए जा रहे हैं। आधार कार्ड बनाने का समय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे का है। जबकि दोनों डाकघर में 10 से दोपहर दो बजे तक ही आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिससे आम लोगों को और महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अव्यवस्था का आलम ये ही कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग सुबह छह बजे से ही लाइन में लग जाते हैं। इसके बावजूद उन्हें निराशा हाथ लगती है। मांग है कि बैंकों में भी आधार कार्ड बनवाए जाएं। डाकघरों में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आधार कार्ड बनवाए जाएं। ऐसा नहीं होने पर व्यापार मंडल मुख्य डाकघर के बाहर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी, सभासद अन्ना खां, विक्की कश्यप, राशिद जेनुयाल, मयंक वार्ष्णेय, सोनू यादव, तुसार वार्ष्णेय आदि शामिल रहे।

तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

● अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

संभल/असमोली, अमृत विचारः असमोली थाना क्षेत्र में कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत हो गई। बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

गांव शकरपुर सोत की मिलक निवासी ताज मोहम्मद 32 वर्ष गुरुवार की दोपहर गर्मी की वजह से कूलर के पास चारपाई पर लेटा हुआ था। हवा दूसरी ओर जाने पर ताज मोहम्मद हाथ से पकड़कर कूलर को अपनी ओर घुमाने लगा। कूलर पर उतरे करंट की चपेट में आकर ताज मोहम्मद झुलसकर चारपाई से जमीन पर गिर गया। परिजनों ने उसे जमीन पर पड़ा देखा और गांव के निजी चिकित्सक को दिखाया। डॉक्टर ने ताज मोहम्मद को मृत घोषित कर दिया, लेकिन परिजन जिंदगी की आस लिए उसे लेकर संभल निजी अस्पताल आ गए। यहां भी डॉक्टर ने मृत बताया। जिसके बाद परिजन ताज मोहम्मद का शव लेकर घर आ गए।

एतिहासिक | शिवरात्रि पर मंदिर में हजारों की संख्या में जलाभिषेक करते हैं श्रद्धालु

बेरनी में शिव मंदिर का है पुरातात्विक महत्व

जुगल किशोर शर्मा, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव बेरनी में प्राचीन शिव मंदिर है। यहां श्रावण व फाल्गुन मास की शिवरात्रि को हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वर्ष 2009 में मंदिर के पास टीले की खुदाई करते समय विष्णु भगवान की चतुर्भुज रूपी खंडित मूर्ति निकली थी। जिससे मंदिर का इतिहास पांचवी सदी के राजा बेन के जमाने का बताया जाता है। शिव मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है।

गांव बेरनी को राजा बेन की नगरी कहा जाता है। यह गांव चन्दौसी से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव के पास प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। यहां वर्ष में आने वाली दोनों शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामपुर, बरेली, बदायूं, मुरादाबाद, बुलंदशहर आदि जनपदों से जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वर्ष 2009 में मंदिर के निकट टीला (खेड़ा) की किसान द्वारा मिट्टी खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की चतुर्भुज रूपी खंडित मूर्ति मिली थी। जिसे मंदिर परिसर में रखवा दिया। वर्ष 2010 में तेज बारिश होने पर मंदिर धराशाही हो गया। मगर मंदिर में मौजूद शिवलिंग को किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। 2011 में पुरातत्व विभाग आगरा के एसएसआई सहायक पुरातत्वविद आरके सिंह आए और बेरनी शिव मंदिर पहुंच खुदाई में मिली मूर्ति व मंदिर के मलवे से मिली ईंटों का निरीक्षण किया। मूर्ति को 800 से 900 वर्ष पुराना बताया तथा ईंटों को देखकर मंदिर का निर्माण पांचवीं सदी में होना बताया। वर्ष 2020 में पुरातत्व विभाग द्वारा टीले की चारदीवारी करा दी और खुदाई पर रोक लगा दी।

गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर।

रानी रामकली ने भी कराया था मंदिर का जीर्णोद्धार

बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी पंडित सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर का तीन बार जीर्णोद्धार हो चुका है। पुरातत्व विभाग की जानकारी के अनुसार मंदिर पांचवी सदी का बताया गया है। मंदिर का दूसरी बार जीर्णोद्धार चन्दौसी की रानी रामकली ने कराया था। वर्ष 2010 में मंदिर धराशाई हो जाने के बाद तीसरी बार श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार 2011 में शुरू हुआ और 2015 में मंदिर पूर्ण बनकर तैयार हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि कुछ वर्ष पहले मंदिर में स्थापित शिवलिंग की थाह जानने के लिए खुदाई कराई गई थी। करीब 150 फिट तक खुदाई करा दी गई लेकिन शिवलिंग का दूसरा छोर नहीं मिला। जिससे खुदाई रोक दी गई थी।

टीलों की खुदाई में निकली पांचवी सदी की मूर्ति।

छेड़छाड़ और मारपीट के दोषी को दो वर्ष की सजा

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में दोषी को दो वर्ष के कारावास व 2750 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में 2019 में हुई थी। इस मामले में थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने हिमांशु मिश्रा पुत्र नरेश शर्मा निवासी गांव रतनपुर खुर्द थाना कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ गाली-गलौच, मारपीट, जान से मारने की धमकी व छेड़छाड़ का अभियोग पंजीकृत किया था। आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों को जटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी शालिनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। गुरुवार को मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने हिमांशु मिश्रा को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास व 2750 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

मारपीट के दोषी को पांच वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : अदालत ने मारपीट के दोषी को पांच वर्ष के कठोर कारावास और 15500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 2016 की है। जनपद संभल के थाना गुन्नौर पुलिस ने सरनाम पुत्र मिश्री निवासी गांव विलासपुर थाना गुन्नौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अदालत में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी बदायूं की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी ओमपाल कश्यप ने पैरवी की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ओमप्रकाश राजभर
कैबिनेट मंत्री पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज एवं वक्फ

सत्यपाल तोमर
पूर्व जिला अध्यक्ष, अमरोहा

कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शहीद अरविन्द को
शत् शत् नमन

सौजन्य से:- एड. धर्मेंद्र सिंह (मल्लू भाई), जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा, डायरेक्टर गंन्ना समिति अमरोहा

आप सभी क्षेत्र वासियों को
हम हैं तैयार
किसान, मजदूर व बेरोज़गारों को हक़ दिलाने के लिए
कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
"दुनिया करती जिसे सलाम,
वो है भारत का सैनिक महान,
रणभूमि में दुश्मन को जो चटाए धूल,
वो है भारत का जवान।"
कुँवर आसिम हुसैन साबरी
सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी
पूर्व प्रत्याशी हसनपुर विधान सभा-42

कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर अपने अदम्य साहस से
दुश्मन को धुल चटाने वाले सभी वीरों को नमन।

कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश शंकर राजू
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद बहजोई

मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
राजपाल सैनी
अध्यक्ष, नगर पालिका हसनपुर
सभी क्षेत्रवासियों
को
कारगिल विजय दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रशांत सैनी
नगर स्वच्छता प्रेरक हसनपुर
विभा श्रीवास्तव
डिप्टी कलेक्टर/अतिरिक्त चार्ज
अधिशासी अधिकारी हसनपुर
अपील
सूखा/गीला कूड़ा पृथ्थकरण करके निर्धारित नीले/हरे कूड़ादान में ही डालें।
नाले एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।, करों की अदायगी समय पर करें।
जल का अपव्यय न करें।, पॉलिथीन का प्रयोग न करें।
नगर के विकास में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।
नगर के विकास के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव पालिका को प्रदान करें।
वृक्षों की रक्षा करें तथा स्वयं भी कम से दो वृक्ष अवश्य लगायें।
स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग करें एवं पालिका को राष्ट्रीय स्तर पर उच्च रैंक प्राप्त करवाने में
अपना बहुमूल्य फीडबैक एवं सहयोग प्रदान करें।
अपनी अनुपयोगी वस्तुओं जैसे-किताबें, कपड़े, खिलौने, जूते-चप्पल आदि को
पालिका कार्यालय में बने आर. आर. सेंटर में जमा करायें
तथा वंचित व्यक्तियों की खुशियों के भागीदार बनें।
निवेदक- नगर पालिका परिषद, हसनपुर

कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनित अग्रवाल
जिला अध्यक्ष, पश्चिमी उत्तर प्रदेश
उद्योग व्यापार मंडल

सभी क्षेत्रवासियों को कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
Charu Sharma,
Manager
Jai shiv group of colleges Buderna, district Amroha

कारगिल विजय दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
नल सिंह यादव
ज़िला उपाध्यक्ष
हसीब अहमद
प्रदेश महासचिव
भारतीय किसान यूनियन

एक नजर

भूमि मांगने पर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

ढबारसी, अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने अपने पति के नाम दर्ज भूमि मांगी तो देवर व देवरानी ने उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गांव भूवरा निवासी संतोष देवी के पति श्रीपाल की मौत हो चुकी है। उसके पति के हिस्से में आ रही भूमि को देवर महेंद्र जोत और बो रहा है। संतोष देवी ने देवर से जमीन खाली करने को कहा तो महेंद्र व उसकी पत्नी बवीता ने लाठी डंडों से संतोष देवी की पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गई। पीड़िता ने थाना पहुंच कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

वारंटी को किया गिरफ्तार

बुरावली, अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बातया कि वारंटी रिंकू निवासी गांव जयतौली को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य मामले दर्ज हैं।

कारगिल विजय दिवस पर विशेष : 25 साल बाद भी नहीं बना शहीद के गांव में अस्पताल

अरविंद ने 21 दुश्मनों को उतारा था मौत के घाट

अमरोहा, मनोज पंवार

अमृत विचार : शहीद अरविंद सिंह ने कारगिल की जंग में दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए थे। वह 21 दुश्मनों को मौत के घाट उतारकर शहीद हो गए। जिले के लोगों को उनके बलिदान पर गर्व है। सरकार ने गांव में उनके नाम पर 25 बेड का अस्पताल बनवाने और गांव का नाम भी उनके नाम पर रखने की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक ये दोनों काम नहीं किए गए हैं। इससे गांव के लोगों में नाराजगी है।

मुरादाबाद जनपद के गांव छाई मिलक निवासी मुख्तार सिंह के बेटे अरविंद सिंह 21 साल की उम्र में फौज में भर्ती हो गए थे। इससे परिजनों में खुशी थी। माता-पिता सपने देखने लगे, लेकिन वर्ष 1999 में कश्मीर के कारगिल में जंग शुरू हो गई। बताते हैं कि पाकिस्तान भारत की कई चौकियों पर कब्जा करना चाहता था। लेकिन भारतीय फौज ने पाक फौजियों को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। अरविंद सिंह आदेश मिलते ही कारगिल में लड़ाई के लिए पहुंच गए थे।

भाई धर्मेंद्र सिंह। शहीद अरविंद।

इन्होंने अकेले ही 21 दुश्मनों को मौत के घाट उतार दिया था। लेकिन इस लड़ाई में अरविंद सिंह भी शहीद हो गए थे। इससे परिजनों में आज भी गम है, लेकिन वे कहते हैं कि बेटा देश की सेवा करते हुए शहीद हुआ था। इससे ज्यादा गर्व की बात और क्या होगी। शहीद अरविंद सिंह के छोटे भाई धर्मेंद्र सिंह उर्फ मल्लू बताते हैं, उस समय सरकार ने घोषणा की थी कि गांव में शहीद अरविंद सिंह के नाम से अस्पताल बनाया जाएगा, लेकिन इसका कार्य शुरू नहीं हो पाया है। गांव का नाम भी शहीद के नाम पर करने की बात कही गई थी। लेकिन यह भी नहीं बदला गया। हालांकि शहीद के नाम पर गेट जरूर बना है। विधान परिषद के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने एक टिनशेड बनवाने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा पूरी नहीं हुई है।

बेटे को याद कर मां और पिता की भर आती हैं आंखें

अमरोहा। बेटे को याद कर आज भी पिता मुख्तार सिंह और मां चंद्रवती की आंखें भर आती हैं। मां कहती हैं कि बेटे के सिर पर सेहरा देखने का सपना था, लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। बेटे को शहीद हुए 25 साल हो गए, लेकिन आज भी उसकी तस्वीर आंखों में रहती है। ऐसा कोई दिन नहीं, जिस दिन उसकी याद न आती हो। अब तो बस उसकी यादें ही हमारे पास हैं। लेकिन वह देश के काम आया और इससे गर्व होता है।

आज मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

अमरोहा। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल में लंबी लड़ाई चली थी। इसमें देश के जांबाज जवान शहीद हो गए थे। 26 जुलाई 1999 में कारगिल में भारतीय फौज ने तिरंगा फहरा दिया था। तभी से कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

राकिमसं का क्रमिक अनशन रहा जारी

गजरौला, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन गुरुवार को 11 वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने कहा कि जब तक सरकार किसानों की फसलों एवं मनरेगा मजदूरों के नकद भुगतान की व्यवस्था नहीं करेगी तब तक किसी भी गांव में प्री-पेड मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे।

संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह, रमेश यादव, अंकित, लकी गौसल ने किसानों से एकजुटता का आह्वान किया। प्रीपेड मीटर का सर्वे करने वाले ठेकेदार को वापस भेजा। खादगूर्जर में पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह, गंगदास में कमल सिंह, मलेशिया में रामकेश भगत, डींगरा में शानदार रजा, चुचैला में त्रिलोक सिंह, काफूरपुर में इन्द्रपाल सिंह, शहबाजपुर कलां में चौधरी करन सिंह, जोजखेड़ा में मनजीत सिंह, दौलतपुर नहरी में मंडल प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में क्रमिक अनशन जारी रहा।

महिला की बरामदगी न होने पर हंगामा, जाम लगाया

करनखाल गांव की घटना, मायके वालों व ग्रामीणों ने लगाया हत्या का आरोप, तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव करनखाल में तीन दिन पहले लापता हुई महिला की बरामदगी न होने से नाराज मायके वालों व ग्रामीणों ने गुरुवार को कोतवाली में हंगामा किया। उन्होंने महिला की हत्या की आशंका जताई। इसके बाद ब्लॉक तिराहे पर जाम लगा दिया। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना के बाद विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी कोतवाली पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने महिला की बरामदगी का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी किसान मंगलेश ने पांच वर्ष पहले अपनी बेटी शीतल की शादी हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी देवेंद्र के साथ की थी। 23 जुलाई की रात शीतल गायब हो गई। सूचना के बाद गुरुवार को महिला के मायके वाले उसकी ससुराल पहुंच गए। ससुराल वालों ने मायके वालों को घर में नहीं घुसने दिया। इसके बाद मायके वाले कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर महिला की बरामदगी की मांग की। आरोप है कि उन्होंने एक युवक को पुलिस को सौंपा था। जिसे पुलिस ने देर रात छोड़ दिया।

बुधवार देर रात भी मायके वालों व ग्रामीणों ने कोतवाली में हंगामा किया था। लेकिन पुलिस ने महिला की बरामदगी का आश्वासन देकर उन्हें घर भेज दिया। गुरुवार सुबह फिर मायके से सैकड़ों लोग ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर कोतवाली पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक तिराहे पर जाम लगा दिया। इसकी सूचना पर तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत किया और जाम खुलवा दिया। बाद में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत भी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस की तीन टीमें गठित कर महिला की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

नगर में ब्लॉक तिराहा पर जाम लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कोतवाली में ग्रामीणों को समझाते सीओ, साथ में विधायक। ● अमृत विचार

किशोरी की बरामदगी को लेकर थाने में हंगामा

गजरौला, अमृत विचार : किशोरी की बरामदगी को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने थाने में हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर गांव की ही किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर गुरुवार को ग्रामीण थाने पहुंचे। थाने में उन्होंने हंगामा किया। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

बीईओ आरती गुप्ता को गजरौला भेजा

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गांव बरतौरा स्थित निजी विद्यालय के प्रबंध को नोटिस देने के मामले में गंगेश्वरी की खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का स्थानांतरण गजरौला के लिए कर दिया गया है।

मंगलवार को गंगेश्वरी की खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने एक निजी विद्यालय में निरीक्षण किया था। इस दौरान गांव लिसडा निवासी एक व्यक्ति ने गांव बरतौरा स्थित निजी विद्यालय के प्रबंधन के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि जिस भूमि पर प्रबंधक ने विद्यालय का भवन बनाया है, उसके पास उनका खेत है। विद्यालय के भवन में उसकी कुछ जमीन शामिल है। शिकायत के बाद खंड शिक्षा अधिकारी टीम के साथ विद्यालय पहुंच गईं थीं। विद्यालय प्रबंधक रियासत से बच्चों की छुट्टी करने को कहा था। प्रबंधक को नोटिस देकर दो दिन तक विद्यालय नहीं खोलने का निर्देश दिया था।

इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने घटना के बारे में जानकारी से मना किया था। प्रबंधक रियासत ने बताया कि मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय में आई थीं। बच्चों की छुट्टी करने के आदेश के बाद नोटिस थमाया था। इस मामले को दैनिक अमृत विचार समाचार पत्र ने गुरुवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता को गजरौला भेज दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार को गंगेश्वरी का चार्ज दिया गया है।

तीन दिन पहले भी बीईओ को मिला था नोटिस

रहरा, अमृत विचार : तीन दिन पहले भी गंगेश्वरी विकासखंड के गांव हैदलपुर स्थित संविलियन विद्यालय में सहायक अध्यापक का कमरे में बेंच पर सोते हुए फोटो वायरल हुआ था। इसके बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक प्रेमचंद को निलंबित कर दिया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता को नोटिस जारी किया था।

> गंगेश्वरी की खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का स्थानांतरण गजरौला कर दिया गया है। उनके स्थान पर जनपद में नए आए खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार को गंगेश्वरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
>
> –डॉ. मोनिका
> बेसिक शिक्षा अधिकारी

● बरतौरा गांव में निजी विद्यालय के प्रबंध को नोटिस देकर बच्चों की छुट्टी करने पर हुई कार्रवाई

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लेखपाल संघ को दिया अपना समर्थन

अमरोहा, अमृत विचार : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लेखपाल संघ को अपनी समर्थन दिया है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि लेखपाल तारेश राणा चकरोड को कब्जा मुक्त कराने गए थे, लेकिन उन लोगों ने लेखपाल को मकान में बंद कर मारपीट की थी। तहसील में लेखपाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन लेखपाल को ही निलंबित कर दिया गया है। मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर लेखपाल संघ के पदाधिकारी आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि लेखपाल संघ भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अभिन्न घटक संगठन है। इसलिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लेखपाल संघ के आंदोलन को समर्थन दिया है।

धरनास्थल पर लेखपालों को संबोधित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लेखपालों ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : लेखपाल को बंधक बनाकर पीटने से नाराज लेखपाल संघ के सदस्यों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की। लेखपालों ने धरना भी दिया।

बताया गया कि लेखपाल तारेश राणा गांव नगलिया मेंव में चकरोड पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए गए थे। अवैध निर्माण कर रहे लोगों ने लेखपाल को बंधक बना लिया था। मारपीट में लेखपाल घायल हो गए थे। आरोपी के खिलाफ गजरौला थाने में मामला दर्ज कराया गया था। लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। अधिकारियों ने लेखपाल को ही निलंबित कर दिया। इसे लेकर गुरुवार से जनपद की चारों तहसीलों में सभी लेखपाल अनिश्चितकाल के लिए कलम बंद हड़ताल और कार्य बहिष्कार करके धरने पर चले गए। कहा कि लेखपालों की अनिश्चितकाल कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर दीपक चौधरी, मनोज कुमार, सतीश चंद्र, मुस्तकीम अली, सतीश कुमार, प्रमोद चौहान आदि रहे।

सार-संक्षेप

गोष्ठी में व्यापारियों से वार्ता करते एएसपी राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं व्यापारी

अमरोहा, अमृत विचार : एसपी कार्यालय में एएसपी ने व्यापारियों के साथ वार्ता की। शहर में अतिक्रमण को हटवाने व व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कांवड़ यात्रा को लेकर भी चर्चा की गई। पुलिस कार्यालय सभागार में गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संगठन व अन्य व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ पुलिस ने गोष्ठी की। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह ने व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता की। प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा। प्रकाश की व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड, चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश के परिवहन करने से पहले पुलिस को सूचना देने पर जोर दिया। यातायात संचालन, जाम की समस्या के निराकरण के लिए व्यापारियों से सड़कों पर अतिक्रमण न करने की अपील की। इस दौरान सीओ अंजली कटारिया व व्यापारी मौजूद रहे।

गंगानगर पुल की एप्रोच पर मिट्टी डालने का कार्य शुरू

रहरा, अमृत विचार : गंगा में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र में गांव नानई, लिसडा, कसाईपुरा, विरामपुर व बिहारीपुर समेत अन्य गांवों के पास तीन दिन पहले तटबंध तक नदी का पानी पहुंच गया था। इससे ग्रामीणों में दहशत है। लोगों की सुरक्षा के लिए बाढ़ खंड विभाग अलर्ट हो गया है। गुरुवार को हसनपुर के गंगानगर से बुलंदशहर को जोड़ने वाले गंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच पर मिट्टी डालने का कार्य शुरू हो गया। बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी कट्टों में मिट्टी भरकर कटान रोकने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा अमरोहा प्रशासन ने भी गंगानगर पुल से पहले ट्रैफिक रोक दिया था। अब मिट्टी का कटान को रोकने के लिए व्यवस्था की जा रही है।

पुल के पास डाली गई मिट्टी।

अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : गजरौला ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक व कचरा साफ करने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी गजरौला ब्लॉक के गांव मझोला पहुंचीं। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां मशीन से प्लास्टिक को नष्ट किया जा रहा था। इस मौके पर गजरौला ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार, सचिन वह अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। डीपीआरओ ने कहा कि अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में भी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र जल्द बनाए जाएंगे।

स्लोगन लिखे पोस्टर दिखाते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

वाईएमएस डिग्री कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर स्थित वाईएमएस डिग्री कॉलेज में गुरुवार को कारगिल के शहीदों की याद में एनसीसी कैडेट्स नीरज गहलोत के निर्देशन में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता हुई। एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर बनाकर व स्लोगन लिखकर कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि 26 जुलाई 1999 में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी फौज को भारत की सीमाओं से भगाने पर विवश कर दिया था। प्राचार्य ने पोस्टर व स्लोगन बनाकर शहीदों को याद करने पर एनसीसी कैडेट्स की हौसलाअफजाई की। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पौधरोपण कर पर्यावरण का महत्व बताया

बुरावली, अमृत विचार : न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य ने पौधरोपण पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए पौधे लगाने चाहिए। उसकी सुरक्षा का संकल्प भी लेना होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह, भीष्म सिंह, सतीश सिंह, छवि गुर्जर, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य व अन्य।

निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने कॉलोनाइजर और बिल्डरों के साथ की बैठक

अवैध कॉलोनियों और भूखंडों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत समस्त कॉलोनाइजर और बिल्डरों के साथ महायोजना-2031 में विकास कार्यों को लेकर बैठक हुई। इसमें डीएम ने शहर को सौंदर्य, स्वच्छ वातावरण के लिए अवैध कॉलोनी और भूखंडों पर अंकुश लगाने, लोगों की सुविधा के अनुसार सड़क, पार्क व सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महायोजना में प्रस्तावित भूखंड, रिंगरोड, पार्क को स्वरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी कॉलोनाइजर व बिल्डरों से उनके प्रोजेक्ट के संबंध में आ रही नक्शा पास, एनओसी जारी करने, अन्य सुविधाओं को विकसित करने में समस्याओं के संबंध में सुझाव लिए गए। जिलाधिकारी ने विनियमित क्षेत्र जूनियर अभियंता से कहा कि नक्शा पास करने का एक समय तय किया जाए। इससे पहले आपत्तियां मांगी जाए। सभी आपत्तियों का निस्तारण होने के बाद एक सप्ताह में नक्शा पास करने की प्रक्रिया पूरी करें। कॉलोनाइजर व बिल्डर मानचित्र के लिए आवेदन करते समय फाइल में सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए। धारा-80, भू-स्वामी का एग्रीमेंट, न्यायालय में लंबित वाद का निस्तारण होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कॉलोनाइजर व बिल्डरों से कहा कि जिस भूमि स्वामी की भूमि का एग्रीमेंट किया गया है, वह सहमत होना चाहिए। कहा कि जो आवास खरीदार हैं, उन्हें उचित मूल्य व सही जगह दी जाए। विनियमित क्षेत्र में जो अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही हैं, उन पर शिकंजा कसा जाए। अवैध रूप से भूखंड नहीं होने चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, कॉलोनाइजर व बिल्डर मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

लोगों की समस्याएं सुनीं

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि दिन में 10 से दो बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर प्रतिदिन फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ सुना जाता है। शिकायती पत्र अधिकारियों को देकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए जाते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

आक्रुश्‍यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करें, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।

संपादकीय

परीक्षाओं की शुचिता

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले उजागर होने से स्वाभाविक है कि परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। साथ ही परीक्षार्थियों को निराशा और तनाव का भी सामना करना पड़ता है। क्योंकि पेपर लीक होने से उनके करियर की उम्मीदों को आघात पहुंचता है। हाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पेपर लीक से देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। देश में पेपर लीक की घटनाओं को रोकना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी। नीट-यूजी के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं। नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए नया कानून बनाया है। बुधवार को बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी मामले के तार वहां से भी जुड़े थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि ज्यादातर पेपर लीक मामले के तार बिहार से जुड़े रहते हैं।

अब कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में प्रवेश व प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चा लीक के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। अब सवाल यह भी उठता है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से पेपर लीक मामलों पर अंकुश लग पाएगा? क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? हमें समझना होगा यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। सुनिश्चित करना होगा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन हो और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाए। हर महत्वपूर्ण संस्थान और एजेंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

आर्थिक और स्वास्थ्य सर्वेक्षणों का स्रोत है जनगणना

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है।

आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर केंद्र सरकार ने बजट संसद में प्रस्तुत कर दिया है,किंतु 2011 के बाद अभी भी विलंबित जनसंख्या सर्वे के कारण तमाम संकेतकों का सही निर्धारण इसलिए संभव नहीं है कि सरकार के पास इनके लिए अद्यावधि आंकड़े नहीं हैं। सांख्यिकीविदों का कहना है कि इनके अभाव में जनन, प्रवास और स्वास्थ्य परिणामों पर अध्ययन अविश्वसनीय हो गए हैं। इस बाबत एक विस्तृत रिपोर्ट अभी विगत 18 जुलाई,24 को मशहूर ब्रितानी जर्नल नेचर में छपी है। एक उदाहरण हौज खास दक्षिणी दिल्ली का दिया गया है,जो आज तो एक आकर्षक जगह है और अमीर शहरी लोगों के वहां आवास हैं, किंतु 2011 में जब भारत की आखिरी जनगणना हुई थी, तब इस इलाके के कुछ हिस्सों को ग्रामीण इलाके में वर्गीकृत किया गया था।

शोधकर्ताओं का कहना है कि नवीनतम राष्ट्रीय जनगणना आयोजित करने में देरी, जिसे 2021 में कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था, समय का अभी तक पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है। जाहिर है कई महत्वपूर्ण डेटा सेट पुराने हो गए हैं। जनसंख्या और सांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि अपडेट की गई जनगणना के बिना,उम्र बढ़ने से लेकर शहरी प्रवास तक हर चीज पर उनके विश्लेषण अब अविश्वसनीय हो गए हैं।

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है। सरकारें टीकों से लेकर स्कूलों और अनाज राशन तक की योजना बनाने और संसाधनों को आबंटित करने के लिए इसी डेटा भंडार का उपयोग करती हैं। यह आर्थिक और स्वास्थ्य रुझानों पर कई अन्य सर्वेक्षणों और विश्लेषणों के लिए सत्यापन का स्रोत भी है। यू.के. के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के जनसांख्यिकीविद् आशीष गुप्ता के अनुसार यदि समय से जनगणना नहीं

दिल्ली स्थित 'सांख्यिकी स्थायी समिति' के अध्यक्ष प्रोनब सेन कहते हैं,"जनगणना करवाना अब सबसे महत्वपूर्ण है,अन्यथा हमारे सभी सर्वेक्षण डेटा संदिग्ध होने जा रहे हैं।" यह समिति सरकार को उसके सांख्यिकीय सर्वेक्षणों पर सलाह देती है। जनगणना भारतीय आबादी के बारे में व्यक्तिगत घरों के स्तर तक की जानकारी का भंडार उपलब्ध कराती है।

होती है तो इससे सामाजिक विज्ञान और भारतीय समाज को समझने की हमारी क्षमता बुनियादी तौर पर प्रभावित होगी। हालांकि 1.4 अरब लोगों की जनगणना करना एक बहुत बड़ा काम है और इसके शुरू होने से पहले, एक आवासीय जनगणना होती है,जिसमें जनगणना करने के लिए प्रशिक्षित लोग,जिन्हें गणनाकर्ता कहा जाता है, हर घर को मानचित्र पर चिह्नित करते हैं। वे प्रत्येक आवास के प्रकार और उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में विवरण एकत्र करते हैं। घरों की सूची जनसंख्या जनगणना के लिए एक आधार तैयार करती है,जिसमें गणनाकर्ता हर घर में जाते हैं और प्रत्येक सदस्य की आयु, शिक्षा के स्तर और क्या वे हाशिए पर पड़े समूह से संबंधित हैं या नहीं, सहित विवरण एकत्र करते हैं। वे क्षेत्र में पहले से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी विवरण भी दर्ज करते हैं,जैसे कि पेयजल आपूर्ति और विद्युतीकरण की स्थिति।

2011 की जनगणना को पूरा करने के लिए लगभग 27 लाख गणनाकर्ताओं ने कई हफ्तों के दौरान 24 करोड़ घरों में लोगों के साथ आमने-सामने साक्षात्कार किए थे। फिर एकत्रित अद्यावधि आंकड़ों को समुचित अध्ययन मनन के कुछ साल बाद प्रकाशित किया जाता है। 2021 की प्रस्तावित जनगणना कागज आधारित फॉर्म के बदले मोबाइल ऐप से होने वाली पहली जनगणना होती,लेकिन सितंबर 2020 में,सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण जनगणना को स्थगित कर दिया और अभी भी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है। नई जनगणना के लिए पर्याप्त समय बीत चुका है। इसी वर्ष की शुरुआत में दिल्ली में रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय, जो जनगणना की देखरेख करता है, द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के इंतजाम को स्थगित कर दिया,जो वस्तुतः जनगणना होने से पहले होने चाहिए। विगत अप्रैल से जून 2024 तक राष्ट्रीय चुनाव के बाद यह स्थगन समाप्त हो जाना चाहिए था। नेचर जर्नल की न्यूज टीम ने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय से इस बारे में टिप्पणी के लिए संपर्क किया कि जनगणना क्यों नहीं हुई,लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अद्यतन जनगणना आंकड़ों के बिना भी अनेक मानदंडों के 'राष्ट्रीय रुझानों' के अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन क्षेत्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर ये अनुमान कम विश्वसनीय हो जाते हैं। दरअसल इस बात का ठीक-ठाक अंदाजा तो है कि भारत में कितने लोग हैं,लेकिन यह पता नहीं कि वे कहां हैं। जनगणना आंकड़े जन्म और मृत्यु के साथ-साथ आर्थिक संकेतकों,जैसे कि बेरोजगारी से लेकर गरीबी और खपत, स्वास्थ्य और जनन क्षमता से लेकर बाल मृत्यु दर और कुपोषण पर अधिक विस्तृत और नियमित सरकारी सर्वेक्षणों के लिए आधार तैयार करते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि अद्यतन जनगणना डेटा के बिना, इन सभी गतिविधियों पर विश्वसनीय रणनीति नहीं बन पाएगी,जिससे पूर्वाग्रह पैदा होंगे। उदाहरण के लिए जिन क्षेत्रों में जनसंख्या बढ़ी है, उनका प्रतिनिधित्व कम होगा और जिन क्षेत्रों में जनसंख्या घटी है,उनका प्रतिनिधित्व अधिक हो सकता है।

न्यू ऑर्लीन्स के टुलेन विश्वविद्यालय में विजिटिंग स्कॉलर तथा भारत के मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक,जनसांख्यिकीविद् के.एस.जेम्स, जो देश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण का संचालन करते हैं,कहते हैं कि भारत एक बहुत अधिक सर्वेक्षण निर्भर देश है। क्योंकि इसकी प्रशासनिक डेटा प्रणाली की गुणवत्ता बहुत खराब है। जनगणना के आंकड़ों पर आधारित इन सर्वेक्षणों की गुणवत्ता यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि क्या देश ने विभिन्न संकेतकों पर प्रगति की है-उदाहरण के लिए, क्या शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल नीतियों ने हाशिए के समुदायों के लिए अंतर को पाटा है या युवा लड़कियों में मृत्यु दर को कम किया है,जो अध्ययनों में युवा लड़कों की तुलना में अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं को जनन दर और आंतरिक प्रवास के रुझानों का अध्ययन करना विशेष रूप से कठिन लग रहा है, क्योंकि पिछले एक दशक में भारतीय समाज में बहुत बदलाव आया है। 2011 से ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में तेजी से पलायन हुआ है। साथ ही महामारी के दौरान शहरी प्रवासियों की ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वापसी हुई है। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि अभी भारतीय आबादी का कितना हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रह रहा है। पुराने जनगणना आंकड़ों का उपयोग करने का मतलब है कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड़ से अधिक लोग सरकारी खाद्य सब्सिडी से बाहर हैं। शोधकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए भी जनगणना का उपयोग करते हैं कि उनके अपने छोटे सर्वेक्षण और सैंपल साइज बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को राज्य या राष्ट्रीय चुनाव से पहले अनिवार्यतः अपडेट किया जाता है। आईआईटी दिल्ली में सार्वजनिक नीति शोधकर्ता और पीएचडी छात्र कृष्ण चक्रवर्ती का मंतव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना की अनुपस्थिति में यह वास्तव में एक बहुत अच्छा नमूना फ्रेम है,लेकिन यह व्यक्तियों की नहीं, बल्कि घरों की पहचान करने की प्राथमिकता तक सीमित है। चक्रवर्ती उन तकनीकों का भी आकलन कर रहे हैं,जो किसी दिए गए क्षेत्र में इमारतों और अन्य भू-स्थानिक सूचनाओं का मिलान करने और आबादी के आकार और घनत्व को निर्धारित करने के लिए उपग्रह मानचित्रों पर निर्भर हो सकती है,लेकिन अपडेट किए गए जनगणना डेटा के बिना, उन डेटा सेटों की सटीकता की पुष्टि करना मुश्किल है।

प्रसंगवश

गठबंधन धर्म की मजबूरी

बीते दिना भारत का बजट संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया,जिसे प्रधानमंत्री द्वारा विकास को नई उंचाई देने तथा समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला बताया गया है। सत्ता पक्ष ने इस पर हर्ष और विपक्ष ने आक्रोश व्यक्त कर बजट की परंपरा बरकरार रखी है।

मुझे आर्थिक नीतियों की समझ अधिक नहीं है,इस बजट से देश की आर्थिक प्रगति होगी भी या नहीं, मुझे ज्ञात नहीं,मैं देशवासियों पर लगने वाले आयकर की बात करता हूं। पहले 3 लाख तक की आय कर मुक्त थी,अब भी है तथा 10 लाख से ऊपर की आय पर पुराना ही आयकर है। तीन से 10 लाख तक की आय के कर में निम्न बदलाव है। पहले 3-6 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत। अब 3-7 लाख रुपये तक 5 प्रतिशत, 6-9 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत। 7-10 लाख रुपये तक 10 प्रतिशत,10 लाख रुपये पर 15 प्रतिशत। इसे यदि हम जोड़े तो आयकर दाताओं को इस बजट से मात्र 10 हजार रुपये की वार्षिक बचत होगी। इस एक वर्ष में बढ़ी महंगाई का हिसाब रखें तो आमदनी कहां बढ़ी? इस 10 हजार रुपये के लिए ही आम कर दाताओं को वित्तमंत्री जी को बधाई देने तथा वर्षभर थाली बजानी पड़ेगी। मनमोहन सिंह के शासन में भाजपा 5 लाख तक की आय को कर मुक्त किए जाने का शोर करती थी,उनके जाने के 10 वर्ष बाद भी शून्य आयकर का खूंटा 3 लाख पर ही गड़ा है। सेवानिवृत्त होकर गांव में कृषि कार्य करता हूं। वर्ष 2022 तक किसान की आय दुगुना करने की बात कही गई थी,जो नहीं हुई और आज इस बजट में भी कृषकों की आय बढ़ने के सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इंदिरा गांधी जी के प्रधानमंत्रित्व में बजट पेश किए जाने पर तत्कालीन सांसद तारकेश्वरी सिन्हा द्वारा संसद में कहे गए एक शेर को दोहरा रहा हूं। "बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो कतरा-ए-खूं भी न निकला।" बजट में भाजपा शासित राज्यों को तो कोई खास लाभ नहीं मिला,लेकिन गठबंधन वाले दल के राज्य आंध्र प्रदेश और बिहार को अच्छा पैकेज देकर प्रसन्न करने का प्रयास किया गया है,जो गठबंधन धर्म की मजबूरी भी है।

जानवरों का कब्रगाह बना काजीरंगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है,वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं।

एक सींग के गैंडे और रायल बंगाल टाइगर यानी बाघ के सुरक्षित ठिकानों के लिए मशहूर यूनेस्को द्वारा संरक्षित घोषित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के लगभग 90 फीसदी हिस्से में इस समय पानी भर गया है। जानवर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में गहरे पानी में हरसंभव थककर हताश होने की हद तक तैरते हैं, दौड़ते हैं, दलदली जमीन पर थककर लस्त हो जाते हैं। या तो पानी उन्हें अपने आगोश में ले लेता है या फिर भूख। कुछ बचकर बस्ती की तरफ दौड़ते हैं तो सड़क पर तेज गति वाहनों की चपेट में आ जाते हैं तो हॉग हिरण (पाढ़ा) जैसे पशु शिकारियों के हाथों मारे जाते हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से अब तक 10 एक सींग वाले दुर्लभ गैंडों सहित 200 वन्य प्राणियों की मौत हो गई है। इनमें 179 हॉग हिरण, 3 दलदल हिरण, 1 मकाक, 2 ऊदबिलाव, 1 स्कोप्स उल्लू और 2 सांभर हिरण शामिल हैं। दो हॉग हिरणों की मौत राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने की कोशिश करते समय वाहनों की चपेट में आने से हो गई। यह आंकड़े तो उन इलाकों से हैं, जहां पानी नीचे उतरा है।

यहां की जैव विविधता विलक्षण है। 41 फीसदी इलाके में ऊंची घास है, जो हाथी, हिरण के लिए मुफीद आसरा है। 29 फीसदी पेड़,11 प्रतिशत छोटी झाड़ियां हैं। आठ फीसदी इलाके में नदियां व अन्य जल निधियां व चार प्रतिशत में दलदली जमीन। अर्थात हर तरह के जानवर के लिए उपयुक्त भोजन और परिवेश। इस बार बरसात सामान्य ही है फिर भी विशाल नदी ब्रह्मपुत्र के दक्षिणी बाढ़ प्रभावित इलाके में बसे कांजीरंगा के जानवरों के लिए काल बनकर आई है। वैसे यहां सन् 2016 में कोई डेढ़ हैक्टर क्षेत्रफल वाले 140 ऐसे ऊंचे टीले बनाए गए थे, जहां वे पानी भरने के हालात में सुरक्षित आसरा पा सकें। ये टीले चार से पांच मीटर ऊंचाई के हैं। पार्क के भीतर स्थापित 183 सुरक्षित ठिकानों में से 70 जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ के कारण विभिन्न वनांचलों में स्थित 233 फॉरेस्ट कैंपों में से 56 कैंप अभी भी बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। बोकाहाट व विश्वनाथ वन मंडल के आगरटोली, कोहोरा, बागोरी, बूरा पहाड़ क्षेत्र में कई-कई फुट गहरा पानी है। यहां सबसे बड़ी समस्या है कि पानी से बचने के लिए जानवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ जाते हैं और वहां तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। हालांकि प्रशासन ने वाहनों की गति सीमा की चेतावनी जारी करता है, लेकिन मूसलाधार बारिश में उनको नियंत्रित करना कठिन होता है। वैसे इस संरक्षित पार्क में जानवरों के विचरण के आठ पारंपरिक मार्गों को संरक्षित रखा गया है, लेकिन बाढ़ के पानी ने सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस संरक्षित वन के दूसरे छोर पर कार्बी आंगलांग का पठार है। सदियों से जानवर ब्रह्मपुत्र के कोप से बचने के लिए यहां शरण लेते रहे हैं और इस बार भी जिन्हें रास्ता मिला वे वहीं भाग रहे हैं। असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है, जो पलक झपकते ही सरकार व समाज की सालभर की मेहनत को चाट जाता है। जिन जानवरों को बड़े होने, सुरक्षित पर्यावास बनाने में सालों लगते हैं उनका संरक्षण थोड़ी सी बरसात में लाचार नजर आता है। वैसे तो यह नदी सदियों से बह रही है। बाढ़ से निर्मित क्षेत्र ने ही इसे काजीरंगा नेशनल पार्क के लायक मुफीद बनाया है, लेकिन बीते कुछ सालों से इसकी तबाही का विकराल रूप सामने आ रहा है। इसका बड़ा कारण प्राकृतिक जंगल में विकास और प्रबंधन के नाम पर इंसान के प्रयोग भी हैं।

पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम हैं। बाढ़ का पानी काजीरंगा के जंगलों में ज्यादा दिन ठहरने का ही परिणाम है कि सन 1915 से अभी तक इस जंगल की कोई 150 वर्ग किलोमीटर जमीन कटकर नदी में उदरस्थ हो चुकी है। कभी काजीरंगा का गौरव कहे जाने वाले अरीमोरा फारेस्ट इंस्पेकशन बंगले को तो अभी छह साल पहले ही नदी अपने साथ बहाकर ले गई थी। जंगल की जमीन का सबसे तेज व खतरनाक कटाव आगरटोली रेंज में है। सरकार भले ही इस वन के परिक्षेत्र को बढ़ाने के लिए नए इलाके शामिल कर रही हो, लेकिन हकीकत यही है कि वहां की जमीन साल दर साल कम हो रही है। आज जरूरत है कि नदी तट के लगभग 20 किलोमीटर इलाके में पक्के मजबूज तटबंद या अन्य व्यवसथा लागू कर भूक्षरण को रोका जाए। कई बार जमीन खिसकने से भी जंगली जानवरों को असामयिक काल के गाल में समाना पड़ता है।

सोशल फोरम

यात्रा व्रत के नियम

उत्तराखंड में कांग्रेस को अपनी प्राण रक्षा के लिए पद यात्रा की सूझी है और उचित ही सूझी है। उसके सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने पद यात्रा के जरिए ही अपनी पार्टी में आंशिक प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस को एक एनजीओ से बदल कर क्रांतिकारी स्वरुप देने वाले राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भी दांडी पद यात्रा के जरिए ब्रिटिश हुकूमत की बुनियाद हिला दी थी।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

विश्व में अब तक जितने भी धर्म युद्ध और सत्ता युद्ध जीते गए हैं, सब पद यात्रा के जरिए जीते गए। सिकंदर से लेकर माओत्से तुंग और शंकराचार्य से लेकर विनोबा भावे तक की पद यात्रा याद कीजिए। यहां तक कि इस परमाणु युग में भी निर्णायक जीत तभी होती है, जब थल सेना की कोई टुकड़ी पैदल जाकर अपना झंडा फहराती है। कोई भी मिसाइल या विमान यह कार्य नहीं कर सकते। कब्जा पैदल चल कर ही लिया जाता है। सत्ता युद्ध में पद यात्रा का आज भी कोई विकल्प नहीं है,लेकिन आज प्रथम दिन के चित्रों के हवाले से मैं पा रहा हूं कि सभी कांग्रेस पद यात्री खाली हाथ चल रहे हैं। मानो मस्ती करने जा रहा कांवड़ियों का दल हो। उनके झोले अथवा पिट्ठू कहां हैं? दांडी यात्रा के चित्र देखिए। उनमें गांधी समेत हर पद यात्री के कंधे पर झोला है,जिसमे उनके दैनंदिन आवश्यकता का सामान है। मेरे दो निश्चित निष्कर्ष हैं। प्रथम कि कांग्रेस पद यात्रियों के साथ उनका सामान लेकर अन्य वाहन चल रहे हैं। अगर ऐसा है, तो यह अनैतिक और चीटिंग है।

दूसरा यह है कि कांग्रेसी सिर्फ एक दो दिन के लिए बारी-बारी पद यात्रा का ड्रामा कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इससे उनकी पोल खुलेगी। यात्रा का फल नहीं मिलेगा। अब स्वयं को झोंक देने का वक्त है। भूल जाइए,जब आप सुबह भरपूर नाश्ता करने के बाद 24 घंटे के आमरन अनशन पर बैठते थे और लंच के समय तक उठ जाते थे। आपको यात्रा में शहर की बजाय गांव में ठहरना है। वहीं भोजन करना है। इसके एवज में जहां रुकते हैं,वहां प्रतिदिन दो घंटा श्रम दान, वृक्षारोपण, पाखना सफाई और बर्तन मांजने का काम करना है। जिस कमरे में रुको, वहां झाड़ू पोछा लगाकर जाना है। तभी फल मिलेगा। अन्यथा यज्ञ विध्वंस हो जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

रियल पर हावी वर्चुअल



अरविन्द त्रिपाठी
लखनऊ

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है।

इक्कीसवीं सदी में जी रहे हम सभी आजकल आभासी तकनीक से सिक्त "हवा" में जी रहे हैं। ये हवा, जो पक्षियों के उड़ने और सभी जीवों के सांस लेने के लिए आरक्षित थी। आज उसमें विद्यमान संचार तंत्र की तरंगों के परिणामतः "कड़वी हवा" में परिवर्तित होती जा रही है। इन तरंगों का घातक असर पक्षियों के जीनोम और मानव के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है।

आज के मनुष्य के हवा में चलने, सोंचने और बढ़ने के नतीजे ये हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की सुविधा से लैस मोबाइल और इंटरनेट सेवा ने व्यक्ति की व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बुरी तरह से क्षत-विक्षत कर दिया है। पूरी तरह से आभासी दुनिया के आभामंडल की चकाचौंध से भ्रमित होने के कारण जमीनी वास्तविकताओं से आम आदमी और सरकारों का कोई सरोकार नहीं रहा। आम आदमी महाभारतकाल में दुर्योधन की ही भांति पांडवों के इन्द्रप्रस्थ महल में उत्पन्न मतिभ्रम की स्थिति में है और तकनीक की बागडोर को हाथ में संभाले पांचाली निरंतर उपहास कर रही है। थल को जल और जल को थल मानता आज का मानव वायव्य अदृश्य संचारीय तारों के चंगुल में फंसता जा रहा है। हाल में माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर के डाउन होने के उपरांत हुई असुविधाओं ने मानवीय रियल जीवन की बेचारगी संबंधी इस बात को दावे के साथ सत्यापित भी किया है। रियल पर वर्चुअल की मार के संबंध में ख्यात कवि एवं पत्रकार प्रमोद तिवारी की पंक्तियां आप सबकी नजर-"जिस बात हमें था, उम्र भर गुमान। कुछ और नहीं, बस-हवा का दबाव था।" कभी घर के कोने में रखा काले रंग का चोंगे वाला फोन सामूहिकता का विश्वास दिलाता था।

हम सभी को बहुत से उदाहरण याद होंगे जब एक ही लैंडलाइन फोन पूरे मोहल्ले के लिए संचार का माध्यम हुआ करता था, जिस प्रकार एक टेलीविजन पूरे मोहल्ले के मनोरंजन का साधन था। लैंडलाइन फोन ही नहीं बटन वाले छोटे मोबाइल फोन अब गुजरे जमाने की चीज बन चुके हैं। रंगीन स्क्रीन के इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाइल फोन आज प्रतिष्ठा के परिचायक नहीं रहे, बल्कि आज की तेज भागमभाग भरी जिंदगी में अनिवार्य उपकरण बन गए हैं। आज सबकी जेब में औसतन एक मोबाइल फोन निजता और व्यक्तिगत सोंच को बढ़ावा देता है। हजारों नाम और सैकड़ों फोन नंबर याद रखने की क्षमता वाले लोग भी केवल फोन मेमोरी में सेव किए गए नाम और नंबरों पर आश्रित होते चले गए। हमारी याददाश्त में इन नामों और नंबरों के लिए कोई आलमारी नहीं रही। यह सहूलियत नहीं हमारी इस तकनीकी व्यवस्था पर बढ़ती आश्रितता है। मोबाइल के बाद कम्प्यूटर ने हमें अपना आदी बना दिया है। कोरोना ने विद्यालयी शिक्षा के लिए मोबाइल, लैपटॉप और टेबलेट को घर-घर पहुंचा दिया है। इन तकनीकी साधनों के साथ ही पहुंचने वाले अनचाहे गेम, वयस्क वेबसाइटों पर पसरा नीला प्रतिबंधित मैटेरियल, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्क फिल्मों और वेब सीरीजों ने बच्चों और किशोरों की सौम्यता और भारतीय परिवारों की संस्कार शिक्षा को क्षत-विक्षत कर दिया है।

आज प्रत्येक परिवार के छोटे से छोटे बच्चे भी मोबाइल के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त हैं। सभी वयस्क जानते हैं कि इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल प्रतिबंधित वयस्क सामग्री उपलब्ध कराने का सर्वसुलभ माध्यम है। परंतु अपने जीवन संघर्ष में व्यस्त अभिभावक यह नहीं ध्यान दे पा रहे हैं कि दूषित भाषा और अश्लील दृश्य के माध्यम से परोसा गया अनचाहा मैटेरियल बाल-सुलभ मनोमस्तिष्क में क्रूर, हिंसक और कामुक मनोवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। बच्चों को संस्कार शिक्षा प्रदान करने के स्थान पर बच्चों की वीडियो गेम के लिए मोबाइल की जिद को पूरा करना अभिभावकों की बाध्यता "परिवार" संस्था को अपूर्व क्षति पहुंचा रही है। बच्चों में किशोरावस्था तक आते-आते पढ़ने-याद रखने की प्रवृत्ति, बिना वजह गुस्सा और छोटी असफलता पर भी आत्मघाती रवैया अपनाने, बड़े-छोटे का मान रखने जैसी नैतिकता का लोप हो रहा है।

आज देश की बहुत बड़ी जनता विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर रील और स्टोरी बनाने में व्यस्त है। आम व्यक्ति की ढेरों सूचनाएं आसानी से उपलब्ध हो जा रही हैं। आने वाले समय में विदेशी ध्वंसक शक्तियों के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित ऐप हमारे परिवारों की निजता पर बड़ा हमला कर सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ठगी की घटनाएं अब आम होने लगी हैं। साइबर क्राइम रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। एक ऐसा स्वदेशी और त्रुटिरहित आपरेटिंग सिस्टम, जिसका नियंत्रण और संतुलन पूरी तरह अभेद्य हो, अत्यंत आवश्यक है ताकि उपरोक्त समस्याओं से बचा जा सके। अन्यथा उधार के सिस्टम का यही हश्र होगा कि जहाज भी हवा में उड़ता रहेगा और जमीन में बैठे परिजन व हवा में उड़ते यात्रियों के साथ ही, सरकार की भी हवाइयां उड़ती ही रहेंगी।

पासपोर्ट की रैंकिंग में फिसलता भारत

विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बजट आते ही पक्ष और विपक्ष के आरोप और प्रत्यारोप जारी हैं। देश के अखबार वित्तमंत्री की सराहना कर रहे हैं। महिला उद्यमियों के लिए नए अवसर, आयात शुल्क कम होने से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट, संसेक्स की गिरावट, और बजट से नाराज कर्मचारियों और किसानों, व्यापारियों और युवाओं की प्रतिक्रियाएं भी स्थानीय अखबारों में स्थान पा रही हैं।

बजट की खूबियों और कमियों की चर्चा के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बड़ी खबर निकल कर आ रही है। हालांकि इसे हाशिए की खबर ही बनाया गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की 2024 की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर चला गया है, जो पिछले वर्ष 80 वे स्थान पर था। यह नई रैंकिंग में 2 अंकों की गिरावट दर्शाता है। यह रैंकिंग भारत को 58 देशों की फ्री इंट्री की अनुमति देगी। सिंगापुर ने 2024 की रैंकिंग में दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के रूप में अपना खिताब फिर से हासिल कर लिया है, जो अपने नागरिकों को प्रभावशाली 195 देशों में बीजा मुक्त या आगमन पर बीजा की सुविधा प्रदान करता है। इनके बाद फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और जापान है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका भारत इस दौड़ में आखिर क्यों नीचे जा रहा है। इसका आकलन करना बहुत जरूरी होगा।

एक नजर

शिविर में समूह की सदस्यों को ऋण वितरण किया

अमरोहा, अमृत विचार : जोया ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिनौरा और कपासी में बैंकों की ओर से ऋण वितरण करने के लिए शिविर लगाए गए। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 131 समूह को प्रथम किश्त के रूप में 1,50,000 रुपये दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। समूह की सदस्यों को ऋण वितरण का पत्र भी सौंपा। खंडसाल की बैंक शाखा प्रबंधक ने 23 समूह को सीसीएल जारी किया गया। इस दौरान पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

अपर आयुक्त ने किया सदर तहसील का निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : अपर आयुक्त सर्वेश गुप्ता ने सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। सब रजिस्ट्रार कार्यालय में एक निजी व्यक्ति मिलने पर उसे चेतावनी दी। गुरुवार को अपर आयुक्त अमरोहा तहसील पहुंचे। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मचा गया। सब रजिस्टर कार्यालय में उन्हें एक निजी व्यक्ति मिला। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त कर चेतावनी दी। कहा कि अगर कार्यालय में किसी बाहरी व्यक्ति से काम कराया गया तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

खनन में लगे दो ट्रैक्टर ट्रॉली और हाइड्रा पकड़ा

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन होने की सूचना पर खनन अधिकारी ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक हाइड्रा पकड़ लिया। तीनों वाहनों को पुलिस को सौंपा गया है। गुरुवार को जिला खनन अधिकारी आशीष यादव को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के लुहारी चकौरी मार्ग पर कुछ लोग मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। जिला खनन अधिकारी ने छापा मारा तो धंधेबाजों में भगदड़ मच गई।

हादसे में पीआरवी कर्मी और होमगार्ड जख्मी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में ड्यूटी के दौरान पीआरवी कर्मी की बाइक को सामने से आ रहे ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पीआरवी कर्मी रोहित तोमर व पीछे बैठे होमगार्ड योगेंद्र सिंह घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या करने का आरोप

दमगढ़ा गांव में हुई घटना, मायके वालों ने किया हंगामा

संवाददाता ढबारसी/आदमपुर

अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला का शव घर में रोशनदान के सहारे फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मायके वालों के आने से पहले ही ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के गांव सांथलपुर निवासी पप्पू सिंह ने अपनी बेटी शीला (24) की शादी गांव दमगढ़ा में रहने वाले नेमचंद के बेटे सुखबीर के साथ वर्ष 2021 में की थी। मायके वालों ने बताया कि एक माह से घर में विवाद चल रहा था। इसके चलते शीला को मारा पीटा गया था। गुरुवार सुबह 10 बजे शीला का शव घर के कमरे में रोशनदान के सहारे दुपट्टे के फंदे पर लटका मिला।

मायके वालों को समझाते पुलिसकर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

पड़ोसियों ने घटना की सूचना मायके वालों को दी तो वे मौके पर पहुंच गए। कमरे में बेटी का शव फंदे पर लटका देखा। आरोप है कि उसके शरीर पर चोट के निशान थे। मृतका के ससुराल वाले घटना के बाद घर से फरार हो गए। इसके बाद मायके वालों ने शीला की हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। मायके वालों की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मायके वालों को समझा बुझाकर शांत किया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। तहसीलदार मूसा राम थारू ने घटनास्थल पर लोगों के बयान दर्ज कराए। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका ने अपने पीछे डेढ़ वर्षीय बेटे को छोड़ा है। थानाध्यक्ष शौकेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि मायके वालों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

लूट की साजिश रचने वाला एजेंट महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र में लूट की झूठी सूचना देने वाले एजेंट के कब्जे से पुलिस ने गायब की गई ढाई लाख की नकदी व मोबाइल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गांव फिरोजाबाद में 19 जुलाई को फाइनेंस कंपनी के एजेंट से पुलिस को लूट की सूचना मिली थी। बताया गया कि जनपद बुलंदशहर के थाना औरंगाबाद के गांव सैदपुरा निवासी एजेंट ने थाना सैदनगली पुलिस को सूचना दी थी। उसने बताया था कि वह कलेक्शन के बाद नकदी लेकर जा रहा था। तभी बदमाशों ने उससे तीन लाख 36 हजार की नकदी व मोबाइल लूट ली थी। पुलिस को फाइनेंस एजेंट की बात पर शक हुआ। पुलिस ने उससे पूछताछ की। सीडीआर व अन्य माध्यम से पुलिस ने गुरुवार को घटना का खुलासा किया। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि लूट की झूठी सूचना रचने वाले एजेंट बोबी, अंजुम पत्नी महबूब व बस्सार पुत्र महबूब निवासी गांव ढक्का मोड़ को गिरफ्तार किया

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

है। पूछताछ में आरोपी एजेंट ने बताया कि अंजुम के साथ मिलकर उसने लूट की साजिश रची थी। गांव नूरपुर लौटते समय घटना को अंजाम देने का समय निश्चित किया था।

कंपनी का टैबलेट बंद करके झाड़ियों में बैग फेंक दिया था। एजेंट ने अंजुम के पुत्र बस्सार को फोन करके वहां बुलाया था। उसे नोटों से भरा बैग दे दिया था। इसके बाद वह बाइक से चला गया। फिर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचकर वहां से गुजर रहे लोगों को लूट होने की सूचना दी थी। उसने ढाई लाख की नकदी ढक्का-गलुसआ मार्ग स्थित बाग में मिट्टी में दबाकर रखी थी। पुलिस ने एजेंट की निशानदेही पर नकदी और तीन मोबाइल बरामद कर लिए हैं।

मेडिकल एक्ट में झोलाछाप को 15 दिन जेल की हुई सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मेडिकल एक्ट में कोर्ट ने झोलाछाप को 15 दिन जेल में कैद की सजा सुनाई है। दोषी को बिजनौर जेल भेज दिया गया है।

मुरादाबाद के सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह वर्ष 2001 में अमरोहा नगर स्वास्थ्य अधिकारी थे। उनके पास नोडल अधिकारी का भी चार्ज था। 2001 में डॉ. कुलदीप सिंह ने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर निवासी अब्दुल हक के यहां छापा मारा था। चेकिंग करने पर झोलाछाप की दुकान में भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां मिली थीं। टीम ने झोलाछाप की दुकान को सील करने के बाद अब्दुल के खिलाफ इंडिया मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। साल 2022 में सीजेएम कोर्ट ने अब्दुल हक को मेडिकल एक्ट में दोषी मानकर छह माह जेल की सजा सुनाई थी। 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। कोर्ट ने दोषी अब्दुल को जमानत दे दी थी। लेकिन सजा के खिलाफ अपील के बाद मामले की सुनवाई अपर न्यायाधीश प्रथम संजय चौधरी की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंदर गर्ग ने मजबूत पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई पूरी हो गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने पूर्व फैसले को सही मानकर सजा को छह महीने के स्थान पर 15 दिन के साधारण कारावास में बदल दिया। कोर्ट ने दोषी को 15 दिन के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है।

गंगेश्वरी के चार शिक्षक होंगे सम्मानित

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव खैलिया के प्राथमिक विद्यालय का गुरुवार को सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। विद्यालय में 98 प्रतिशत छात्र छात्राएं उपस्थित मिलीं। विद्यालय में चारों शिक्षक भी उपस्थित थे।

सीडीओ ने बताया कि विद्यालय में बच्चों का शैक्षणिक स्तर बेहतर मिला। इसे देख सीडीओ गदगद हो गए। उन्होंने विद्यालय के चार शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आदर्श शिक्षक के रूप में सम्मानित करने की बात कही। कक्षा-1 से चार तक के छात्र छात्राओं के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को फर्नीचर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गांव में जलभराव व कीचड़ मिलने पर पंचायत सचिव से व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा। हलका लेखपाल से जलनिकासी

खैलिया के विद्यालय में जानकारी लेते सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा।

को एक तालाब के लिए भूमि चिह्नित करने को कहा। बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय दौरारा का निरीक्षण किया। यहां आंगनबाड़ी केंद्र क्षतिग्रस्त मिला। इस पर उन्होंने नए आंगनबाड़ी केंद्र के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में कुछ ग्रामीणों ने अपने पशु बंध रखे थे। उन्होंने पशुओं को खुलवाया दिया। इसके बाद उन्होंने श्याम गढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। शौचालय की मरम्मत व विद्यालय परिसर में मिट्टी डलवाने का निर्देश दिया। उन्होंने गुरैठा स्थित गोशाला का भी निरीक्षण किया। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था को सबमर्सिबल लगवाने का निर्देश दिया।

कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देते शिक्षामित्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

शिक्षामित्रों को मिले आयुष्मान योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

गुरुवार को जिला संरक्षक रामवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षक व शिक्षामित्र एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट में पहुंचे। यहां उन्होंने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्र को विद्यालय में वापस भेजने की मांग की। कहा कि शिक्षामित्रों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ दिया जाए। मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाए। प्रदर्शन करने वालों में जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल, जिला संयोजक वरुण गुर्जर, जिला प्रभारी विवेक त्यागी, ओम शरण तोमर, शिव प्रकाश शर्मा, नरेंद्र सिंह, अरुण कुमार शर्मा, तारा चंद्र, योगेंद्र सिंह, जगत सिंह, कुलदीप चौहान, इंद्रपाल सिंह, सुषमा त्यागी, बबीता त्यागी, वंदना चौधरी, सरोज, अजय सिंह, नंदराम, आदि मौजूद रहे।

बिना पंजीकरण चलता मिला नर्सिंग होम सील

मंडी धनौरा, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे एक नर्सिंग होम पर छापा मारकर स्वास्थ्य की टीम ने उसे सील कर दिया। नर्सिंग होम में भर्ती मिली प्रसूता को जिला अस्पताल भिजवाया।

गुरुवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शरद कुमार ने शिकायत के आधार पर शिफा नर्सिंग होम पर छापा मारा। यहां एसीएमओ को प्रशिक्षित स्टाफ नहीं मिला। नर्सिंग होम का पंजीकरण भी नहीं दिखाया गया। नर्सिंग होम में भर्ती प्रसूता को एसीएमओ ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नर्सिंग होम को सील कर दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर शिफा नर्सिंग होम में छापा मारा गया था।

खादर क्षेत्र में एनडीआरएफ की टीम ने की मॉकड्रिल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : एनडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को खादर क्षेत्र में मॉकड्रिल करके ग्रामीणों को बाढ़ व आपदा से बचने का तरीका बताया। उन्होंने एक ग्रामीण को रामगंगा पोषक नहर में उतारा और उसे खुद बचाकर नहर से बाहर सुरक्षित निकाला। हालांकि ग्रामीण भी तैरना जानता था। बाढ़ राहत वाले स्थानों के बारे में भी जानकारी दी।

एनडीआरएफ की दो यूनिट खादर क्षेत्र के दारानगर गांव पहुंचीं। उनके साथ एसडीएम चंद्रकांता, सीओ श्वेताभ भास्कर, पुलिसकर्मी मौजूद रहे। टीम ने सबसे पहले ग्रामीणों को इकट्ठा कर बाढ़ व आपदा से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को आपदा से बचने के सुझाव बताए। उन्होंने बताया कि यदि आपदा में

मॉकड्रिल करती एनडीआरएफ की टीम।

फंसे हैं तो खुद को बचाने के साथ दूसरो की मदद कैसे की जाएगी, भूख लगने पर बाढ़ राहत केंद्रों पर आसानी से खाना मिलने के बारे में भी बताया। आपदा में घिरे लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं कैसे मिलेंगी। इसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद एक व्यक्ति को गंगा में उतारा गया। एनडीआरएफ की टीम ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला। स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य सुविधाएं उसे मुहैया कराईं।

पंचायत भाकियू के कार्यकर्ताओं ने रम्पुरा बिजली घर में अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, समस्या का समाधान नहीं होने पर दी चेतावनी

बिजली की समस्या का समाधान न होने पर भाकियू करेगी आंदोलन

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : भाकियू के कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्याओं को लेकर रम्पुरा बिजली घर में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसमें भाकियू के महासचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में दो-तीन घंटे ही आपूर्ति दी जा रही है। इससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। फसलें सूखने की कगार पर हैं।

रम्पुरा बिजली घर पर अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखवाया जाए। दहपा व चितावली में दो नए बिजली घर बनवाने का प्रस्ताव भेजा गया है, जो योजना में पास हो गया है। बिजली घर अति शीघ्र बनवाए जाएं। आरोप है कि बिजली के मीटरों से अधिक बिल निकाले जा रहे हैं। मीटर रीडर घर बैठे बिल निकालते हैं। यदि इन समस्याओं का समाधान 29 जुलाई तक नहीं हुआ तो 30 जुलाई को रम्पुरा बिजली घर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर गुड्डू सिंह, सोमपाल सिंह, वेद प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, मोहम्मद एजाज, काशिफ अली, देवेश कुमार, ललित कुमार आदि रहे।

पंचायत में किसानों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह। ● अमृत विचार

डिप्टी कलेक्टर विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

भाकियू की पंचायत में किया गया कार्यकारिणी का गठन

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत में किसान नेताओं ने कार्यकारिणी का गठन किया। नगर में अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति में गुरुवार को हुई भाकियू की मासिक पंचायत में जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह ने कहा कि विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है। चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाने की मांग की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष काले सिंह, प्रदेश महासचिव महावीर सिंह, तहसील क्षेत्र के अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह, मुन्नू गुर्जर, बृजपाल सिंह, सीता देवी, पार्वती, करन सिंह, आशा आर्य व शांति आदि मौजूद रहे।

बिजली आपूर्ति की कटौती रोकने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर-दो के नागरिकों ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर व अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बिजली आपूर्ती की कटौती की समस्या को दूर करने की मांग की। कहा कि बिजली नहीं मिलने से लोग गर्मी में परेशान होते हैं। बताया कि वार्ड नंबर दो में सबसे ज्यादा पालिका के सफाई कर्मचारी रहते हैं। दिनभर कार्य करने के बाद वे रात को घर पहुंचते हैं तो बिजली नहीं मिलती है। डिप्टी कलेक्टर, अधिशासी अधिकारी उन्हें समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में सभासद चमन देवी, विजय पारछा, राकेश, आकाश, आशीष, आदित्य, पूनम, अमित, उमेश, संजय आदि शामिल रहे।

सार-संक्षेप

पौधा लगाते केनरा बैंक शाखा के प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

कन्या इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण

रहरा, अमृत विचार : चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान केनरा बैंक की दौरारा शाखा के प्रबंधक जीत वर्मा ने बालिकाओं को आम, अमरूद व जामुन समेत अन्य प्रजातियों के 100 पौधे वितरित किए। विद्यालय के डायरेक्टर ब्रह्म दत्त त्यागी ने पौधरोपण के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मनोज कुमार त्यागी, कोशिंदर सिंह, दीपक त्यागी, विद्यालय के संरक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह त्यागी, प्रधानाचार्य अनीता शर्मा व रेखा सिंह आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित रामसरन एवं सुशील आनंद हाईस्कूल विद्यालय में गुरुवार को पौधे लगाए गए। इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी विद्यालय में पहुंचे। शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद नगर पालिका के अध्यक्ष व शिक्षकों ने पौधरोपण किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पालिका के अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, राहुल शर्मा, सभासद हम्जा अली, नौशाद, मोहसिन, मुन्ना चौहान, शाहनवाज अंसारी, बदर कुरैशी, जावेद जरताब, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी आदि मौजूद रहीं।

विद्यालय में पौधरोपण करते नगर पालिका के अध्यक्ष राज्यपाल सैनी।

रोटरी क्लब आस्था की बैठक में मैंगो पार्टी करतीं पदाधिकारी।

रोटरी क्लब आस्था की बैठक में हुई मैंगो पार्टी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला होली चौक स्थित रोटेरियन विनय गुप्ता के आवास पर बुधवार देर रात्रि रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की साप्ताहिक बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से 11 सितंबर को बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने क्लब आस्था की ओर से किए रहे सामाजिक कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब आस्था जरूरतमंद लोगों की निशुल्क सेवा करने के लिए हर समय तत्पर रहता है। रोटेरियन उमा गुप्ता ने सावन के गीत गाकर सदस्यों का मनोरंजन किया। इस दौरान मैंगो पार्टी भी हुई। क्लब के सचिव राजीव कंसल ने सामाजिक कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान क्लब के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण अवतार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, ब्रह्म दत्त त्यागी, विनोद सक्सेना, सुनील भटनागर, अक्षी अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सत्यवती सक्सेना, नेहा सक्सैना, चरणजीत सिंह, डॉ. तीर सिंह सिरोही, मंजू कंसल, सुनीता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल आदि रहे।

शिवाला मंदिर में हुई भगवान शेषनाग की पूजा

हसनपुर, अमृत विचार : नाग पंचमी पर भक्तों ने नगर स्थित शिवाला मंदिर में भगवान शेषनाग की पूजा अर्चना की और दुग्धाभिषेक किया। इसके अलावा नगर के कई शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में भक्त उमड़े रहे। नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में गुरुवार को भगवान शेषनाग की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने फल, फूल, दुध चढ़कर सुख शांति की कामना की। मंदिर परिसर में महिलाओं ने नाग पंचमी की कथा भी की। शिवाला मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतवीर गिरी ने बताया कि नाग पंचमी पर भगवान शेषनाग की विशेष पूजा अर्चना की गई। शेष नाग देवता के दर्शन करने से काल सर्प योग से मुक्ति मिलती है।

पूजा करती महिला। ● अमृत विचार

एचएसएस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित एचएसएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा-तीन, चार एवं पांच के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने बच्चों को देश प्रेम एवं देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक हवा सिंह ने किया। इस दौरान प्रबंधक राजीव अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य अंकुर काशिव, निरुपम चौधरी आदि मौजूद रहे।

सुभासपा के कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादाता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गजाना में गुरुवार को सुनील कुमार कश्यप के आवास पर सुभासपा की बैठक हुई। इसमें पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में 50 लोगों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस दौरान आदेश, बिपुल शर्मा, आकाश कश्यप, सोमवती, मोनिका, विनीता, धर्म देवी, सीमा, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

सदस्यता प्रमाण पत्र दिखाते लोग।

टूटा नाला ठीक करने की मांग, ग्रामीणों का प्रदर्शन

हसनपुर, अमृत विचार : गांव सोहत गढी के ग्रामीणों ने गुरुवार को टूटे हुए नाले को ठीक करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान पर नाले की सफाई न करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में गंदा पानी भरने से फसल नष्ट हो गई है।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal
Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

एक नजर

स्नातक में 1.55 लाख पंजीकरण और 81 हजार छात्रों के प्रवेश हुए

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के तहत गुरुवार तक पंजीकरण हुए। अब तक प्रथम और द्वितीय चरण में एक लाख 55 हजार छात्रों के पंजीकरण हुए हैं और 81 हजार छात्रों के प्रवेश हो गए हैं। द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्रों के 26 जुलाई से 5 अगस्त तक महाविद्यालयों में प्रवेश होंगे। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। अब तक 81 हजार प्रवेश हो चुके हैं। द्वितीय चरण के प्रवेश 5 अगस्त तक होंगे। विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में अन्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।

एमटेक पीएचडी में प्रवेश के लिए अब 12 अगस्त तक होंगे पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमटेक पीएचडी और इंजीनियरिंग के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। कुलसचिव के मुताबिक अब छात्र 12 अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण कर सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों में 16 जुलाई से द्वितीय चरण में पंजीकरण हो रहे हैं।

बीएससी जीव विज्ञान और बीए की सीटें लगभग फुल

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की सीटें लगभग फुल हो गई हैं। अब सिर्फ बीकॉम और बीएससी गणित की सीटें रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर शनिवार से प्रवेश शुरू होंगे। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रथम चरण में पंजीकृत छात्रों के चार मेरिट जारी कर प्रवेश लिए गए। प्रथम चरण में ही लगभग सभी सीटें फुल हो गई हैं। अब बीकॉम और बीएससी गणित में सीटें रिक्त हैं, जिनमें प्रथम और द्वितीय चरण में पंजीकृत छात्र प्रवेश ले सकेंगे।

एलएलबी में प्रवेश के लिए आज से पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में परास्नातक और एलएलबी में प्रवेश के लिए पंजीकरण के लिए शुक्रवार को पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि छात्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे और मेरिट के आधार पर प्रवेश लिए जाएंगे। कॉलेज में एमए पाठ्यक्रम में हिंदी की 80, अंग्रेजी की 160, संस्कृत की 80, उर्दू की 80, दर्शनशास्त्र की 80, इतिहास की 160, अर्थशास्त्र की 240, राजनीतिशास्त्र की 80, समाजशास्त्र की 160, ललित कला की 25, गणित की 80, सैन्य अध्ययन की 20, सांख्यिकी की 20 और भूगोल की 60 सीटे हैं। इसके अलावा एमएससी में भौतिक विज्ञान की 30, रसायन विज्ञान की 50, जीव विज्ञान की 22, वनस्पति विज्ञान की 20, सांख्यिकी की 25, सैन्य अध्ययन की 40, गणित की 120 और पर्यावरण विज्ञान की 40 सीटे हैं। इसके अलावा एमकॉम की 240 और एलएलबी की 320 सीटे हैं।

छात्रावास से पंजाब की छात्रा लापता

सितारगंज, अमृत विचार : बीते 12 जुलाई को पंजाब की छात्रा ने सितारगंज के साधु नगर स्थित विद्यालय में प्रवेश लिया था। इसके बाद विद्यालय के ही छात्रावास में छात्रा रह रही थी लेकिन 24 जुलाई को अचानक छात्रा लापता हो गई। विद्यालय प्रबंधन की ओर से खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर दी गई है।

प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

हत्या करके महिला ने रोने का किया नाटक, फंदा लगाने की फैलाई थी अफवाह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

कार्रवाई
- शादी का दबाव बना रहा था प्रेमी दोनों ने मिलकर श्यामवीर का गला घोंट दिया
- भांग और शराब के नशे में डूबा रहता था पति, खर्च के लिए नहीं देता था रुपये

अमृत विचार : दातागंज कोतवाली पुलिस ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने रस्सी से गला घोंटकर हत्या की थी। इसके बाद महिला ने पति के फंदा लगाकर जान देने की अफवाह फैलाई थी। पोस्टमार्टम में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस जांच करके महिला तक पहुंची। आरोपी महिला को जेल भेजा गया है। उसके प्रेमी की तलाश की जा रही है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव सपरेड़ा निवासी पूर्व प्रधान बलवीर सिंह के भाई श्यामवीर पुत्र मेघनाथ 18 जुलाई की दोपहर खाना खाने के बाद अपनी झोपड़ी में चले गए थे जहां उनका शव मिला। युवक के विषाक्त पदार्थ खाने की आशंका जाहिर की गई थी। वहीं श्यामवीर की पत्नी ने फंदा लगाकर जान देने की अफवाह फैला दी। पुलिस ने मौत का कारण जानने को शव का पोस्टमार्टम कराया जिसकी रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया। श्यामवीर की गला घोंटकर हत्या का मामला सामने आया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस की शक की सुई श्यामवीर की पत्नी पुष्पा देवी पर टिक गई। सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई। उसने बताया कि वह बहुत गरीब हैं। ईंट भट्ठे पर मजदूरी करके जीवन यापन कर रहे हैं। पति श्यामवीर नशा करने का आदी था। हमेशा भांग और शराब के नशे में रहता था। जिसकी वजह से आए दिन दोनों में झगड़ा होता रहता था। ईंट भट्ठे पर उसके साथ काम करने वाला पास के गांव कोली निवासी मुकेश पुत्र सोनपाल जरूरत पड़ने पर महिला की आर्थिक मदद करता था। धीरे-धीरे वह परिवार का सहारा बनने लगा। इससे वह मुकेश के करीब आ गई। मुकेश उससे प्यार करने लगा। पुषा देवी का मन भी अपने पति से हटकर मुकेश पर आ गया। मुकेश ने कई बार महिला से शादी करने की इच्छा जाहिर की थी। मुकेश ने महिला की बेटी की शादी अपनी रिश्तेदारी उसावां क्षेत्र के एक गांव में करा दी जिसके बाद वह दोनों मिलने लगे। श्यामवीर को प्रेम प्रसंग का पता चल गया तो पति-पत्नी में रोज झगड़ा होने लगा। वहीं मुकेश उस पर शादी करने का दबाव डाल रहा था। महिला को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है।

पुष्पा ने श्यामवीर को पकड़ा, मुकेश ने गला घोंटा

18 जुलाई दोपहर डेढ़ बजे श्यामवीर घेर में गया था। पुष्पा ने मुकेश के साथ मिलकर प्लान बनाया। वो दोनों घेर पर गए जहां पुष्पा ने श्यामवीर को पकड़ा और मुकेश ने रस्सी से उसका गला घोंट दिया। श्यामवीर की मौत हो गई। उसके कहने पर मुकेश खेत की ओर चला गया। वह घर आ गई। कुछ देर के बाद उसने पति की मौत पर रोने का नाटक किया। लोगों से कहा कि श्यामवीर ने फंदा लगाकर जान दी है। इसी दौरान पुलिस भी आ गई। पता नहीं था कि शव का पोस्टमार्टम होगा और वह पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपी पुष्पा देवी को जेल भेजा जबकि उसके दोस्त मुकेश की तलाश कर रही है। खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ, अपराध निरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक प्रणव कुमार, कांस्टेबिल नितिन शर्मा, गौरन नागर और उर्मिला राणा रहे।

ससुराल वाले निदा को देंगे एकमुश्त 10 लाख रुपये

बरेली, अमृत विचार : आला हजरत खानदान की बहू रहीं समाजसेवी निदा खान की घरेलू हिंसा मामले की अपील को जिला जज विनोद कुमार ने मंजूर करते हुए आवास किराया भत्ता 4 हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 10 हजार रुपये और एकमुश्त 3 लाख की रकम बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी है। वहीं, सेशन कोर्ट ने पति शीरान और सास शाईस्ता, ससुर उस्मान रजा खान आदि की 2 अपीलों को खारिज कर दिया है।

निदा के अधिवक्ता भूपेन्द्र भड़ाना के अनुसार 17 जनवरी को सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी कोर्ट ने शीरान रजा खां को पत्नी निदा खान को मुकदमा दायर होने की तिथि से 15 हजार रुपये प्रतिमाह देने, एकमुश्त रकम 3 लाख, आवास किराया भत्ता 4 हजार रुपये माहवार दिए जाने का आदेश दिया था। निचली अदालत के आदेश के असंतुष्ट होकर निदा की ओर से जिला जज की अदालत में अपील दायर की गई थी। सेशन कोर्ट ने निचली अदालत द्वारा भरण पोषण की रकम प्रतिमाह 15 हजार रुपये दिए जाने के आदेश को बरकरार रखा है।

सार संक्षेप

नकदी और जेवर लेकर प्रेमी के साथ युवती फरार

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात क्षेत्र में परिजनों को सोता छोड़कर युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। बेटी पर नकदी व जेवर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी, उसकी मां व बहन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक व युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार रात युवती प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन नींद से जागे तो कमरे में सोई बेटी थी। इसके बाद परिजन थाने पास पहुंचे और बेटी को युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। 2.40 लाख रुपये की नकदी समेत सोने चांदी के जेवर ले जाने का भी आरोप है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक, उसकी मां व बहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा निवासी जुल्फिकार और उसका पड़ोसी शकील बाइक से गुरुवार सुबह गजरौला किसी काम से आ रहे थे। रास्ते में खादगुर्जर मार्ग पर गांव वारसाबाद के पास सामने से आ रही तेज गति की कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

कंबाइन के पहिये के नीचे आने से किशोरी घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव भीम ठीकरी निवासी उदयराम की 15 वर्षीय बेटी शीतल गांव के ही किसान के खेत में धान की कटाई करने गई थी। इस दौरान खेत में धान काटते समय कंबाइन मशीन का पहिया किशोरी के सिर पर उतर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे नगर के एक चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने किशोरी की हालत गंभीर देख उसे मेरठ रेफर कर दिया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद खेत मालिक व मशीन स्वामी भाग गए। लेकिन ग्रामीणों ने एक किलोमीटर दूर उन्हें पकड़ लिया।

दो लोगों को लगा हाईटेंशन करंट, पशु की मौत

मनोटा, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी खानचंद के घर के पास ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। गुरुवार की देर शाम साढ़े सात बजे बिजली आने पर हाईटेंशन करंट बरसात से गीली हुई जमीन पर दौड़ गया। करंट की चपेट में आकर खानचंद की भैंस की मौत हो गई और मुहल्ला के ही दिवेश शर्मा व बिधूषी शर्मा भी करंट की चपेट में आ गए। हालत गंभीर होने पर दिवेश शर्मा को परिजनों ने अमरोहा निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

बालक से कुकर्म का आरोपी किशोर गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखास थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले पड़ोसी की छत पर चार वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने वाले किशोर को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर ने मंगलवार को मुहल्ला के ही मजदूर के चार वर्षीय बेटे के साथ पड़ोसी की छत पर ले जाकर कुकर्म किया था। जानकारी होने पर बालक के परिजनों ने किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को सूचना मिलने पर पुलिस थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर स्थित पक्का बाग चौराहे पर पहुंची और यहां खड़े किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

छाता वितरित करतीं जीवन ज्योति ग्रुप की सदस्य।

जायन्ट्स ग्रुप जीवन ज्योति ने लोगों को बांटे छाते

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : जायन्ट्स ग्रुप जीवन ज्योति की पदाधिकारियों ने अक्रूरजीपुरम स्थित डेयरी पर जरुरतमंद लोगों को 150 छाते वितरित किए। गुरुवार की शाम आयोजित कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद ग्रुप पदाधिकारियों ने छातों का वितरण किया। इस अवसर पर स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, सुभाष रुस्तगी, कृष्णौतार, डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय, सीमा वर्मा, प्रिया, स्मिता, कमलेश ठाकुर, कोमल, डॉली वार्ष्णेय, भावना, ममता, रुचि, मधु, करुणा, गीता, रेनू, अंजना आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल

बबराला/ धनारी, अमृत विचार: आगरा- मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुरूवार देर रात पिकअप में स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिलाओं, बच्चों सहित 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

बदायूं जिले के उघैती थाना क्षेत्र के गांव खण्डुआ और बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मचखेड़ा निवासी ग्रामीण चंडीगढ़ में मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। यह लोग चंडीगढ़ से पिछले दिनों अपने गांव आए थे। करीब 25 लोग गुरूवार को पिकअप में सवार हो कर जा रहे थे। रात करीब साढ़े नौ बजे आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव उधरनपुर अजमत नगर के पास पिकअप में पीछे से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पिकअप की खिड़की खुल गई और उसमें सवार लोग चलती गाड़ी से सड़क पर गिर गये। पूजा (22), लक्ष्मी (35), अंजली (16), रीनू (19), कविता (30), अनीता (25 वर्ष) और तीन मासूम बच्चों सहित बीस से अधिक लोग घायल हो गये।

डकैती और हत्या के 14 दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार को न्यायाधीश ने सुनाई सजा, मुकदमा के दौरान दो आरोपियों की हो चुकी है मौत

अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश रेखा शर्मा ने 17 साल पुराने डकैती और हत्या मामले में 14 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। छह दोषियों पर 50-50 हजार रुपये और बाकी पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव खरखोल निवासी हरपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनके गांव निवासी राधेश्याम पुत्र जसवंत की कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। जिसमें उनके बेटे नरेश और परिवार के अन्य लोगों को भी जेल भेजा गया था। 15 फरवरी 2007 सुबह 8 बजे हरपाल के भाई रेवी व आराम सिंह घर पर थे। बदला लेने की नीयत से साधु सिंह, धर्म सिंह व प्रेम सिंह, भरोसे पुत्र राम फूल, अतर सिंह पुत्र साधु सिंह, उरमान पुत्र जसवंत, विनीत, टीटू, राम सिंह पुत्र कोमिल, नरेश पुत्र राम चंद्र, भगवान सिंह पुत्र वेनी, वीरपाल पुत्र बाल किशन व वलवीर पुत्र रोहन अवैध असलाह व फरसा आदि लेकर आए। फायरिंग करते हुए चार डनलप, आठ बैल, एक घोड़ी, बीस भैंस, जेवर और कपड़े लूटकर ले गए थे। हरपाल के बेटे पान सिंह को घर से खींचकर मंदिर पर ले जाकर साधु सिंह, भरोसे, वीर पाल, अतर सिंह व उरमान आदि ने फरसा, कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच की। साक्ष्यों को संकलन करने के बाद 16 आरोपियों के खिलाफ डकैती करके हत्या करने के आरोप में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा के दौरान साधु सिंह और रामौतार मौत हो गई।

7.36 ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

सितारगंज, अमृत विचार : पुलिस ने गश्त के दौरान गन्ना सेंटर तिराहे के समीप एक संदिग्ध युवक को रोका तो उसके पास से 7.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

खोया-पाया

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य/पूरक परीक्षा सन् 2014 अनुक्रमांक 0821501 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो/नष्ट हो गया है। सोनम पुत्री राजवीर निवासी गली न. 02 हरथला मुरादाबाद।

नाम-परिवर्तन

मेरी पत्नी का नाम पासपोर्ट में शबनम खान था। अब मैंने बदल कर शबनम रख दिया है। अब मेरी पत्नी को इसी नाम से जाना पहचाना जाए। शबनम पत्नी आसिफ पुत्री इकबाल खान हाल निवासी सब्जी मंडी सरकारी अस्पताल के पीछे कुरेशियान मौहल्ला बहजोई, जनपद संभल।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र गणेश साहनी व उसकी पत्नी श्रीमती गुंजा साहनी गलत संगत में पड़ गये है व आए दिन झगड़ा फसाद करते रहते है। जिस कारण उक्त पुत्र गणेश साहनी व श्रीमती गुंजा साहनी से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। श्रीमति उर्मिला साहनी पत्नी मनोज साहनी निवासी ग्राम दिबदिबा कौशल गंज थाना व तहसील बिलासपुर जिला रामपुर (उ.प्र.)।

बाढ़ से बचाव के लिए किया पूर्वाभ्यास

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में बाढ़ की आशंका के मद्देनजर प्रशासन तैयारियों में जुटा है। गुरुवार को प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास किया।

जिला आपदा प्रबंधन द्वारा गुरुवार को तहसील क्षेत्र में गंगा किनारे स्थित गांव रघुपुर पुख्ता में राज्य स्तरीय संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें बाढ़ की संभावना वाले गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ आपदा से बचाव की जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने बाढ़ से बचाव की तकनीकों का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसे हालात की पृष्ठभूमि तैयार कर उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने में प्रशासन सहित संबंधित विभागों की त्वरित कार्रवाई की तैयारी परखी गई। तैयारियों का जायजा लेते हुए इस बात पर विचार-विमर्श किया गया कि कैसे राज्य और जिला आपदा प्रबंधन और एनडीआरएफ के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकता है। मॉक ड्रिल में लोगों को बाढ़ से निपटने के प्रचलित तरीके बताए गए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, एसडीएम दीपक कुमार चौधरी, आपदा विशेषज्ञ डॉ. अच्युत यादव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सूचना अधिकारी, एसडीआरएफ, कुमायूं रेजिमेंट और एनडीआरएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद एडीएम प्रदीप वर्मा व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों को बाढ़ आपदा से बचाव की जानकारी दी गई

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

बाजपुर, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया जिसे बाद में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक नशे का आदी बताया जा रहा है।

रेलगाड़ी संख्या 05383 गुरुवार को लालकुआं से काशीपुर की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे किलोमीटर संख्या 36/1 धनसारा रेलवे क्रासिंग पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी बीच वहां ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई और मृतक की शिनाख्त ग्राम लखनपुर निवासी अजय उर्फ बिजेंद्र (30) पुत्र स्व.बृजलाल के रूप में हुई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जाता है कि युवक नशा करता था। जानकारी से परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है।

सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने को पुलिस प्रयागराज रवाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

> माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए एक इंस्पेक्टर और एक दरोगा प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। जो संपत्ति चिह्नित कर रिपोर्ट देंगे। उसके बाद संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – संजय तोमर, थाना प्रभारी बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए बिथरी चैनपुर पुलिस प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है। पुलिस प्रयागराज में संबंधित विभागों से दस्तावेज खंगालेगी। उसके बाद सद्दाम की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सद्दाम मौजूदा समय में बदायूं की जिला जेल में बंद है।

माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। बिथरी चैनपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा रणधीर कुमार प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। वह पुलिस-प्रशासन की मदद से सद्दाम की संपत्ति चिह्नित कर बरेली आकर रिपोर्ट सौंपेगे। माफिया अशरफ जब जिला जेल में बंद था, तब उस समय सद्दाम ने जेल में सारी सुविधा मुहैया कराई थीं और प्रयागराज के उमेशपाल हत्याकांड के शूटरों से भी अशरफ की मुलाकात कराई थी। इस मामले में थाना बिथरी चैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सद्दाम ने अशरफ के दम पर बरेली में पूरा नेटवर्क खड़ा किया था। सद्दाम को सितंबर 2023 में दिल्ली से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर बिथरी पुलिस को सौंपा था। कुछ दिनों में उसकी जेल बदल दी गई थी।

नोटिस

न्यायालय उपसंचालक चकबन्दी, जनपद रामपुर

निगरानी सं0-20245413590000012

गुरचरन सिंह पुत्र फौजा सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर, निकट बिलासपुर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।
.... पुनरीक्षणकर्ता

बनाम

1. सुमित जोशी पुत्र देवेन्द्र लाल जोशी
2. सुधांशु जोशी पुत्र देवेन्द्र लाल जोशी हाल निवासी मौहल्ला 30 आवास विकास कालोनी, रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंहनगर।
3. कुसेन्द्र कुमारी पुत्री गोविन्द राम पत्नी यशपाल निवासी ग्राम पहाड़पुर, निकट बिलासपुर, तहसील स्वार, जिला रामपुर।

.....रेस्पोन्डेन्टस

मुत्तिला हो कि बनारजी डिक्री मुकदमा मुन्दरजा, मुन्दरजा वाला मैंने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्ट्रर हुआ और अदालत ने तारीख 29.07.2024 वास्ते समाअत इस निगरानी के मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानून आपकी तरफ से निगरानी हाजा में जवाब या सवाल का मजाजा हो, हाजिर न आवेगा, तो उसकी समाअत और तबजीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी। आज बतारीख 22 माह 07 सन् 2024 ई० मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उपसंचालक चकबन्दी, जिला रामपुर।

मेडिकल केंद्र पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

रुद्रपुर, अमृत विचार: मानवाधिकार आयोग में दर्ज शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग, ड्रग विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने संजय नगर खेड़ा में एक मेडिकल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर टीम ने संबंधित मेडिकल केंद्र संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही दवाइयों के सैंपल लेकर दवाइयों को सील कर कब्जे में लिया है।

गुरुवार को एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक और औषधि निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम वार्ड 11 संजय नगर खेड़ा स्थित दयाल मंडल के मेडिकल केंद्र पर पहुंची। जांच के दौरान मेडिकल केंद्र अपंजीकृत मिला। मेडिकल स्टोर में एलोपैथिक औषधि, इंजेक्शन पाये गये। मौके पर स्टोर संचालक दयाल मंडल से जब शैक्षिक योग्यता पूछी तो उसने बताया कि वह 12वीं पास है। जांच में पता चला कि संचालक बिना शैक्षिक योग्यता के मरीजों को दवाई भी दे रहा था।

तीन लाख की मिल चुकी है सुपारी, जल्द होगी तेरी हत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

- काशीपुर के पीड़ित ने लगाई एसएसपी से गुहार

अमृत विचार : काशीपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से जानमाल की सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई। पीड़िता का कहना था कि पिछले दो माह से उसकी हत्या किए जाने की धमकियां मिल रही हैं। अज्ञात लोग मैसेज भेज रहे हैं कि तीन लाख रुपये की सुपारी मिल चुकी है, जल्द ही तेरी हत्या हो जाएगी।

गुरुवार को ज्ञापन देते हुए छीना फार्म ढकिया गुलाबो काशीपुर निवासी तनुज कुमार ने बताया कि पिछले दो माह से उसके मोबाइल पर परिवार सहित हत्या किए जाने की धमकियां आ रही हैं। कभी व्हाट्सएप पर मकान की फोटो तो कभी बाजार जाते वक्त परिवार की फोटो भेजकर धमकी दी जा रही है। जिसका पहला शिकायती पत्र 14 मई को एसपी सिटी काशीपुर को सौंपा था। 20 जुलाई को फिर मोबाइल पर धमकी आई कि तूने कैमरा लगा लिया है और तेरी हत्या करने के तीन लाख रुपये भी मिल चुके हैं।

30 जुलाई से पहले तुझे खत्म कर दिया जाएगा। जिसकी वजह से पिछले दो माह से परिवार भयभीत है और हमेशा जान का खतरा बना रहता है। पीड़ित ने कहा कि यदि उसे और परिवार की जानमाल का खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। कारण वह लगातार पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग कर रहा है। पीड़ित ने एसएसपी से परिवार की सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई।

घूसखोरी में लाइनमैन को तीन वर्ष की सजा

हल्द्वानी, अमृत विचार : ट्यूबवेल कनेक्शन के एवज में दो वर्ष पहले घूस लेते पकड़े गए लाइनमैन को दोषी करार दिया गया। न्यायालय ने उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने बताया कि बकैनिया सुभाषनगर गदरपुर ऊधमसिंह नगर निवासी जय प्रकाश पांडे पुत्र भृगुनाथ पांडे ने वर्ष 2022 में अपनी बेटी ऋद्या के नाम पर ट्यूबवैल कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया था। कनेक्शन लगाने के एवज में विद्युत वितरण उपखंड गदरपुर में नियुक्त लाइनमैन लालदेव ने जय प्रकाश से आठ हजार रुपये की मांग की। जय प्रकाश ने मामले की शिकायत हल्द्वानी विजिलेंस से की। जांच की गई तो मामला सही मिला और निरीक्षक भानु प्रकाश आर्य के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित कर लालदेव को 11 मई 2022 को आठ हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया।

एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें निरस्त, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ब्लॉक लेकर रोजा में यार्ड रिमॉडलिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसकी वजह से गुरुवार को बरेली जंक्शन पर एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें निरस्त रहीं। जबकि कई ट्रेनें रिशेड्यूल और नियंत्रित की गईं। बड़ी संख्या में ट्रेनें ऐसी भी थीं, जिनको डायवर्ट किया गया था। इस कारण यह ट्रेनें जंक्शन नहीं पहुंचीं। यात्रियों को दिक्कत हुई। वहीं, मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रोजा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों का निरीक्षण किया।

डायवर्ट के चलते गुरुवार को 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, 14604 अमृतसर-सहरसा जनसेवा एक्सप्रेस, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस और 14242 नौचंदी एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा। 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस और 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस डायवर्ट रहने के कारण शुक्रवार को बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगी। 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस 28 जुलाई व 4 अगस्त, 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस 29 जुलाई व 05 अगस्त को निरस्त रहेगी। वहीं गुरुवार को 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 15044 काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस, 15119 वाराणसी देहरादून एक्सप्रेस, 15120 देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस, 15656 श्री वैष्णो देवी कटरा कामाख्या एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह से निरस्त रहा। परेशान यात्रियों ने टिकट वापस किए और दूसरे साधनों के सहारे अपने गंतव्यों तक पहुंचे।

अधिक शराब पीने से युवक की मौत

जसपुर, अमृत विचार : गांव कलियावाला के पास सड़क के किनारे से गुरुवार को युवक का शव बरामद हुआ। युवक की मां खजानो देवी ने बताया कि उसका पुत्र महिपाल निवासी गांव मेघा वाला शराब पीने का आदी था। बुधवार की शाम को उसने महिपाल को शराब पीने के लिए मना किया लेकिन वह शराब पीने चला गया और रात को घर नहीं लौटा। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिपाल की मृत्यु शराब पीने से होना प्रतीत हो रही है।

कार्यालय राजकला कन्या पाठशाला, मण्डी बांस, मुरादाबाद

राजकला पी०डी०ए० गर्ल्स इण्टर कालेज, मुरादाबाद

संस्था/ सोसायटी के तीन वर्षीय चुनाव हेतु अद्योहस्ताक्षर कर्ता को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त वैध साधारण सभा के सदस्यो को सादर सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार संस्था/सोसायटी की प्रबन्ध समिति का चुनाव अध्यक्ष-01, उपाध्यक्ष-01, मंत्री एवं प्रबन्धक-01, उप मंत्री एवं उप प्रबन्धक-01, कोषाध्यक्ष-01, सदस्य-09 पदो पर अधोहस्ताक्षर कर्ता की देख रेख में सम्पन्न होंगे। साधरण सभा की सूची का प्रकाशन विद्यालय प्रांगण के श्यामपट पर कर दिया गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर आमन्त्रित है।

01-चुनाव का स्थान	-	राजकला पी०डी०ए० गर्ल्स इ० कालेज, मण्डी बांस, मुरादाबाद।		
02-चुनाव का दिनांक	-	11.08.2024	दिन रविवार	
03-नामांकन पत्रो का वितरण	-	11.08.2024	प्रातः	08:00 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक
04-नामांकन पत्रो की प्राप्ति	-	11.08.2024	प्रातः	09:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक
05-नामांकन पत्रो की जाँच	-	11.08.2024	प्रातः	10:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक
06-नामांकन पत्रो पर आपत्ति एवं निराकरण	-	11.08.2024	प्रातः	11:00 बजे से प्रातः 12:00 बजे तक
07-जॉचोंपरान्त यदि आवश्यक हुआ तो गोपनीय बैलेट पत्रो के माध्यम से चुनाव	-	11.08.2024	दोपहर	12:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक
08-चुनाव परिणाम	-	11.08.2024	सांय	05:30 बजे

अनुज कुमार सिन्हा
पीठासीन अधिकारी

बलिया में ट्रकों से अवैध वसूली मामले में हटाए गए एसपी और एएसपी

सीओ सहित पूरी चौकी निलंबित, एसएचओ व एक दर्जन पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई पुलिस कर्मी फरार, 16 दलालों पर भी हुई रिपोर्ट, कई हिरासत में
- एडीजी वारणसी जोन व डीआईजी ने बिहार-उप्र सीमा पर मारा था छापा

अमृत विचार : उप्र-बिहार सीमा पर पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रकों को पार कराने में अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आने पर शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बलिया के पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक को उनके पद से हटा दिया गया है। जबकि सीओ, एसएचओ, चौकी इंचार्ज समेत पूरी चौकी को निलंबित कर दिया है।

सीओ, एसएचओ नरही व चौकी प्रभारी कोरंटाडीह की संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए हैं । कार्रवाई देख कई पुलिस कर्मी मौके से फरार हो गए। थानेदार, चौकी इंचार्ज सहित 16 दलालों समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मियों पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूरे मामले की जांच विजिलेंस को सौंपी गई है।

दरअसल एडीजी वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया को सूचना मिली थी कि बिहार से उप्र. की ओर आ रहे ट्रकों से पुलिसकर्मी और दलाल मिलकर रोजाना वसूली करते हैं। इस सूचना पर एडीजी व डीआईजी वैभव कृष्ण की संयुक्त टीम गुरुवार रात्रि करीब 1.30 बजे बलिया के भरौली तिराहे पर अचानक पहुंची। क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रकों के संबंध में पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रकों से की जा रही वसूली को स्वयं देखा। ट्रक वसूली में लगे रविशंकर यादव, विवेक शर्मा, जितेश चौधरी, वीरेंद्र राय, सोनू सिंह, अजय कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, अरविंद यादव, आनंद कुमार ठाकुर और दिलीप कुमार यादव आदि को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

कई पुलिसकर्मी निलंबित, रिपोर्ट भी दर्ज

थानाध्यक्ष नरही पन्नेलाल, चौकी प्रभारी कोरंटाडीह, राजेश कुमार प्रभाकर, मुख्य आरक्षी हरदयाल सिंह, विष्णु यादव, आरक्षी सतीश गुप्ता, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह एवं 16 दलालों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई है। थानाध्यक्ष पन्नेलाल एवं चौकी प्रभारी राजेश कुमार प्रभाकर के अलावा चंद्रजीत यादव, औरंगजेब खान, परिवंद यादव, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज यादव, ज्ञानचंद्र व धर्मवीर पटेल, उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद, विष्णु यादव, हरदयाल सिंह, दीपक मिश्रा, बलराम सिंह, उदयवीर व प्रशांत सिंह व ओमप्रकाश को निलंबित कर दिया है।

करीब एक हजार ट्रकों से पांच-पांच सौ रुपये वसूली

बक्सर से आने वाले ट्रकों से पूर्व नियोजित बातचीत करके उनके गुजरने का समय, ट्रक नंबर एवं बलिया में इन ट्रकों से प्रवेश करते ही प्रत्येक ट्रक से 500 रुपये वसूले जाते थे। डीआईजी के मुताबिक लगभग एक हजार ट्रक बक्सर से बलिया में प्रवेश करते थे। इस तरह प्रत्येक रात्रि पांच लाख रुपये की उगाही की जाती थी।

विस उप चुनाव के लिए इंडी गठबंधन जल्द तय करेगा सीटें

लखनऊ, अमृत विचार : विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने भी तैयारी तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि जल्द ही गठबंधन के पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें सीटें तय होंगी।

लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में खाली हुई 10 सीटों पर उप चुनाव होना है। इनमें अंबेडकरनगर की कटेहरी, मैनपुरी की करहल सीट, अयोध्या की मिल्कीपुर, मीरापुर, गाजियाबाद, मझावां, खैर, फूलपुर, कानपुर की सीसामऊ व मुरादाबाद की कुंदरकी सीट शामिल है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस इन दस सीटों में से तीन सीटें चाह रही है। फिलहाल सीटों को लेकर अभी खुलासा नहीं किया गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की तर्ज पर उप चुनाव में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।

ट्रेन हादसे का एक यात्री अब भी लापता

गोंडा, अमृत विचार : गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप 18 जुलाई को हुए रेल हादसे के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। ट्रेन में सवार एक यात्री अब भी लापता बताया जा रहा है। गोंडा जिले के तरबगंज की रहने वाली एक महिला ने इस मामले में डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी है। डीएम की संस्तुति पर गुरुवार को रेलवे के अधिकारियों की टीम पिकौरा गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंची और लापता यात्री की तलाश में मौके पर खड़ी बोगियों और आसपास के इलाके को खंगाला।

तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर उदवतनगर निवासी महिला रामा देवी ने डीएम से मिलकर शिकायत दर्ज करायी थी कि उसका बेटा रामधन भी उस दिन चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ पर सवार हुआ था। लेकिन वह अब तक घर नहीं पहुंचा।

सार-संक्षेप

बजट मिला तो बहुरेंगे छात्रावास के दिन

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित छात्रावास और आठ कोचिंग सेंटरों के दिन जल्द बहुर सकते हैं। समाज कल्याण निदेशालय ने इनके जीर्णोद्धार के लिए शासन से दो करोड़ का बजट मांगा हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 230 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बीस हजार से छात्र-छात्राएं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी कर रहे हैं। छात्रावासों का फर्नीचर लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना हो चुका है। छात्रावासों का उच्चीकरण करने के साथ ही इनमें फर्नीचर भी बदले जाने की योजना है। वहीं वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अलीगढ़, आगरा, हापुड़ और लखनऊ (2) में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प की भी जरूरत है। यहां भी फर्नीचर बदलने के साथ ही अन्य काम होने हैं। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रावासों और कोचिंग सेंटरों के कायाकल्प के लिए दो सौ करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। अधिकारियों ने शासन में जाकर बजट दिए जाने के लिए परैवी भी की है। अगर शासन ने बजट की राशि स्वीकृत कर दी तो अगले एक वर्षों में छात्रावास और कोचिंग सेंटरों का कायाकल्प हो जाएगा।

अनुसूचित जाति के छात्र से अभद्रता , रिपोर्ट तलब

लखनऊ,अमृत विचार : गाजियाबाद के ज्ञानस्थली विद्यापीठ के प्रबंधक द्वारा छात्र से जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के मामले को अनुसूचित जाति/जनजानति आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के अध्यक्ष एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से बात कर प्रकरण की जानकारी ली और एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में भेदभाव पूर्ण बर्ताव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कॉलेज के चेयरमैन हरिओम शर्मा पर आरोप लगा है कि उन्होंने बीएड कर रहे अनुसूचित जाति के छात्र से फीस के लिए अभद्रता की। इसका एक ऑडियो वॉयरल हुआ है। पुलिस ने मामले में प्रबंधक हरिओम शर्मा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

सेवा मामलों में जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक जांच के लिए जनहित याचिका के स्वरूप में दाखिल याचिका को खारिज करते हुए कहा कि किसी विशेष कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु अनुशासनात्मक/नियुक्ति प्राधिकारी के खिलाफ निर्देश मांगने के उद्देश्य से जनहित याचिका दाखिल करना उचित नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सेवा मामलों में दाखिल जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं होती है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मेरठ में एक अभ्यासरत अधिवक्ता चमन भारती द्वारा दाखिल जनहित याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी के खिलाफ अवैध और भ्रष्ट कामकाज के लिए तुरंत विभागीय जांच करने तथा सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की गई थी।

इरफान सोलंकी के मामले में सरकार से जवाब-तलब

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की आपराधिक अपील पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को दो सप्ताह के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला के घर पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट, कानपुर ने विधायक सहित पांच लोगों को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने वर्तमान अपील दाखिल की। बता दें कि इरफान सोलंकी फिलहाल महाराजगंज जेल में बंद हैं। सजा के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है। मामले की सुनवाई आगामी 8 अगस्त को सुनिश्चित की गई है।

सेना से रिटायर 20 कर्मियों को मंदिर की व्यवस्था से जोड़ा

अयोध्या कार्यालय

- रामलला के आभूषणों की सुरक्षा में लगे तीन धर्मगुरु

अमृत विचार : राममंदिर के गर्भगृह में रामलला के अंग वस्त्र, उनके आभूषण और अन्य संपत्ति की रखवाली के लिए सेना से सेवानिवृत्त तीन धर्मगुरुओं को तैनात किया गया है। इसके साथ ही में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था देखने के लिए सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने नियुक्त किया है। यह सभी जवान राम मंदिर और यात्री सुविधा केंद्र में अपनी सेवा दे रहे हैं।

राम जन्मभूमि पर भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। 22 जनवरी को भूतल पर विराजमान कराये जाने के बाद रामलला को सोने-चांदी जड़ित वस्त्र और आभूषण धारण कराए गए हैं। इसके साथ ही श्रद्धालु भी महंगे उपहार भेंट कर रहे हैं। इन सब की देखरेख और सुरक्षा के लिए अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश की रक्षा करने वाले सेना से सेवानिवृत्त 20 कर्मचारियों को मंदिर की व्यवस्था में शामिल किया है।

राम मंदिर के पुजारी अशोक उपाध्याय ने गुरुवार को बताया कि भक्तों के द्वारा जो भी सामान चढ़ाया जाता है। चाहे वह पूजन सामग्री हो या सोना-चांदी या फिर अन्य उपहार। इन सबका लेखा-जोखा तैयार करने की जिम्मेदारी भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई है। इसके साथ ही वीवीआईपी दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का कार्य भी सौंपा गया है। राम मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था के लिए भी लगभग 10 रिटायर्ड जवान तैनात किए गए हैं और अन्य जवान यात्री सुविधा केंद्र में लगाए गए हैं।

महंत पर जानलेवा हमले का आरोपी साधु गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : एसटीएफ और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से एक साधुवेशधारी को गिरफ्तार किया है। उसकी मुंबई पुलिस को एक महंत पर जानलेवा हमले के मामले में तलाश थी। महाराष्ट्र के जिला बृहन मुंबई के थाना कुरार गांव स्थित तपोबल मंदिर के महंत माधवदास पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ था। उनका अभी इलाज चल रहा है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि मुंबई पुलिस के उपनिरीक्षक अविनाश नालवड़े ने एसटीएफ से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मदद मांगी थी। गोरखपुर इकाई के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह की टीम ने मुंबई पुलिस के साथ आरोपी सूर्य नरायण दास निवासी छतमा बड़ागांव जिला गाजीपुर को अयोध्या कोतवाली के परमहंस आश्रम के पास से गिरफ्तार किया है।

2.50 करोड़ की ठगी में पूर्व विधायक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी ने फरवरी में दर्ज कराई थी एफआईआर

अमृत विचार : मलिहाबाद के पूर्व विधायक इंदल रावत पर गोमतीनगर थाने में ढाई करोड़ ठगी के मामले में गिरफ्तार कर लिए गए। गरुवार शाम को पुलिस ने उनको पूछताछ के बुलाया था। उनके खिलाफ राज इंफ्रा हाउसिंग प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश पांडेय ने कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई थी। उनके खिलाफ जाली दस्तावेज तैयार करने, फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने और 2.52 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। इसके सारे साक्ष्य कंपनी के एमडी ने उपलब्ध कराए थे।

इंदल रावत।

राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडेय ने पूर्व विधायक पर गंभीर आरोप लगाते हुए फरवरी में एफआईआर दर्ज कराई थी। प्रबंध निदेशक ने आरोप लगाया है कि इंदल रावत ने फर्जी तरह से एक जमीन कंपनी के नाम पर ट्रांसफर की और इसके बदले में 2 करोड़ 52 लख रुपए वसूले। 49 लाख रुपए इंदल रावत को सबसे पहले खाते में दिए गए। दूसरी बार एक करोड़ 48 लाख रुपए अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। वहीं 55 लाख रुपए इंदल रावत को नकद दिए थे। आरोप है कि पूर्व विधायक इंदल रावत ने बेहटा सबौली स्थित एक जमीन फर्जी तरीके से कंपनी के नाम पर बेची दी। वर्ष 2014 में पूर्व विधायक ने कंपनी से संपर्क किया और बताया कि एक जमीन उनके पास है आप इस पर एग्रीमेंट कर 6 मंजिला बिल्डिंग बनाइये। जिसके बाद कंपनी ने पूर्व विधायक के साथ एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट करने के बाद पूर्व विधायक को धनराशि दी गई। इसी बीच कंपनी को पता चला कि यह जमीन विधायक के नाम है ही नहीं। इसके बाद कंपनी ने विधायक से संपर्क कर समस्या बताई तो विधायक ने कहा कि कुछ समस्या के चलते जमीन उनके नाम पर ट्रांसफर नहीं हो पाई है, जल्द दस्तावेजों में सुधार कर लिया जाएगा। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके बाद रुपये वापस मांगे। पूर्व विधायक ने रुपये वापस देने से इनकार कर दिया।

इस मामले में देर शाम को पूर्व विधायक इंदल रावत को पुलिस ने गोमतीनगर थाने बुलाया। जहां करीब दो घंटे तक पूछताछ की गई। देर शाम को पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गर्भावस्था जारी रखने या गर्भपात के निर्णय में पीड़िता की सहमति सर्वोच्च

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- यह एक गंभीर और नाजुक मुद्दा: इलाहाबाद हाईकोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता द्वारा गर्भावस्था जारी रखने या गर्भपात कराने के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि गर्भावस्था को समाप्त करने या न करने का निर्णय किसी और को नहीं बल्कि खुद महिला को लेना चाहिए। यह मुख्य रूप से शारीरिक स्वायत्तता के स्वीकृत विचार पर आधारित है। यहां उसकी सहमति सर्वोच्च है।

यहां तक कि अगर वह गर्भावस्था को समाप्त करने और बच्चे को गोद देने का फैसला करती है तो भी राज्य का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करें कि यह काम यथासंभव निजी तौर पर किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस देश का नागरिक होने के नाते बच्चे को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों से वंचित ना किया जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पीड़िता और उसके माता-पिता को 32 सप्ताह के गर्भ के चिकित्सीय समाप्ति से जुड़े जोखिमों के बारे में परामर्श देने के बाद गर्भावस्था जारी रखने की अनुमति देते हुए पारित किया।

अल्ट्रासोनोग्राफी से गर्भावस्था के उन्नत चरण का पता चलने के बाद याची ने गर्भपात कराने के लिए अनुमति मांगते हुए याचिका दाखिल की थी। दरअसल याची के मामा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच में पाया गया कि पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाए गए थे। इसके बाद आईपीसी और पाक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। कोर्ट ने गर्भावस्था समाप्ति की व्यवहार्यता और सलाह का मूल्यांकन करने के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग, एनेस्थीसिया और रेडियो डायग्नोसिस सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाई, जिसकी रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के उन्नत चरण में गर्भपात से पीड़िता के जीवन को खतरा हो सकता था।

कोर्ट ने माना कि गर्भावस्था को समाप्त करने का विकल्प एक गंभीर और नाजुक मुद्दा है, जिसे देखभाल और मानवीय ढंग से निस्तारित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राज्य उन पीड़ितों के खर्च को वहन करेगा जो जोखिम के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। अंत में कोर्ट ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह गोद लेने की प्रक्रिया को सुगम और त्वरित बनाने के लिए लागू कानून के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करें।

बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन के पत्र पर शुरू हुआ विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने कहा, आयोग को निर्देश नहीं दे सकता कॉरपोरेशन

अमृत विचार : नई बिजली दरों पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग को पत्र लिखे जाने पर गुरुवार को विवाद शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पर सख्त आपत्ति करते हुए कार्रवाई की मांग की।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने अनुसार कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से आयोग को पत्र लिखा गया है, जिसमें नई बिजली दरें शीघ्र घोषित किये जाने की मांग की गई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आयोग बिजली दरें निर्धारण प्रक्रिया में है। इसको लेकर आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक होनी है, इसके बाद आयोग दरें निर्धारित करेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 व मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2019 में स्पष्ट प्रावधान है कि वार्षिक राजस्व आवश्यकता संबंधी याचिका स्वीकार करने के 120 दिन के अंदर जनता व हित धारकों से प्राप्त सुझाव व आपत्तियों को विचार करने के बाद आयोग टैरिफ आदेश जारी करेगा। परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन लाइसेंसी संस्था है, उसे आयोग को दरें घोषित करने सम्बंधी पत्र लिखने का कोई अधिकार नहीं है। केवल सरकार इस पर पत्र लिख सकती है। नियामक आयोग एक अर्ध न्यायिक स्वतंत्र संस्था है। आयोग के साथ इस प्रकार का पत्राचार संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

वर्ग पहेली-142

बाएं से दाएं

2.1.अलक्ष्य, जो दिखायी न पड़े, अदृश्य 2.अगोचर, इंद्रियातीत।

3.1.ऐसी शर्त जिससे किसी काम में बाधा या अड़चन पैदा हो, अड़ंगा, प्रतिबंध, रोक 2.झंझट, झगड़ा, विवाद फ़साद 3.दोष, ऐब।

4.एक प्रसिद्ध नीला खनिज पदार्थ जिसका महीन चूर्ण आंखों में अंजन की तरह लगाते हैं, काजल, अंजन।

5.1.सूर्य 2.बारह आदित्यों में से एक 3.एक वैदिक देवता।

8.1.घर-गृहस्थी का सामान 2.उड़द की दाल 3.मूंग।

9.1.पहुंच 2.बुद्धि आदि से कहीं तक पहुंच सकने की शक्ति।

10.जिसमें कोई गुण न हो, गुणरहित, गुणहीन।

ऊपर से नीचे

1.दबाना, चापना।

2.ईश्वर, भगवान।

4.1.अतिशय सुंदरता, परम शोभा 2.प्राकृतिक सौंदर्य 3.नैसर्गिक शोभा या सुंदरता 4.एक प्रकार का वर्णवृत्त 5.(पुराण) कालचक्र का एक आरा।

6.पशुओं के अगले या पिछले पैर बांधने की रस्सी जिससे वे दौड़ नहीं पाते।

7.राजा।



वर्ग पहेली -141 का हल

1 डि	2 ज़ा	इ	3 न	दा	4 र
■	त	■	ग	■	शी
5 वी	■	6 ना	री	वा	द
7 र	ई	■	क	■	■
सू	■	8 ग	र	री	■
■	9 पा	र	ण	■	10 दि
■	■	चे	■	11 ख़	त

सुडोकू -55

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9					1			
2		1		4			7	
3	7		6			8		
		7	4		8		2	
8		6				1		4
	3		5		9	6		
		8			7		1	3
	4			2		7		8
			8					5

सुडोकू -54 का हल

1	9	7	8	4	3	2	6	5
4	5	6	7	2	9	8	1	3
3	2	8	5	1	6	4	7	9
9	1	4	6	8	5	3	2	7
7	3	5	2	9	4	6	8	1
8	6	2	3	7	1	5	9	4
5	7	3	1	6	8	9	4	2
2	8	9	4	3	7	1	5	6
6	4	1	9	5	2	7	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23 .30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 14 .30 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज माता की सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। आपको स्वार्थी होने से बचना चाहिए। विधिक मामले लंबित हो सकते हैं। कुछ लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं।

वृष — आज व्यापार के नए अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। परिवार का माहौल सुकून भरा होगा। संतान की प्रगति से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में बदलाव का विचार बना सकते हैं। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित रहेगा।

मिथुन — आज भाग्य का भरपूर सहयोग आपको प्राप्त होगा। अपने स्वभाव में विनम्रता का भाव हमेशा रखें। नजदीकी मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में नई गतिविधियों को शुरू करने के लिए उपयुक्त समय है।

कर्क — आज आपकी वाक्शैली के लोग कायल रहेंगे। उच्च शिक्षा के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र को लेकर कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के भी संकेत बन रहे हैं।

सिंह — आज जीवनसाथी की सलाह से आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रतिद्वंदियों पर आप भारी पड़ेंगे। अपनी योग्यता को लेकर अहंकार का भाव न रखें। आप अपने निजी जीवन में दूसरे व्यक्तियों के हस्तक्षेप से नाराज हो सकते हैं।

कन्या — आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। गूढ़ विद्याओं के प्रति आप रुचि लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ने की संभावना बन रही है। अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव कर सकते हैं।

तुला — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। आपको किसी यात्रा में जाना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। पति-पत्नी के मध्य भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। आय के नए मार्ग खुल सकते हैं। पहले की हुई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

वृश्चिक — आज उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति की चर्चा कर सकते हैं। अनावश्यक खर्चों में कमी लाने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। किसी सामाजिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं।

धनु — आज छात्रों का मनोबल बढ़ेगा। व्यवसाय में नया लक्ष्य निर्धारित करने के योग बन रहे हैं। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। बेरोजगार लोगों को अपने भविष्य की चिंता रहेगी। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आकस्मिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी के बजाय गंभीरता से सोच-समझकर ही निर्णय लें। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। भोग-विलास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज विद्यार्थी नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। परिवार के लोगों के कारण थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सहकर्मी पीठ पीछे आपकी चुगली कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव से बचने के लिए आपसी संवाद अच्छा रखें।

मीन — आज आय के नए स्तोत्र विकसित हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होने के कारण आपका वर्चस्व बढ़ेगा। कारोबार में उत्तम लाभ के योग बन रहे हैं। नई नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मि . नटवरलाल — सुबह : 10 .02
कोहराम — रात : 07 .00

&pictures
सूर्या एस 3 — सुबह : 10 .46
इंडियन लॉकडाउन — रात : 08 .00

SONY PIX
द वॉटर हॉर्स — सुबह : 11 .45
300 — शाम : 07 .12

ZEE CINEMA
गदर — दोपहर : 12 .52
स्पाडर — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
गोपीचंद चाणक्य — सुबह : 10 .09
डेंजरस खिलाड़ी 3 — शाम : 05 .27

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

वकील- माई लार्ड, कानून की किताब के पेज नंबर 15 के अनुसार मेरे मुवक्किल को बा-इज्जत बरी किया जाए।
जज- किताब पेश की जाए।
किताब जज के सामने पेश की गई।
जज ने पेज नंबर 15 खोला, उसमें 2000 के पांच नोट थे।
जज ने मुस्कुरा कर कहा- इस तरह के 2 सबूत और पेश किए जाएं।

सब्जी वाला - भैया, मैडम जी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ी हैं क्या?
पति- आश्चर्यचकित होते हुए - हां लेकिन तुम्हें कैसे पता?
सब्जी वाला- क्योंकि मैडम टमाटर नीचे और कद्दू उसके ऊपर रख रही हैं।

एक नजर

ईक्यूटी ने आरबीएल बैंक की अपनी हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल एशिया ने गुरुवार को निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक में अपनी समूची 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1,091 करोड़ में बेच दी। ईक्यूटी प्राइवेट कैपिटल अब आरबीएल बैंक से पूरी तरह अलग हो गई है। उसने अपनी इकाई मेपल-2 बी वी के जरिये हिस्सेदारी बेची। बीएसई पर थोक सौदों के बारे में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मेपल-2 बीवी ने 4,78,40,700 शेयरों की बिक्री की जो आरबीएल बैंक में 7.89 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयरों को 228.08 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव पर बेचा गया।

मुरादाबाद मंडी

दालें :दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 950 फ्लैग- 1050 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-955 फ्लैग- 1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	71,000
चांदी आभूषण	84,500

शेयर बाजार में पांचवें दिन भी गिरावट

धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 109.08 टूटा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से निवेशक अपना रुपया निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने निकासी की है। पिछले कुछ सत्रों की तरह गुरुवार को भी बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 109.08 अंक यानी 0.14% की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 671 अंक तक लुढ़कते हुए 79,477.83 अंक पर आ गया था। लेकिन टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में तेजी ने गिरावट को थाम लिया। एनएसई का निफ्टी भी 7.40 अंक यानी 0.03% गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60% और निफ्टी में 394.75 अंक यानी 1.59% की गिरावट आई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार शुरुआत में अमेरिकी बाजार में गिरावट के असर में रहा लेकिन आखिर तक इसने नुकसान की भरपाई की। इसके पीछ तेल एवं गैस, वाहन शेयरों में लिवाली की भूमिका रही।

एक्सिस बैंक के शेयरों में 5% से अधिक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के तिमाही के नतीजे निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहे। नेस्ले, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। टाटा मोटर्स में 6% की बढ़त रही। लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में रहे।

- पांच सत्रों में सेंसेक्स में 1.60% और निफ्टी 1.59% गिरा

मिडकैप और स्मॉल कैप में भी आई गिरावट

बीएसई मिडकैप में 0.22% और स्मॉलकैप में 0.14% की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अंत में बाजार कमोबेश स्थिर स्तर पर बंद हुए। बजट में खपत को बढ़ावा देने और ऊर्जा बदलाव की दिशा में प्रयासों से इस खंड को लेकर सकारात्मक धारणा देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। एफआईआई ने बुधवार को 5,130.90 करोड़ मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को सुरक्षा मंजूरी मिली

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वालों को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

- आरबीआई से हरी झंडी जल्द मिलने की उम्मीद

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61% हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। केंद्र सरकार की 30.48% और एलआईसी की 30.24% हिस्सेदारी को बेचा जाएगा। जनवरी 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र मिले हैं। गृह मंत्रालय से सुरक्षा और आरबीआई से उचित मानदंडों को पूरा करने की मंजूरी लेनी होगी।

आयकर कानून का मसौदा तैयार करेगा कर विभाग

नई दिल्ली, एजेंसी

संजय मल्होत्रा

- राजस्व सचिव बोले- विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से लेंगे परामर्श

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श लिया जाएगा। यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से जुड़ी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी कर ली जाएगी। इसका मकसद अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट, पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद कम होंगे, जिससे करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

मल्होत्रा ने कहा कि यह कोई नई प्रत्यक्ष कर संहिता नहीं है... यह एक व्यापक समीक्षा है। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभागकी एक आंतरिक समिति की ओर से तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे पहला मसौदा एक आंतरिक दल की ओर से तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

अनचाहे कॉल, संदेशों पर रोक के लिए दें टिप्पणियां

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की आखिरी तारीख बढ़ाकर गुरुवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी।

मंत्रालय ने कहा कि उसे विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां मिले हैं, जिन पर गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये निर्देश कारोबारी संचार से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत हुआ है। अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।

- उपभोक्ता मंत्रालय ने महासंघों, संघों और हितधारकों के अनुरोधों पर तिथि बढ़ाई की आठ अगस्त

भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूतः डिप्टी गवर्नर

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा है कि भारतीय वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत है और अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद दूसरों से अलग है। राव ने कहा कि भारत ने 2024 में जी20 सदस्यों के बीच उच्चतम जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक स्कोर हासिल किया है, जो इस दिशा में अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राव ने कहा कि वैश्विक वित्तीय प्रणाली को विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सार्वजनिक ऋण का उच्चस्तर, परिसंपत्तियों का उच्च मूल्यांकन, आर्थिक एवं वित्तीय विखंडन, भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ते साइबर खतरों से उत्पन्न होने वाले जोखिम शामिल हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि इन वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था एक अलग पहचान रखती है, जो वृहद-आर्थिक बुनियादी बिंदुओं को दर्शाती है। आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, जिसे एक वित्तीय प्रणाली का समर्थन प्राप्त है जो पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई देती है।

सोना 1,000 रुपये टूटा और चांदी 3,500 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट से आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलो रह गया। कारोबारी सत्र में चांदी 87,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। तीन सत्रों में सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो सबसे बड़ी गिरावट है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू में 300 से ज्यादा बंदूक के लाइसेंस बरामद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को जम्मू के सतवारी इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से ज्यादा लाइसेंस बरामद किये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन इमारत से बंदूकों के 300 से अधिक लाइसेंस मिले हैं। इन दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वे फर्जी हैं, समाप्त हो चुके हैं या मान्य दस्तावेज हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

जमानत के लिए विभव कुमार जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में जमानत के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार कुमार ने 19 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी और 24 जुलाई को इसे पंजीकृत किया गया। विभव ने मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं।

अभिनेत्री के विरुद्ध ड्रग्स मामला हो सकता है खत्म

मुंबई। बंबई हाईकोर्ट ने 2016 के ड्रग्स मामले में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को सबूतों की कमी का हवाला देते हुए रद करने का संकेत दिया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने अभी विस्तृत आदेश जारी नहीं किया है लेकिन संकेत दिया है कि अभिनेत्री की याचिका को खारिज करने की अनुमति दी जा सकती है। अभिनेत्री ने दावा किया कि उन्हें ड्रग घोटाले में बलि का बकरा बनाया गया है जिसका पर्दाफाश ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 12 अप्रैल 2016 को किया था और जिसमें 80 लाख रुपये की ड्रग्स जब्त की गई थी।

हरियाणा में चिकित्सकों की हड़ताल, सेवाएं ठप

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी चिकित्सकों ने मांगें पूरी न होने के विरोध में गुरुवार को हड़ताल शुरू कर दी जिससे सरकारी अस्पतालों में सेवाएं ठप रहीं। हरियाणा सिविल चिकित्सा सेवाएं संगठन के नेतृत्व में चिकित्सक हड़ताल कर रहे हैं। यह संगठन राज्य के सरकारी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये चिकित्सक विशेषज्ञ कैडर का गठन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती नहीं, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए बांड राशि कम करने आदि मांग कर रहे हैं।

महाराष्ट्रः बारिश से 15 की मौत, सेना तैनात

मुख्यमंत्री शिंदे ने दिए बचाव कार्य करने निर्देश, उपमुख्यमंत्री पवार ने क्षेत्र का किया दौरा

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में 24 घंटों के दौरान पुणे, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश से हुए हादसों में 15 लोगों की जान चली गई। बचाव अभियान में नागरिक एजेंसियों की सेना मदद कर रही है।

पुणे बाढ़ से डूब गए हैं। बाढ़ में फंसे लोगों की मदद के लिए नावें तैनात हैं और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बचाव कार्य में फायर ब्रिगेड, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगी हैं। पुणे में, भिड़े ब्रिज, होलकर ब्रिज, संगम ब्रिज और गरवारे कॉलेज के पास खिल्लरे कॉम्प्लेक्स, पीएमसी कार्यालय के प्रमुख मार्ग बंद हैं, क्योंकि नदियां उफान पर है। अन्य जगहों पर खंडाला-लोनावाला, पिंपरी-चिंचवाड़, मुलशी, खेड़, भोर, मावल, हवेली, बारामती और अन्य स्थानों के जुड़वां हिल-स्टेशनों के साथ फैशनेबल और लवासा शहर में 24 घंटों में 300 मिमी से अधिक बारिश हुई। वहीं मुंबई में भी बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया है, जिससे यातायात और लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने विद्यालयों के अवकाश घोषित किए।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जरूरत पड़ी तो पुणे में बारिश से प्रभावित लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जाए। उन्होंने पुणे के जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों से बात की है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

महाराष्ट्र के पुणे शहर में भरा बारिश का पानी। ● एजेंसी

कुल्लू में बाढ़ से 4 परिवार बेघर, एनएच-3 बंद

शिमला/मनाली। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से आई बाढ़ में तीन घर बहने और एक क्षतिग्रस्त होने से 4 परिवार बेघर हो गए हैं। मनाली एसडीएम रमन शर्मा ने बताया कि चारों परिवारों को 15-15 हजार की वित्तीय सहायता दी है। बादल फटने से मनाली को लेह से जोड़ने वाले एनएच-3 पर धुंडी और पलचान पुल के बीच के हिस्से को बंद किया गया है।

बिहार विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने नीतीश सरकार में जताया अविश्वास

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा में उस समय हंगामा होने लगा जब विपक्षी सदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सत्तारूढ़ सरकार में अविश्वास व्यक्त करते हुए सदन के बीचों-बीच समानांतर कार्यवाही संचालित करने का प्रयास किया।

एक दिन पहले सदन में महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार तथा राजग सरकार के खिलाफ मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को विपक्षी महिला विधायक काली पट्टी बांधे थीं। विपक्षी सदस्य हंगाम कर रहे थे। अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने प्रश्नकाल चलाने का फैसला किया। उन्होंने फर्नीचर को पलटने की कोशिश कर रहे विपक्षी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि आपके कृत्यों से कोई घायल होता है, तो मैं कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाऊंगा। प्रश्नकाल समाप्त होने तक विपक्षी विधायक सदन में डटे रहे लेकिन बाद में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है और वह सदन से बहिर्गमन कर गये।

विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच शून्यकाल के संचालन के बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही स्थगित कर दी। ऊपरी सदन में भी महिला विधायकों के प्रति मुख्यमंत्री के व्यवहार का मुद्दा विपक्षी सदस्यों ने उठाया, जिससे कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद सभापति अवधेश कुमार सिंह को विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री और मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश कुमार का आरोप है कि विपक्ष की महिला विधायकों को कुछ भी पता नहीं है या वे कुछ भी नहीं समझती हैं।

- समानांतर कार्यवाही के संचालन व फर्नीचर पलटने की कोशिश
- अध्यक्ष ने चेताया- कोई घायल हुआ तो कार्रवाई को होंगे बाध्य

यूपीएससी, एसएसी परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं : जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली। दो वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) की ओर से आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हाल में एनटीए ने पांच मई 2024 को ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में नीट (यूजी) परीक्षा आयोजित की। कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए। मामले को 22 जून को जांच सीबीआई को सौंपा गया था। दो वर्षों में संघ लोक सेवा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान की ओर से आयोजित परीक्षाओं में पेपर लीक की सूचना नहीं है।

मप्रः छात्रों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

गुना, एजेंसी

- निजी स्कूल की प्रधानाचार्य ने इस मामले में मांगी माफी

मध्य प्रदेश के गुना शहर में निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानाचार्य ने इस मामले में माफी मांग ली है।

घटना 15 जुलाई को वंदना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा के दौरान हुई। तीन विद्यार्थियों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया का पाठ किया। आरोप है कि प्रधानाचार्य सिस्टर कैथरीन ने उनसे माइक छीन लिया और कहा कि स्कूल में ऐसे श्लोक बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में घटना का विवरण दिया गया है। दो दिन बाद कथित घटना के बारे में पता चलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्कूल में हंगामा किया जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उनके आग्रह पर सिस्टर कैथरीन वहां पहुंचीं और माफी मांगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह दिन अंग्रेजी में बातचीत के लिए आरक्षित था और इसीलिए विद्यार्थियों को रोका गया। वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और अगर उन्होंने किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है तो उन्हें खेद है।

पुलिस ने बताया कि माफी मांगने के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानाचार्य पर कार्रवाई व उन्हें हटाने की मांग करते रहे तथा वे दो घंटे तक परिसर में रहे और मांग की कि स्कूल में रोजाना श्लोक का पाठ किया जाए।

उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहें जवान : द्विवेदी

श्रीनगर, एजेंसी

- एलओसी पर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा, पद संभालने के बाद पहला कुपवाड़ा के अग्रिम इलाकों का दौरा

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को एलओसी पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात जवानों से उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का आह्वान किया। सेना प्रमुख (सीओएएस) का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों का दौरा किया।

उन्होंने क्षेत्र में हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी सीओएएस ने चिनार कॉर्प्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कमांडरों और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की। उन्हें उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया।

ऑस्कर नामित फिल्म में दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट से फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फिल्म निर्माता निशा पाहुजा और नेटफ्लिक्स पर कार्रवाई का अनुरोध करने वाली उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें कानून का उल्लंघन करते हुए सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की पहचान उजागर करने का आरोप है।

झारखंड के गांव को केंद्र में रख कर बनाई टू किल ए टाइगर एक ऐसे व्यक्ति की पीड़ा बयान करती है जो अपनी 13 वर्षीय बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है। उसकी बेटी का तीन लोगों ने यौन उत्पीड़न किया था। इस साल 96वें अकादमी पुरस्कारों में फिल्म को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामित किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की पीठ ने तुलिर चैरिटेबल ट्रस्ट की याचिका पर केंद्र के साथ एमी पुरस्कार के लिए नामित हो चुकीं फिल्म निर्माता पाहुजा और फिल्म को स्ट्रीम करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने यह देखते हुए इस स्तर पर फिल्म की वर्तमान स्वरूप में स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि यह मार्च से ही यहां जनता के लिए उपलब्ध है।

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 12 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को तीन साल बाद गिरफ्तार किया गया। ईटानगर के एसपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, आरोपी निताई रॉय को 2021 में राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर स्थित लेबर कॉलोनी में नाबालिग से बलात्कार करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ महिला थाने में मामला दर्ज हुआ था।

नीट-यूजी : ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य उप-प्रधानाचार्य व सूत्रधार में साठगांठ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने मामले में अब तक की गई जांच के अनुसार किया खुलासा

राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के सूत्रधार पंकज कुमार ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाधार्य के साथ सांठगांठ कर पांच मई को परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले प्रश्नपत्र हासिल किया और उसे हल कर उन उम्मीदवारों को भेजा जिन्होंने पैसे दिए थे। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक की गई जांच की जानकारी देते हुए बताया कि कुमार ने ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के जिला समन्वयक एहसानुल हक और उप-प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक इम्तियाज आलम के साथ सांठगांठ कर अपराध को अंजाम दिया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई ने बताया कि वह पटना के छात्रावास से बरामद आधे जले कागजों के आधार पर केंद्र की पहचान कर सकती है। नीट यूजी 2024 प्रश्नपत्रों वाले बक्सों को स्कूल में लाया गया और पांच मई की सुबह नियंत्रण कक्ष में रखा गया। प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य ने सूत्रधार को कमरे में जाने की अनुमति दी। परीक्षा की सुबह हजारीबाग में एम्स पटना, रिम्स रांची और भरतपुर के मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के समूह ने प्रश्नपत्र हल किया।

पेरिस ओलंपिक 2024

आज से शुरू होगा पेरिस ओलंपिक, हिस्सा लेंगे 117 खिलाड़ी, पिछले तोक्यो ओलंपिक में भारत ने जीते थे अब तक के सबसे ज्यादा सात पदक

खेलों के महाकुंभ में पदकों की दहाई का लक्ष्य

पेरिस, एजेंसी

मंच सज चुका है और दुनिया भर के खिलाड़ियों की तरह भारत के 117 खिलाड़ी भी शुक्रवार से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जहां उनका लक्ष्य पदकों की संख्या को दोहरे अंक में पहुंचाना होगा।

भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जो उसका ओलंपिक खेलों में अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और भारतीय खिलाड़ी इसमें सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भले ही उन पर इसके लिए अपेक्षाओं का बोझ भी है लेकिन कुश्ती को छोड़कर किसी भी अन्य खेल के खिलाड़ी अपनी तैयारी को लेकर किसी तरह की शिकायत नहीं कर सकते हैं। खिलाड़ियों को चाहे विदेश में अभ्यास करवाना हो या उन्हें सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध करानी हो, किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है और अब परिणाम देना खिलाड़ियों का काम है, लेकिन इस हकीकत से भी मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि तोक्यो ओलंपिक के सात पदकों की संख्या की बराबरी करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि भाला फेंक में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को छोड़कर कोई भी अन्य खिलाड़ी पदक का प्रबल दावेदार नहीं है।

ट्रैक और फील्ड एथलीटों, विशेषकर अविनाश साबले ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अपने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में उनका प्रदर्शन उन्हें पदक के दावेदारों में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं लगता है। स्टीपलचेजर साबले लगातार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर कर रहे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8:09.94 है, लेकिन सात अंतर्राष्ट्रीय धावक हैं जिन्होंने उनसे बेहतर समय निकाला है। ऐसे में उनका फाइनल में पहुंचना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। भारत की पदक की उम्मीदें नीरज तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की फॉर्म में चल रही बैडमिंटन जोड़ी पर टिकी हैं। नीरज भले ही अभी तक 90 मीटर की दूरी तक भाला नहीं फेक पाए हैं लेकिन उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

इससे पहले पहलवान सुशील कुमार (2008 और 2012) तथा सिंधु (2016 और 2021) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। सात्विक और चिराग की जोड़ी जिस तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए वह निश्चित तौर पर पदक की प्रबल दावेदार है। हॉकी में भारत में पिछले ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीत कर 41 वर्ष के लंबे इंतजार को खत्म किया था लेकिन हाल में टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ मुश्किल ग्रुप में रखा गया है। ऐसे में टीम को छोटी गलती भी भारी पड़ सकती है।

निशानेबाजी में भारत के 21 खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिनमें मनु भाकर और सौरभ चौधरी भी शामिल हैं जिन्हें पदक का दावेदार माना जा रहा है। इनके अलावा सिफत कौर समारा (50 मीटर थ्री पोजिशन), संदीप सिंह (10 मीटर एयर राइफल) और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुषों की 50 मीटर राइफल) ने भी निशानेबाजी में पदक का 12 साल का इंतजार खत्म करने का माद्दा दिखाया है। वर्तमान में भारतीय दल के प्रमुख गगन नारंग 2012 लंदन खेलों में 10 मीटर एयर राइफल कांस्य पदक जीतकर पोडियम पर पहुंचने वाले आखिरी भारतीय निशानेबाज थे। कुश्ती में भारत ने पिछले चार ओलंपिक खेलों में पदक जीता है लेकिन इस बार भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण खिलाड़ियों की तैयारी अनुकूल नहीं रही हैं। इसके बावजूद अंशु मलिक, अंतिम पंघाल और अमन सहरावत को भारत का सबसे अच्छा दावेदार माना जा रहा है।

कई स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद तय

भारत के 117 सदस्यों के दल में तीन खेलों एथलेटिक्स (29), निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) के आधे खिलाड़ी शामिल हैं। इन 69 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। अन्य खेलों में भी कमोबेश यही स्थिति है और इस तरह से देखा जाए तो भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों पर होगी। भारतीय दल में हालांकि कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें अपना खेल का स्तर बढ़ाना होगा। इन खिलाड़ियों में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल और हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी शामिल हैं जो निश्चित तौर पर अपना अंतिम ओलंपिक खेल रहे हैं। हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों से पहले फॉर्म बहुत अच्छी नहीं रही जबकि मुक्केबाजों और पहलवानों को प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने का कम मौका मिला। निशानेबाजों ने भी ओलंपिक से पहले मिश्रित परिणाम हासिल किए।

दीपिका को पछाड़ कर अंकिता ने लगाया निशाना

अंकिता व्यक्तिगत में 11वें स्थान पर, महिला टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंची

व्यक्तिगत रिकर्व क्वालीफिकेशन में निशाने को तैयार भजन कौर।

पेरिस, एजेंसी

पदार्पण कर रही तीरंदाज अंकिता भकत ने गुरुवार को अनुभवी दीपिका कुमारी को पीछे छोड़ते हुए पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत रिकर्व क्वालीफिकेशन में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ 11वां स्थान हासिल किया, इससे देश ने चौथे स्थान पर रहकर टीम स्पर्धा में क्वार्टरफाइनल में पहुंचा।

अंकिता (26 साल) 666 अंक से भारतीय महिला तीरंदाजों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर रहीं, उनके बाद भजन कौर 559 अंक से 22वें और दीपिका कुमारी 658 अंक से 23वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन उप विजेता जबकि मेक्सिको तीसरे स्थान पर रहा। टीम तालिका में शीर्ष चार टीम सीधे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं जबकि पांचवें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीम राउंड 16 मुकाबले खेलेंगी। भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।

क्वालीफिकेशन में निशाने लगातीं अंकिता भकत (मध्य में) व अन्य खिलाड़ी।

अगर भारतीय महिला टीम क्वार्टरफाइनल की बाधा पार कर लेती है तो उसे सेमीफाइनल में मजबूत कोरियाई टीम से भिड़ना पड़ सकता है। कोरियाई टीम ओलंपिक में अपराजेय रही है, उसने तीन साल पहले तोक्यो में लगातार नौवां पदक जीता था। व्यक्तिगत वर्ग में कोरिया की लिम सिहयिओन ने 694 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनकी हमवतन सुहियोन नाम 688 अंक से दूसरे स्थन पर रहीं। चीन की यांग जियाओलेई 673 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। दीपिका पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा में नहीं खेलेंगी क्योंकि अंकिता भारतीयों में शीर्ष पर रहीं। अंकिता पुरुष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले तीरंदाज के साथ मिश्रित टीम फाइनल्स में जोड़ी बनाएंगी। पुरुष क्वालीफायर दोपहर के सत्र में शुरू होंगे।

स्पेन ने की जीत से शुरुआत, अर्जेंटीना पहला मैच हारा

मैच के बाद स्पेन के खिलाड़ी।

पेरिस। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर ओलंपिक खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की लेकिन लियोनेल मेस्सी के बिना खेल रहे विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और इसलिए दर्शकों का उन्हें भरपूर समर्थन भी मिला। पेरिस ओलंपिक खेलों का पहला गोल स्पेन के राइट बैक मार्क पबिल ने 29वें मिनट में किया। एल्डोर शोमुरोदोव ने पहले हाफ के आखिर में पेनल्टी के जरिए अपना 41वां अंर्राजष्ट्रीय गोल करके बराबरी की, जिसका उज्बेकिस्तान के प्रशंसकों ने जमकर जश्न मनाया। स्पेन की तरफ से सर्जियो गोमेज ने 62वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इन खेलों में मेस्सी के बिना खेल रहे कोपा अमेरिका चैंपियन अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में मोरक्को से 2-1 से हार झेलनी पड़ी। मोरक्को की तरफ से दोनों गोल स्ट्राइकर सौफियाने रहीमी ने किए। मोरक्को की जीत जब सुनिश्चित लग रही थी तब अर्जेंटीना की तरफ से दूसरे हाथ के इंजरी टाइम मे क्रिस्टियन मदीना ने बराबरी का गोल कर दिया। मोरक्को के प्रशंसक मैदान पर उतर आए जिससे खेल खत्म होने से कुछ समय पहले मैच स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 2 घंटे तक खेल रुका रहा और जब खेल शुरू हुआ तो उससे कुछ देर पहले वीडियो प्रणाली से अर्जेंटीना का गोल ऑफ साइड होने के कारण अमान्य करार दे दिया गया। अन्य मैचों में इजरायल ने कड़ी सुरक्षा के बीच खेले गए मैच में माली को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि मेजबान फ्रांस ने अमेरिका को 3-1 से हराया।

नागल के लिए मुश्किल ड्रा, फ्रांस की जोड़ी से भिड़ेंगे बोपन्ना-बालाजी

पेरिस। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान फ्रांस के मोटेट कोरेंटिन के खिलाफ शुरू करेंगे जिसे वह अप्रैल में हरा चुके हैं और अगर वह पहले दौर का मुकाबला जीत जाते हैं तो उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के छठे नंबर के एलेक्स डि मिनौर से हो सकता है। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल का मोटेट के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी का है। मोटेट एटीपी एकल चार्ट में उनसे 12 पायदान ऊपर हैं। पहले दौर की बाधा पार करने के बाद नागल दूसरे दौर में विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे डि मिनौर से भिड़ सकते हैं। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का सामना फ्रांस के फैबियन रेबॉल और एडोआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी से होगा।

एंडी मरे एकल से हटे, सिर्फ युगल में खेलेंगे

पेरिस। दो बार के ओलंपिक टेनिस स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को पेरिस खेलों की एकल स्पर्धा से हटने का फैसला किया और वह डैन इवांस के साथ केवल युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन के 37 साल के मरे ने कहा कि ये ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने इस महीने विंबलडन की एकल स्पर्धा से भी हटने का फैसला किया था और युगल स्पर्धा में भी अपने बड़े भाई जैमी के साथ एक ही मैच खेला था। मरे ने गुरुवार को कहा मैंने डैन के साथ युगल स्पर्धा पर ध्यान लगाने के लिए एकल से हटने का फैसला किया है। हमारा अभ्यास शानदार रहा है और हम एक दूसरे के साथ अच्छा खेल रहे हैं। मरे के हटने की घोषणा ओलंपिक टेनिस स्पर्धा के ड्रा से कुछ देर पहले ही हुई।

कर्बर ओलंपिक के बाद संन्यास लेंगी

पेरिस। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरूआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेगी। कर्बर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। कर्बर ने 2016 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन जीता है जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थीं। दो साल बाद उन्होंने विंबलडन ग्रैंडस्लैम अपने नाम किया।

हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं: हरमीत

पेरिस। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई का मानना है कि भारतीय पुरुष टीम के पास पेरिस ओलंपिक में किसी भी टीम को हराने का माद्दा है जिससे उसके पास सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका है। पेरिस ओलंपिक शुक्रवार को उद्घाटन समारोह से शुक्रवार को शुरू होंगे। हरमीत ने अल्टीमेट टेबल टेनिस को दिए साक्षात्कार में कहा अगर हम किसी दिन लय में हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास किसी भी टीम को हराने का अच्छा मौका है। हम पहले भी दुनिया की शीर्ष टीम के खिलाफ जीत चुके हैं और इस बार संभव है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



उद्घाटन में हो सकती है बारिश

पेरिस। सीन नदी पर पेरिस ओलपिक के अनूठे उद्घाटन समारोह के दौरान मौसम की गाज गिर सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान जताया है। फ्रांस के मौसम विभाग मेटियो फ्रांस ने शुक्रवार की सुबह बारिश की भविष्यवाणी की है। दोपहर को मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम को बारिश हो सकती है जिस समय उद्घाटन समारोह होना है। बारिश होने पर भी उद्घाटन समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। आम तौर पर खिलाड़ी पारंपरिक रूप से स्टेडियम में मार्च करते हुए प्रवेश करते हैं लेकिन पेरिस ओलंपिक में 10,500 खिलाड़ी 90 से अधिक नावों पर सवार होकर सीन नदी पर छह किलोमीटर की परेड करेंगे। इस दौरान सीन नदी के किनारे सैकड़ों की संख्या में दर्शक उनकी हौसलाअफजाई के लिये मौजूद रहेंगे।

दूसरे दौर में भिड़ सकते हैं जोकोविच और नडाल

पेरिस। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। गुरुवार को जारी किए गए ड्रॉ के अनुसार जोकोविच अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के खिलाफ करेंगे जबकि नडाल का सामना मार्टन फुकसोविक्स से होगा। इन मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से 14 खिताब फ्रेंच ओपन के रूप में जीते हैं। उन्होंने 2008 में बीजिंग में एकल जबकि 2016 में रियो में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ का सामना पहले दौर में लेबनान के खिलाड़ी हैदी हबीब से होगा।

प्रणव सूरमा ने विश्व रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। प्रणव सूरमा ने दृढ़ संकल्प के साथ अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बेंगलुरू में हाल ही में आयोजित ट्रायल में प्रणव ने एफ51 श्रेणी के क्लब थ्रो में 37.23 मीटर थ्रो फेंक यह उपलब्धि हासिल की, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड 36.22 मीटर से एक मीटर से अधिक है।

इस उपलब्धि के बाद प्रणव ने कहा, मई में कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाना निराशाजनक था। मेरे कोच सिंह और मैंने कड़ी मेहनत की। पेरिस जाते समय इस प्रदर्शन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। कोच नवल सिंह ने कहा प्रणव हमेशा से ही मेहनती रहा है, लेकिन कभी-कभी बाहर का शोर खिलाड़ी की एकाग्रता को तोड़ सकता है।

हैट्रिक बनाने को तैयार हैं पीवी सिंधु

पेरिस, एजेंसी

- रियो में रजत और तोक्यो में कांस्य जीतने के बाद स्वर्ण की तैयारियों में जुटीं हैं भारतीय बैडमिंटन स्टार

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु लगातार तीसरे ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर इतिहास रचने के लिए किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़ रही हैं और उन्होंने अपना यह लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले कुछ महीनो में अलग-अलग तरीकों से कड़ा अभ्यास किया है।

सिंधु ने रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। अगर वह पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने में सफल रहती है तो फिर वह पदकों की हैट्रिक पूरी करने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है लेकिन उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने प्रकाश पादुकोण के साथ बिताने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वह लगातार तीसरा पदक जीतने के लिए तैयार है। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा, निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं। जब भी मैं ओलंपिक में भाग लेती हूं तो वह मेरे लिए नया ओलंपिक होता है। इसलिए मैं जब भी ओलंपिक में खेलने के लिए उतरती हूं तो मेरा लक्ष्य पदक जीतना होता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही हैट्रिक पूरी करूंगी।

पेरिस आने से पहले सिंधु ने जर्मनी के सारब्रुकेन में स्पोर्टकैंपस सार में अभ्यास किया जहां की समुद्र तल से ऊंचाई, मौसम और परिस्थितियां फ्रांस की राजधानी के समान हैं। परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए वहां उन्होंने अपने कमरे में एक हाइपोक्सिक चैंबर (कम ऑक्सीजन) बनाया और कुछ दिनों तक वहीं सोईं। हाइपोक्सिक चैंबर खिलाड़ी के शरीर को अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर खेलने के लिए तैयार करने में मदद करते हैं। मेरे पास बहुत अधिक समय नहीं था और इसलिए मैंने सोचा कि कहीं और जाने से बेहतर होगा कि यहीं उस तरह की परिस्थितियां तैयार की जाएं।

महिला एशिया कप

सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार भारत

दाम्बुला। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी जिसमें शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी।

शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं जिससे वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ शेफाली को अच्छी शुरूआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। भारत ने सभी तीनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। यह मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा।

पंत और सैमसन में से एक का चयन कोच गंभीर के लिए बड़ी चुनौती

कोलंबो, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा।छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में भले ही दो स्थान खाली हैं लेकिन फिर भी इन दोनों में से किसी एक को बल्लेबाज के रूप में उतारना भी आसान नहीं होगा। पंत ने टी-20 विश्व कप में 171 रन बनाए जबकि सैमसन को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला जबकि वह टीम का हिस्सा थे।

भारत और श्रीलंका के बीच यह श्रृंखला भारतीय टीम के लिए इसलिए महत्वपूर्ण बन गई है क्योंकि गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला है जबकि टीम के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं। गंभीर के पिछले रिकार्ड को देखते हैं तो यह निश्चित है कि टीम संयोजन में उनकी बात को अधिक तवज्जो दी जाएगी।

चोट के कारण तुषारा टी-20 श्रृंखला से बाहर

पालेकल। श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। श्रीलंका ने तुषारा की जगह एक अन्य तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया है। तुषारा की चोट श्रीलंका के लिए बड़ा झटका है क्योंकि यह तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। उन्होंने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक आठ विकेट लिए थे। उनका इकोनॉमी रेट भी 5.62 था। तुषारा चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर होने वाले श्रीलंका के दूसरे तेज गेंदबाज हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देशभर में पर्व जैसा माहौल, शहीदों को याद कर हुए भावुक

मातृभूमि की रक्षा को अंतिम सांस तक डटे रहे थे जांबाज

यादों के झरोखों से...वर्ष 1999 में टाइगर हिल पर तिरंगा लहराते जवान।

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन का अनुपम बलिदान देने वाले वीर जवानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनकी शहादत को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। कारगिल युद्ध लगभग 50 दिन चला और भारतीय सैनिकों ने सीमित हथियारों के साथ दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। पूरा भारत सेना के साथ एकजुट खड़ा हुआ और पाकिस्तान को अपनी राष्ट्रभक्ति की मिसाल दिखाई। आज भारत में बने युद्ध स्मारकों में ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में बने युद्ध स्मारकों में भी भारतीय जवानों के नाम अंकित हैं। कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को देश के सैन्यकर्मी यादकर भावुक हो गए।



भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की : मलिक

जनरल (सेवानिवृत्त) वीपी मलिक ने कहा कि 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध के बाद से भारत ने रक्षा क्षेत्र में जबरदस्त ताकत हासिल की है। युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे जनरल मलिक ने कहा कि कुछ कमज़ोरियों के कारण ही 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिए सीमा के इस पार घुसपैठ कर पाए थे। हमारे अधिकारियों और जवानों की बहादुरी के बल पर हमने पाकिस्तान के खिलाफ़ कारगिल युद्ध जीता था और पराजय के लिए विवश कर दिया गया।

कारगिल युद्ध के बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा: सीडीएस

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा। युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे।

शहीदों की याद में पूर्व महिला सेना अधिकारी ने 160 किमी दौड़ लगाई

मुंबई। करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर एक पूर्व महिला सेना अधिकारी ने श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) वर्षा राय ने चार दिन के अंदर 160 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए पूरा की। उन्होंने कहा मैंने उन बहादुरों के सम्मान में दौड़ लगाई है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल राय श्रीनगर से द्रास सेक्टर तक दौड़ लगाते हुए करगिल युद्ध स्मारक पहुंची। उन्होंने 19 जुलाई को अपनी यात्रा शुरू की थी और यह 22 जुलाई को समाप्त हुई। उनके साथ चिनार वारियर्स मैराथन टीम भी थी।



मोदी आज जाएंगे कारगिल, विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए विस्फोट करेंगे

प्रधानमंत्री कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। वह लद्दाख में वीडिया कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। इस दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी।

एक नजर

तुर्की में 72 आईएस संदिग्ध पुलिस हिरासत में

तुर्की। यहां की पुलिस ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के संदेह में 72 लोगों को हिरासत में लिया है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर कहा आईएस के खिलाफ एक अभियान में 13 प्रांतों से 72 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

कोलंबिया में फुटबॉल मैदान पर ड्रोन हमले, 10 की मौत

बोगोटा। दक्षिण-पश्चिम कोलंबिया के काउका विभाग में एक फुटबॉल मैदान पर मंगलवार रात हुए ड्रोन हमले में एक नाबालिग सहित 10 लोगों की मौत हो गई। काउका में आर्मी स्पेसिफिक कमांड के प्रमुख जनरल फेडेरिको मेजिया के अनुसार यह हमला अर्गेलिया शहर के एल प्लैटेडो जिले में कोलंबिया विद्रोही समूह के निष्क्रिय हो चुके क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्टों द्वारा किया गया।

सिंगापुर में आतंकवादी हमले का खतरा

सिंगापुर। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से सिंगापुर में संभावित आतंकवादी हमले का खतरा बना हुआ है। सिंगापुर आतंकवाद खतरा आकलन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बाद से आतंकवाद का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, क्षेत्रीय चरमपंथी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर सिंगापुर विरोधी बयानबाजी के भी मामले बढ़े हैं।

गाजा से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद

यरूशलम। इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर से पांच इजरायली बंधकों के शव बरामद किए। सेना ने बताया कि जिन लोगों के शव बरामद किये गये हैं उनका पिछले अक्टूबर में हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था और तब से वे गाजा में कैद थे।

एलएसी पर शांति के बिना संबंध नहीं होंगे सामान्य

आसियान देशों की बैठक में जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री के समक्ष रखी बात

लाओस, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की और बीजिंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों में स्थायित्व लाने और पुनर्बहाली के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तथा पिछले समझौतों का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह जयशंकर और वांग की इस महीने दूसरी मुलाकात थी।

दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में मौजूद दोनों नेताओं ने मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मजबूत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर भी सहमति व्यक्त की। जयशंकर ने यहां आसियान विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान वांग से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया सीपीसी (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना) पोलित ब्यूरो सदस्य और (चीन के) विदेश मंत्री वांग यी से आज वियनतियान में मुलाकात की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा जारी रही। सीमा की स्थिति निश्चित रूप से हमारे संबंधों की स्थिति पर प्रतिबिंबित होगी। भारत का कहना है कि जब तक सीमा क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

आसियान देशों के नेताओं के साथ बैठक करते विदेश मंत्री जयशंकर। एजेंसी

पिछले चार साल से दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध

मई 2020 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच गतिरोध है तथा सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है, हालांकि दोनों पक्ष टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हटे हैं। गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई थी। गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। भारत चीन पर देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों से पीछे हटने का दबाव बनाता रहा है।

बांग्लादेश को ममता की शरण संबंधी टिप्पणी पर आपत्ति, पत्र भेजा

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की कि उसे बांग्लादेश से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें हिंसा प्रभावित लोगों को शरण देने संबंधी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई गई है। विदेश मंत्रालय ने बनर्जी की टिप्पणियों को अस्वीकार करते हुए कहा कि किसी विदेशी देश के साथ संबंधों का मामला केंद्र सरकार का एकमात्र विशेषाधिकार है।

बनर्जी ने कोलकाता में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने संबोधन में हिंसा प्रभावित बांग्लादेश का जिक्र करते हुए कहा था कि वह पड़ोसी देश से संकट में फंसे लोगों के लिए पश्चिम बंगाल के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। बांग्लादेशी मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि ढाका ने राजनयिक माध्यमों से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर अपनी नाराजगी नई दिल्ली को बता दी है।

कुछ सप्ताह पहले शुरू हुई झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। बांग्लादेश में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया था।

मोदी की रूस यात्रा के समय को लेकर अमेरिका निराश

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐसे समय रूस की यात्रा करने को लेकर अमेरिका निराश है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यहां नाटो शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे थे। यह बात अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन सांसदों से कही, जिन्होंने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मोदी ने 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को रूस की आधिकारिक यात्रा की थी। यह यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत के बाद से मोदी की पहली रूस यात्रा थी। भारत ने 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और लगातार बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के समाधान की वकालत की है। दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने यहां संसदीय बैठक में अमेरिकी सांसदों से कहा मैं मोदी की मॉस्को यात्रा के प्रतीकवाद और समय को लेकर हमारी निराशा के बारे में आपसे पूरी तरह सहमत हूं। हम अपने भारतीय मित्रों के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा यदि मैं उस यात्रा के संदर्भ पर कुछ प्रकाश डालूं तो संभव है कि आप कुछ आश्वस्त हों।

- अमेरिकी सांसदों ने भारत-रूस के बढ़ते संबंधों पर चिंता जताई

भारत का दो टूक जवाब रूस से संबंध दीर्घकालिक

नई दिल्ली। भारत ने मोदी की रूस यात्रा और रूस के साथ उसके संबंधों पर अमेरिकी मंत्री डोनाल्ड लू की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत और रूस के संबंध दीर्घकालिक हैं और बहुध्रुवीय विश्व में इसकी सराहना करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि विश्व में सभी देशों को चयन की स्वतंत्रता है। अमेरिकी कांग्रेस में कार्यवाही के दौरान लू ने प्रधानमंत्री के रूस दौरे के समय को लेकर सवाल खड़ा किया और कहा कि भारत सस्ते हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है।

भारत से सभी समुदायों से समान व्यवहार पर बातचीत जारी : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों से समान व्यवहार के महत्व पर भारत के साथ चर्चा की है। कुछ राज्यों के ढाबा, होटल मालिकों को अपने भोजनालयों में नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाताओं से कहा हमने ऐसी खबरें देखी हैं।

हमने उन खबरों को भी देखा है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 22 जुलाई को उन निर्देशों के कार्यान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। मिलर ने कहा इसलिए वे (निर्देश) वास्तव में अब प्रभावी नहीं हैं। सामान्य तौर पर, जैसा कि हम हमेशा कहते हैं, दुनिया में कहीं भी सभी धर्म और विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और सम्मान देने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा हमने सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के लिए समान व्यवहार के महत्व पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की है।

कनाडा खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ करे कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया मुद्दा

भारतीय नेताओं और राजनयिकों को धमकी देने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करने को लेकर भारत ने कनाडा की आलोचना की। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को ऑनलाइन धमकी देने वाले दो लोगों के खिलाफ वहां के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई किये जाने के कुछ दिन बाद, भारत ने यह टिप्पणी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा जब कोई लोकतंत्र कानून के शासन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लागू करने के लिए अलग-अलग मानदंड अपनाता है, तो यह केवल उसके अपने दोहरे मापदंड को ही उजागर करता है।

बार-बार हो रही हिंसा

जायसवाल ने कहा हम चाहते हैं कि हमारे खिलाफ दी जाने वाली धमकियों पर भी कानून के तहत कड़ी कार्रवाई हो। कनाडा के एडमोंटन में एक मंदिर में तोड़फोड़ की खबरों पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस मामले को ओटावा के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया है।

दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

काठमांडू। नेपाल में एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। दुर्घटना में एक बच्चे सहित 18 लोग मारे गए थे। सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जा रहा बॉम्बार्डियर सीआरजे-200' विमान बुधवार को त्रिभुवन अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। घटना में विमान में सवार 18 लोगों की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया।

कॉकपिट अलग होने से बच गया था पायलट : दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष हैं जो विमान में आग लगने से पहले कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए।

लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडेन का राष्ट्र के नाम संबोधन, चुनावी मैदान से हटने के कारण बताए

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव की दौड से हटने के बाद व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस से राष्ट्र के नाम संबोधन में चुनाव से चार महीने से भी कम का समय रहने के बीच मैदान से हटने के कारण के बारे में बताया। बाइडेन ने बुधवार रात को 11 मिनट के प्राइम-टाइम भाषण में कहा हमारे लोकतंत्र को बचाने के रास्ते में कोई बाधा नहीं आ सकती। इसमें व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा भी शामिल है। राष्ट्रपति ने 27 जून को बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनकी उम्र और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं, जिसके कारण 30 से अधिक डेमोक्रेटिक सांसदों ने सार्वजनिक रूप से उनसे पद छोड़ने का आग्रह किया। बाइडेन ने कहा इसलिए मैंने निर्णय किया है कि आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि मशाल को नयी पीढ़ी के हाथों सौंप दिया जाये। यह हमारे राष्ट्र को एकजुट करने का सबसे अच्छा तरीका है। अमेरिकी अब जो निर्णय लेते हैं, वे आने वाले दशकों के लिए राष्ट्र और दुनिया का भाग्य निर्धारित करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने डेमोक्रेट्स से रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हराने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। हैरिस ने बहुत जल्दी ही डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं का समर्थन हासिल कर लिया।

कमला हैरिस शासन करने के योग्य नहीं : डोनाल्ड ट्रंप

- चुनावी रैली को संबोधित करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर किया तीखा हमला

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस देश में शासन करने के योग्य नहीं हैं। हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार अपनी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी पर यह तीखा हमला किया। राष्ट्रपति जो बाइडेन (81) ने बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ से अपना नाम वापस लिए जाने के बाद कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन किया था। हैरिस (59) अब संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैं और अगस्त में ''डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्हें आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की सबसे उदार निर्वाचित राजनीतिज्ञ हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह बर्नी सैंडर्स से भी ज़्यादा उदार हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने आरोप लगाया अगर वह कभी सत्ता में आईं तो वह इस देश को बहुत तेज़ी से नष्ट कर देंगी।

बॉलीवुड हलचल

बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती हैं सोनम

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर फिर से बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती है। सोनम कपूर ने वर्ष 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ शादी की और वर्ष 2022 में मां बनी। सोनम कपूर लंबे अरसे से फिल्मों से दूर है।सोनम कपूर ने बताया है कि वह जल्द ही फिल्मों में कमबैक करने वाली हैं। सोनम कपूर ने बताया, मैं फिर से एक्टिंग शुरू करने वाली हूं, चाहे लोग मुझे चाहें या ना चाहें। सोनम ने बताया कि उन्हें अब भी जो रोल ऑफर हो रहे हैं वो 20 साल की उम्र वाले किरदार हैं। सोनम कपूर ने अपनी कजिन सिस्टर्स जान्हवी कपूर और खुशी कपूर का उदाहरण देते हुए कहा, मैं जान्हवी या खुशी जितनी यंग नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए बहुत खुश हूं कि लोग मुझे एक ऐसे इंसान के रूप में देखते हैं जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है। भले ही मेरा एक बच्चा हो।

श्रद्धा ने की तमन्ना की तारीफ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने तमन्ना भाटिया की तारीफ करते हुये कहा है कि उन्होंने इतनी हसीन स्त्री, कभी नहीं देखी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।इस फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया नजर आ रही है। आज की रात गाने की रिलीज के बाद से तमन्ना भाटिया सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। तमन्ना भाटिया ने स्त्री 2 के इवेंट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जहां फैंस ने जमकर उनकी तारीफ की।

लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करेंगे अजय देवगन

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन, फिल्मकार लव रंजन की एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अजय देवगन ने लव रंजन की सुपरहिट फिल्म दे दे प्यार दे में काम किया है। अजय इन दिनों लव रंजन फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम कर रहे है। अजय देवगन एक और फिल्म में लव रंजन के साथ काम करने जा रहे हैं।यह एक हाई बजट एक्शन फिल्म होगी। कहा जा रहा है कि इस एक्शन फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं।

खगोल विज्ञान नई जानकारी को वैज्ञानिकों ने वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी का नाम दिया

शुक्र के वातावरण में तैर रही अम्लीय बादल की दीवार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शुक्र ग्रह के वातावरण में एक नए बदलाव की जानकारी आई है। वैज्ञानिकों ने इसे वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी यानी शुक्र बादल विच्छेदन नाम दिया है। यह अम्लीय बादलों का बड़ा जखीरा है, जो ऊंची दीवार के रूप मे शुक्र के वातावरण से गुजर रही है।

इटली के एमेच्योर वैज्ञानिक लुइगी मोरोन ने पिछले सप्ताह इसका पता लगाया है। वीनस क्लाउड डिसकंटीनिटी अपेक्षाकृत नई तरह की अलग खोज है। जिसके संकेत 2016 में जापान के वीनस ऑर्बिटर अकात्सुकी से मिल गए थे। बादलों का यह विशाल जखीरा शुक्र के भूमध्य रेखा को लंबवत रूप से काटती हुई जा रही है, जो लगभग 5000 मील तक फैली हुई है। यह लगभग 200 मील प्रति घंटे की गति से शुक्र की परिक्रमा कर रही है। यह वायुमंडलीय व्यवधान शुक्र पर मौसम के संदर्भ में नई घटना है। किसी अन्य ग्रह पर इस तरह की घटना अभी तक नही देखी गई है। बहरहाल शुक्र के इस विचित्र बदलाव के कारण का अभी पता नही चल पाया है। ज्ञातब्य हो शुक्र का वातावरण वायुमंडल बेहद घना है। माना जाता है कि वह पृथ्वी के वायुमंडल से लगभग 90 गुना अधिक विशाल है। इसके वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस 96 फीसद है। नाइट्रोजन की मात्र सिर्फ 3 प्रतिशत है। सल्फ्यूरिक एसिड बादलों की एक मोटी परत इसके वातावरण में तैरती है। शुक्र का रंग पीला नजर आता है।

कुछ तरह का है शुक्र ग्रह का वातावरण का काल्पनिक चित्र।

क्यों बदल गया वातावरण

शुक्र ग्रह का वातावरण कैसे बदल गया ? यह ऐसा प्रश्न है, जिसका उत्तर आज तक नही मिल सका है। अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड के साए में घिरे शुक्र का पारा निरंतर बढ़ रहा है। माना जाता है कि कभी पृथ्वी के समान शुक्र की जलवायु हुआ करती थी। सागर व नदिया बहा करती थी। मगर ऐसा क्या हुआ, हो जो सब गायब हो गया और एसिड की बारिश इसके ऊपरी वातावरण में होने लगी।

प्राचीन काल में ही हो गई थी शुक्र ग्रह की पहचान

नैनीताल। शुक्र ग्रह चन्द्रमा के बाद आकाश मे हमारा सबसे निकटतम पड़ोसी है। आसमान मे सबसे ज्यादा चमकने वाला ग्रह भी। रोमन लोग इसे वीनस, यूनानी कुप्रोस जिसका लैटिन रूप सिप्रिस जिसका अर्थ है शुक्र कहते थे। वहीं ऋग्वेद मे वेन शब्द को आकाश की चमकीली ज्योति कहा गया है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मत था कि वेन, वीनस, कुप्रिस और शुक्र शब्द एक ही अर्थ के घोतक हैं। चार हजार वर्ष पूर्व जब यूनानियों और भारतीय आर्यो के पूर्वज एक स्थान पर रहते थे, तब वे शुक्र को पहचानकर इसका नामकरण कर चुके थे।